e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 182
शुक्रवार
05.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

अगर स्वयं में विश्वास करने के बारे में अधिक विस्तार से पढ़ाया और अभ्यास कराया गया होता, तो मुझे यकीन है कि बुराइयों और दुःख का एक बहुत बड़ा हिस्सा गायब हो गया होता।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## समस्त झारखण्ड एवं समस्त देशवासियों को



# हूल जोहार

## सत्यमेव जयते!

प्रिय झारखण्डवासियों,

आपके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए हम आभारी हैं।
आपके भरोसे पर खरा उतरने का निरंतर प्रयास पूर्व की भांति जारी रहेगा। हम पुन: एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं,
एक ऐसा युग जहाँ विकास और समावेशिता साथ साथ चलेंगे।



**श्री हेमंत सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR NO-328706 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# लोस चुनाव के सभी बूथ टॉपर्स को भाजपा करेगी सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी के सभागार में गुरुवार को भाजपा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी और संचालन जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया.बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भाजपा संगठन संसदीय चुनाव में पार्टी के सभी बूथ टॉपर्स को सम्मानित करेगा। विश्रामपुर विधानसभा के सभी बूथ विजेता अध्यक्ष के लिए यह सम्मान समारोह आगामी नौ अगस्त को आरसीआईटी सभागार में ही होगा। इस सम्मान समारोह में सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी सहित पार्टी संगठन के जिला और मंडल स्तर के अधिकांश पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। समारोह के आयोजन प्रभारी सुनील पासवान ने नौ जुलाई को आयोजित कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी.बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विमर्श हुआ.जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने आगामी 20 जुलाई को रांची में केंद्रीय गृह मंत्री के आगमन तथा इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के अलावा राज्यभर से पार्टी संगठन के 25 हजार से अधिक पदाधिकारियों के महाजुटान कार्यक्रम में अधिकाधिक भाग लेने और इसे सफल बनाने का अपील कार्यक्रताओं से किया.बैठक में सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, ग्रामीण अध्यक्ष डा अमरेश तिवारी, पांडू अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह, उटारी रोड अध्यक्ष सुशील ठाकुर, नावाबाजार अध्यक्ष महादेव यादव, मनोरंजन गुप्ता, राधेश्याम विश्वकर्मा, उपेंद्र तिवारी, संतोष राम के अलावा विश्रामपुर मझीआव विस क्षेत्र के गढ़वा जिला के भाग मंडल अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, मनोज विश्वकर्मा, संजय यादव, पवन कुमार गुप्ता, उमाशंकर यादव सहित विश्रामपुर विस क्षेत्र के सभी मंडलों के अध्यक्ष मौजूद थे।

# विधायक भानु ने 10+2 विद्यालय का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** विधायक भानु प्रताप शाही ने गुरुवार को परती पंचायत के छाताकुंड 10+2 विद्यालय का उद्घाटन विद्युत पूजा अर्चना के पश्चात फीता काटकर किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक भानु ने कहा कि इस प्रखंड के सोनतिरिया इलाके में उत्तर प्रदेश के बॉर्डर से से लेकर कांडी तक एक भी इंटर कॉलेज नहीं था जो आज मेरा अथक प्रयास से छाताकुंड गाँव में कॉलेज देखने को मिला है। इसे इतिहास के पन्नों में दर्ज किया जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया मुन्नी देवी, थाना प्रभारी रोशन कुमार रवानी, सुरेंद्र प्रसाद, भगत दयानंद यादव, रविंद्र सोनी, जमायत अंसारी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## श्रमिको का निबंधन के लिए समय निर्धारित

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सगमा प्रखंड कार्यालय सगमा द्वारा निर्गत उपायुक्त कार्यालय गढ़वा के पत्रांक 261, 28 जून24 के आलोक में श्रम विभाग द्वारा संचालित झारखंड भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के द्वारा प्रखण्ड के सभी पंचायत सचिवालय में चार जुलाई से आठ जुलाई तक शिविर के माध्यम से मनरेगा मजदूरों सहित निर्माण श्रमिको का निबंधन किया जाना है। जिसे प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में पंचायत भवन में संचालित सीएससी संचालक के सहयोग से शिविर आयोजित कर बोर्ड की योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए श्रमिको का निबंधन एवम लाभ का आवेदन प्राप्त किया जाएगा। इसके लिए सगमा प्रखण्ड में पंचायत शिविर आयोजित किया जाएगा। जो दिन के दस बजे से चार बजे तक शिविर का समय निर्धारित किया गया है। इसके तहत चार जुलाई को पंचायत सचिवालय कटहर कला, पांच जुलाई पंचायत सचिवालय सगमा, छह जुलाई पंचायत सचिवालय सोनडीहा, सात जुलाई पंचायत सचिवालय बीरबल तथा आठ जुलाई को पंचायत सचिवालय घघरी में शिविर आयोजित किया जाएगा ।निबंधन में श्रमिक अपने साथ आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड की छाया प्रति पासपोर्ट साइज फोटो बैंक खाता की छाया प्रति मनरेगा मजदूर प्रमाण पत्र की छाया प्रति मोबाइल नंबर एवम नामिनी का आधार कार्ड की छाया प्रति बैंक खाता की छाया प्रति लाना अनिवार्य है।

## दिव्यांग जांच सह उपकरण वितरण शिविर का आयोजन



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर बीआरसी परिसर में दिब्यांग बच्चों का जांच सह उपकरण वितरण शिविर लगाया गया। शिविर में पूर्व से चयनित 22 बच्चों को दिब्यांगता उपकरण वितरित किया गया। इसके अलावा 27 नए बच्चों को दिब्यांगता उपकरण हेतु चयनित किया गया। जिनको जनवरी 2025 में उपकरण दिया जायेगा। मौके पर जिला समावेशी प्रभारी राजीव चौबे, बीपीओ मणि कुमार पांडेय, समावेशी शिक्षक श्याम सुन्दर वर्मा, प्रशांत कुमार चौबे, एलिको भुनेश्वर की पूरी टीम सहित कई लोग मौजूद थे।

## समाज में सुधार लाने के लिए है मेरा भोजपुरी एलबम : अंकुश राजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा :** भोजपुरी गायक अभिनेता अंकुश राजा ने बाबा बागेश्वर धाम मध्य प्रदेश जाने क्रम में छतरपुर में प्रेस वार्ता किया। उन्होंने कहा कि भोजपुरी में आज के दौर में जो संगीत हो गया है यह काफी समाज में सुधारने की जरूरत है। जिसके लिए गायक से लेकर दर्शकों को भी ध्यान देने की जरूरत है। वही अंकुश राजा ने कहा कि आज तक हमारे द्वारा करीम 200 एल्बम गया गया है। मगर सभी एल्बम समाज सुधारने के लिए ही किया गया है। हमारा द्वारा यह प्रयास रहता है कि जो भी संगीत बाजार में आए हुए समाज के प्रति अच्छा लें। अंकुश राजा ने कहा कि हाल ही में अंकुश राजा के द्वारा झारखंड के रांची पलामू नेतरहाट हजारीबाग इलाकों में फिल्म के शूटिंग किया जाएगा। आज जो हम लोग विदेश में जाकर फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं वह झारखंड बिहार में भी किया जा सकता है। बस यहां की सरकार की ध्यान देने की जरूरत है। जल्दी अंकुश राजा के द्वारा कई फिल्म की शूटिंग झारखंड के इन जगहों पर होने वाली है। जिसका मूल्यांकन किया जा चुका है। वही अंकुश राजा ने देवघर पर भी जल्द ही फिल्म शूटिंग एल्बम लेकर मार्केट में आ रहे हैं। अंकुश राजा ने बताया कि आज झारखंड के लोग संगीत की दुनिया में काफीबढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और मेरी फिल्म शूटिंग में यहां के छोटे-मोटे कलाकार का भी जगह दिया जाएगा। अंकुश राजा के हाल ही में जय मां ताराचंडी का फिल्म आ चुका है जो मार्केट में सुपर डुपर रहा। अंकुश राजा ने हाल ही में हाल ही में डोली सिंदूर जैसे कई एल्बम सामाजिक एल्बम गा चुके हैं जो कई मिलियन जा चुका है। इस मौके पर मुन्ना पाठक अरुण सवेरा कैलेंडर जी अंकुश राजा के पिताजी लखन बाबा दया दुबे अनुज यादव नेताजी सहित कई लोग मौजूद थे।

# महिला को सांप ने काटकर किया घायल, स्थिति गंभीर, परिजन सांप को लेकर पहुंचे अस्पताल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के उटारी थाना क्षेत्र के निवासी कमलेश यादव की पत्नी विमला देवी उम्र 40 वर्ष को खेत में मूंग काटने के क्रम में चिता बरवर नामक सांप ने काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल में इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।वहीं घायल के परिजनों ने चिता बरवर सांप को पकड़ कर अपने साथ अस्पताल लेकर पहुंचे गए। सांप को देखने के लिए अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## बिजली करंट की चपेट में आकर 18 वर्षीय युवती घायल, स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना क्षेत्र के बेलवाटीकर निवाशी सुशील कुमार की पुत्री इशा कुमारी उम्र 18 वर्ष गुरुवार की शाम बिजली करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि गुरुवार की शाम इशा कुमारी बर्तन धो रही थी। इसी बीच बिजली करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर घायल के अन्य परिजन अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में इशा का इलाज करवा रहे है।

## झारखंड सरकार दलित समाज की कर रहा उपेक्षा : विजय रविदास



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर जिला पार्षद सह युवा भाजपा नेता विजय रविदास ने कहा कि झारखंड सरकार दलितों के साथ अन्याय कर रही है। दलितों की उपेक्षा राज्य सरकार को आगामी विस चुनाव में महंगा पड़ेगा। श्री रविदास गुरुवार को विश्रामपुर मे आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे.उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल में एक भी दलित समाज का मंत्री नही है। इस सरकार ने अनुसूचित जाति आयोग को निष्क्रिय रखा। किसी को भी आयोग का अध्यक्ष तक नहीं बनाया गया। अभी पलामू जिला में चौकीदार की बहाली का विज्ञापन निकाला गया है, जिसमे दलित समाज के लिए एक भी पद आरक्षित नही किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर झारखंड सरकार ने दलितों के साथ अन्याय करना बंद नही किया तो राज्य स्तर व्यापक आंदोलन छेड़ा जायेगा।

## उपायुक्त ने की जिला नियोजन कार्यालय के कार्यों की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला नियोजन कार्यालय के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा निजी प्रतिष्ठानों में 75 प्रतिशत स्थानीय मानव बल का आरक्षण,पोर्टल में कार्यरत युवक-युवतियों के स्थानीयता से संबंधित दस्तावेज अपलोड करने, नियमित रूप से रिक्तियों की जानकारी लोगों को दिये जाने संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई व आवश्यक निदेश जिला नियोजन पदाधिकारी को दिये गये। आज की बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, आईटीआई कुजरा, महिला आईटीआई लोहरदगा और कुडू आईटीआई के प्रभारी प्राचार्य उपस्थित थे।

## जपला मुख्य डाकघर में शोक सभा अयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** जपला मुख्यडाकघर के डाक सहायक भोला प्रसाद (45 वर्ष) का निधन आरा अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। इनके निधन पर मुख्य डाकघर में एक शोक सभा का आयोजन कर शोक संवेदना व्यक्त किया गया। मौके पर अरविंद ओझा ने बताया कि भोला जी जी डी एस की परीक्षा पास कर एक वर्ष पूर्व ही जपला में डाक सहायक पद पर योगदान दिया था। तीन माह से वे किडनी की समस्या से ग्रसित होकर इलाज करा रहे थे। उनके निधन की खबर से पूरा डाक परिवार मर्माहत है। उनके निधन पर अभिषेक प्रभाकर, पपू कुमार संतोष टुड्डु, मुन्ना पाठक, श्रवण कुमार, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, कैलाश मेहता, ज्योति कुमार, सोमनाथ, अभिषेक कुमार व भगवान राम सहित सभी डाककर्मी व अभिकर्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

## हाथरस कांड में मृतक के परिजनों को 25-25 लाख मुआवजा व सरकारी नौकरी दें : जितेंद्र भारती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** उत्तरप्रदेश के हाथरस जिले मे सत्संग के दौरान हुई घटना का मुखिया संघ के उपाध्यक्ष सह राजद नेता श्री जितेंद्र कुमार भारती ने कड़े शब्दों मे योगी सरकार की सरकार की घोर निंदा करते हुए मृतक परिजनों की 25 -25 लाख रुपये मुआवजे के साथ आश्रित परिजनों के सरकारी नौकरी देनें की मांग योगी सरकार से किया है। उन्होंने ने कहा है कि सत्संग के दौरान भगदड़ मचने से करीब 120 लोगों को मौत हुई है। जो काफी हृदयविधारक घटना है, असुविधा होने के कारण इतनी बड़ी हादसा हुआ है। वहीं सरकार मृतक परिजनों की मात्र 2 -2 लाख रुपये देनें की घोषणा कर प्रलोभन दे रही है। मृतक के परिजनों की उचित मुआवजा मिलाना चाहिए। साथ ही साथ नारायण साकार हरि उर्फ़ भोले बाबा पर प्राथमिकी दर्ज कर जल्द गिरफ्तारी होनी चाहिए।

## धनमानी पिपरा के विद्यार्थियों ने किया इको क्लब का निर्माण




**पिपरा,पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड के प्रोजेक्ट धनमानी प्लस टू विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि कुमार यादव ने बताया कि विद्यालय में इको क्लब के गठन के साथ-साथ सदन का निर्माण भी कराया गया है. इको क्लब के गठन का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर कार्बन उत्सर्जन को कम करना एवं जलवायु के प्रति विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाना है. इको क्लब के तहत पांच सदन बनाए गए हैं जिनके नाम पृथ्वी जल वायु आकाश एवं अग्नि होंगे। इको क्लब केंद्र सरकार द्वारा विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से लागू की गयी योजना है. इस अवसर पर दर्जनों फलदार एवं फूल के पौधे लगाए गए. विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया जल प्रदूषण के रोकथाम के लिए भी विद्यार्थियों से चर्चा की गई. इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक भी उपस्थित थे।

# चैनपुर में किया गया मुखिया संघ का गठन, अध्यक्ष बनाए गए अरविंद तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड अंचल मुख्यालय स्थित वन कार्यालय परिसर के गेस्टहाउस मे अंचल क्षेत्र के सभी सत्रह पंचायत के मुखिया ने गुरुवार को सर्वसम्मति से पंचायत खुरा कला के मुखिया निर्मला देवी की अध्यक्षता मे बैठक किया गया। बैठक मे मुख्य रूप से मुखिया संघ का गठन किया गया जिसमे सभी सत्रह पंचायत के मुखिया पूर्वडीहा के पप्लू दूबे, बूढ़ीवीर पंचायत के अरविंद तिवारी, अवसाने पंचायत के जितेंद्र यादव,बोड़ी पंचायत के मुस्ताफा मियां, बसरिया कला पंचायत के नीतीश सिंह, खुरा कला पंचायत के निर्मला देवी, महुगांवा पंचायत के धनवंती देवी, बांसडीह पंचायत के लालबहादुर भुईयां, सेमरा पंचायत के बसंत राम, बंदूआ पंचायत के दीनानाथ मांझी, तलैया बभंडी पंचायत के नेहा प्रवीण, झरिवा पंचायत के बबिता देवी, नेउरा पंचायत के जमीला बीबी, कंकारी पंचायत के कुसुम देवी,भड़गांवा पंचायत के सुनीता देवी,चांदो पंचायत के नीता सिंह, मझिगवां पंचायत के अनीता देवी सहित सभी सत्रह पंचायत के मुखिया को मुखिया संघ का सदस्य मनोनीत किया गया। इसके बाद मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष के लिए सभी ने सर्वसम्मति से बूढ़ीवीर पंचायत के मुखिया अरविंद तिवारी को संघ का अध्यक्ष चुन लिया वहीं मुखिया संघ बसरिया कला मुखिया को महासचिव नीतीश सिंह को बनाया गया इनके अलावा सर्वसम्मति से खुरा कला पंचायत के मुखिया निर्मला देवी को मुखिया संघ का कोषाध्यक्ष बनाया गया है वहीं सर्वसम्मति से मुखिया संघ का दो उपाध्यक्ष बोड़ी पंचायत के मुखिया मुस्ताफा मियां और सेमरा पंचायत के मुखिया बसंत राम को बनाया गया। वहीं संघ का अध्यक्ष मुखिया अरविंद तिवारी को बनाए जाने के बाद सभी ने मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष अरविंद तिवारी को बारी-बारी से फुल का माला गले मे पहनाकर उनका स्वागत भी किया।इस दौरान मुखिया संघ के अध्यक्ष ने कहा की चैनपुर प्रखंड के सभी सत्रह पंचायत के मुखिया ने उन्हें संघ का अध्यक्ष बनाकर बहुत बड़ी जिम्मेवारी सौंपा है, उन्होंने कहा की वह संघ के अध्यक्ष पद पर बने रहने के दौरान सभी पंचायत के मुखिया के सर्वसम्मति से ही किसी भी प्रकार का वह निर्णय लेंगे तथा किसी भी स्थिति और परिस्थिति के दौरान वह तटस्थ रहेंगे।

# खड़ारपर के ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया एक किलोमीटर सड़क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद,पलामू :** प्रखंड के पतराखुर्द पंचायत के ग्राम खड़ारपर व तरवाडीह के ग्रामीणों ने श्रम दान कर एक किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य शुरु किया। खड़ारपर से तरवाडीह जाने के लिए सड़क नहीं है।सड़क निर्माण कार्य की अगुवाई कर रहे समाजसेवी मनदीप राम ने बताया की आजादी के 70 साल बाद भी हमलोग सड़क जैसी महत्वपूर्ण सुविधा के लाभ से वंचित हैं।खड़ारपर से लेकर तरवाडीह तक जाने के लिए लोगों को एक किलोमीटर तक सड़क नहीं है। जिससे इस गांव के करीब 50 घर के ग्रामीणों को पगड़ंडियों से होकर गुजरना पड़ता है।खासकर बरसात के दिनों में भीषण परेशानी उठानी पड़ती है।आगे उन्होंने बताया की हम सभी ग्रामीणों ने मिलकर कई बार जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन को भी अवगत कराया लेकिन किसी ने भी सुधी नहीं लिया।सभी जगह से हार कर हम सभी ग्रामीणों ने अपने दम पर सड़क बनाने का फैसला लिया।सड़क निर्माण में कई ग्रमीणों ने अपना रैयति जमीन दान दिया। श्रम दान कर रहें महिला ग्रामीणों ने बताया की सड़क नहीं रहने के करण हमलोगों को मेन रोड हॉस्पिटल या स्कूल जाने के लिए काफी कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। बरसात के समय में बीमार व्यक्ति को चरपाई पर ले जाना पड़ता है। बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। मौके पर शिक्षक रमेश राम ने बताया की तरवाडीह में लगभग 25 वर्षो से विद्यालय चल रहा है इसमें लगभग पांच सौ बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। पर विधालय आने जाने का रास्ता नहीं है। हमने कई बार जिला के वरीय पदाधिकारीयों व जनप्रतिनिधियों को सूचना व लिखित आवेदन दिया है।लेकिन अभी किसी जनप्रतिनिधि व जिला प्रशासन ने पहल नहीं किया। इन ग्रामीणों की मदद से खड़ारपर तरवाडीह गांव को मिली सड़क कामता राम, रामचंद्र राम रामपति राम, डोमन राम, महेश राम, इतवारू राम, कामेश्वर राम, अरबिंद राम, रछेया राम, चंदन राम, गणेश राम, विजय राम, विंदेश्वर राम, मुनिया देवी, आशा देवी, राजपति देवी, सुगिया देवी, शिला देवी, ममता देवी, रंजू देवी, राधा देवी, वृजदेव राम, मिना देवी साहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
वर्ष 11, अंक 182
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
शुक्रवार
05.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
अगर स्वयं में विश्वास करने के बारे में अधिक विस्तार से पढ़ाया और अभ्यास कराया गया होता, तो मुझे यकीन है कि बुराइयों और दु:ख का एक बहुत बड़ा हिस्सा गायब हो गया होता।

ताजा खबरों के लिए देखें

## 13वें मुख्यमंत्री के रुप में हेमंत सोरेन ने ली शपथ, वीडियो संदेश में कहा
# झारखंड झुकेगा नहीं

**जारी वीडियो संदेश में कहा कि जब आपने हमें सेवा करने का मौका दिया, तो हम अनवरत आपके दरवाजे तक पहुंचने की कोशिश की लेकिन इन लोगों ने एड़ी-चोटी का जोर लगाकर हमारे कदमों को कुछ देर के लिए रोक दिया।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची :** हेमंत सोरेन ने 13वें मुख्यमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ ग्रहण की. उन्हें राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सीएम पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई.राजभवन में हेमंत सोरेन की ताजपोशी के दौरान उनकी माता रुपी सोरेन, पिता और जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन, चंपाई सोरेन सहित इंडिया गठबंधन के कई नेता शामिल हुए।मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन मोरहाबादी स्थित सिद्धू कान्हू पार्क पहुंचे जहां उन्होंने वीर शहीद सिद्धू कान्हू को पुष्पार्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, जेएमएम नेता विनोद पांडे, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित जेएमएम के कार्यकर्ता मौजूद रहें। हेमंत सोरेन ने शपथ ग्रहण के बाद जारी वीडियो संदेश में कहा कि जब आपने हमें सेवा करने का मौका दिया, तो हम अनवरत आपके दरवाजे तक पहुंचने की कोशिश की लेकिन इन लोगों ने एड़ी-चोटी का जोर लगाकर हमारे कदमों को कुछ देर के लिए रोक दिया। हम फिर आपके बीच आ रहे हैं। आपका हक-अधिकार आप तक पहुंचाने का मेरा प्रयास रहेगा।मेरा हर एक निर्णय यहां के मूलवासी-आदिवासियों, दबे-कुचले, शोषित-पिछड़े वर्गों के लिए होगा।हेमंत ने कहा कि शपथ ग्रहण के बाद हमलोग की जो रुकी हुई गाड़ी थी, उसको और गति के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। गांव-गांव तक हम सबलोग पहुंचेंगे। सरकार के विकास कार्यों को रफ्तार दिया जाएगा। अंत में उन्होंने कहा कि झारखंड रुकेगा नहीं, झारखंड झुकेगा नहीं।

## राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को दिलायी पद व गोपनीयता की शपथ

### भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

राजभवन में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन ने गुरुवार को रांची के बिरसा चौक में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके बाद वे सीधे प्रोजेक्ट भवन पहुंचे और पदभार ग्रहण किया। सचिवालय में झारखंड सचिवालय सेवा संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। साथ ही संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। राज्य के विकास के लिए पूर्ण समर्थन की प्रतिबद्धता व्यक्त की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी सभी का धन्यवाद करते हुए राज्य के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया।

### शपथ ग्रहण समारोह में इनकी रही उपस्थिति

हेमंत सोरेन के शपथ समारोह में पिता और जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन, चंपाई सोरेन, माता रुपी सोरेन, पूर्व सीएम चंपाई सोरेन,पूर्व मंत्री बेबी देवी, बादल पत्रलेख, महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता, पूर्व श्रम और उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक इरफान अंसारी, सांसद सरफराज, स्टीफन मरांडी, सांसद महुआ माजी, सांसद सुखदेव भगत सहित कई नेता और डीजीपी शामिल हुए।



**सचिवालय पहुंचने पर पदाधिकारियों ने सीएम का स्वागत किया और बधाई दी**

### झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र आठ जुलाई को, विश्वास मत हासिल करेंगे सीएम

हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही सोमवार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। शपथ ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। बैठक में आठ जुलाई को पंचम झारखंड विधानसभा को निम्न औपबंधिक कार्यक्रमानुसार आहूत करने की स्वीकृति दी गई। आठ जुलाई को झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 139 के अधीन मुख्यमंत्री द्वारा मंत्रिपरिषद में विश्वास के प्रस्ताव का उपस्थापन, वाद-विवाद एवं मतदान होगा।

### मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव बने अविनाश कुमार

आईएएस अविनाश कुमार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक तथा राजभाषा विभाग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार उर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित अविनाश कुमार को मुख्यमंत्री का अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।इसके अलावा कुमार पर झारखंड के विकास आयुक्त, झारखंड उर्जा विकास निगम के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक और झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं नई दिल्ली के झारखंड भवन के मुख्य स्थानिक आयुक्त का भी अतिरिक्त प्रभार है। वह 1993 बेंच के आईएएस अधिकारी है।

**अविनाश 1993 बेंच के आईएएस अधिकारी है।**



## हाथरस भगदड़ मामले में छह लोग गिरफ्तार

**लखनऊ :** हाथरस भगदड़ मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अब तक इस घटना में आयोजन समिति से जुड़े छह सेवादारों को गिरफ्तार किया गया। वहीं इस घटना के मुख्य आयोजक-मुख्य सेवादार की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। गिरफ्तार लोगों में उपेंद्र, मंजू यादव, मुकेश कुमार शामिल हैं। घटना पर अलीगढ़ के आईजी शलभ माथुर ने कहा कि जोन स्तर पर सभी जिलों में एसओजी की टीमों को आरोपियों के चिह्नीकरण व गिरफ्तारी के लिए लगाया गया है। साथ ही मौके से मिले साक्ष्यों को विवेचना का हिस्सा बनाया जा रहा है। गिरफ्तार लोगों ने बताया है कि बाबा के चरण रज लेने से काफी कष्ट दूर हो जाते हैं। गिरफ्तार लोगों ने बताया कि सेवादार के रूप में कार्य करते हैं, समिति के अध्यक्ष व सदस्य हैं। विवेचना में अगर बाबा का नाम आता है तो उस बिंदु पर कारवाई होगी। जरूरत पड़ने पर बाबा से पूछताछ की जाएगी।आईजी ने बताया कि मृतकों की संख्या 121 है। सभी शवों की पहचान हो गई है और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी हो गई है। आईजी शलभ माथुर ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा-105, 110, 126(2), 223 और 238 के अंतर्गत मामला दर्ज़ किया गया है।मुख्य आरोपी मधुकर पर एक लाख का इनाम घोषित किया गया है।

# क्विक न्यूज

### सीईओ ने सभी एईआरओ के साथ की समीक्षा बैठक

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत राज्य में चल रहे कार्यो के संदर्भ में सभी एईआरओ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुवार को समीक्षा बैठक की। उन्होंने इस अवसर पर केंद्रीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम में किये जाने वाले कार्यो से संबंधित पीपीटी के माध्यम से पदाधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया।

### सुप्रीम कोर्ट में बिहार में गिर रहे पुल मामले में दायर हुआ याचिका

**नई दिल्ली :** बिहार में लगातार पुल गिरने की बढ़ती घटनाओं का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई याचिका में बिहार में मौजूदा और हाल के वर्षो में हुए छोटे-बड़े पुलों के सरकारी निर्माण का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने का आदेश देने की मांग की गई है। यह याचिका वकील बृजेश सिंह ने दायर की है। याचिका में कमजोर संरचनाओं को ध्वस्त करने या पुनर्निर्मित करने का निर्देश देने की भी मांग की गई हैद्य याचिका में कहा गया है कि बिहार में पुलों की सुरक्षा के लिए समिति जैसे स्थायी निकाय का गठन किया जाए। याचिका में पिछले दो सालों में दो बड़े पुलों और छोटे और मंझोले कई निर्माणाधीन पुल या बनने के फौरन बाद गिरने, ढहने और बह जाने की पिछले दो सालों की घटनाओं का जिक्र किया गया है।याचिका में कहा गया है कि बिहार बाढ़ प्रभावित राज्य है। यहां 68,800 वर्ग किलोमीटर यानी राज्य का 73.6 फीसदी भू-भाग भीषण बाढ़ की चपेट में आता है। इसका निराकरण किया जाना चाहिए।

### राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री से टेलीफोन पर की द्विपक्षीय चर्चा

**नई दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से संबंधित कई मुद्दों की समीक्षा की गई, जिसमें इंडो-पैसिफिक में दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया। रक्षा मंत्री ने कहा,हम भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं।ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री के पास उप प्रधानमंत्री का भी पद है। टेलीफोनिक बातचीत में दोनों मंत्रियों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत रक्षा सहयोग में परिवर्तनकारी प्रगति का उल्लेख किया। वार्ता के दौरान पिछली भारत-ऑस्ट्रेलिया 2 प्लस 2 मंत्रिस्तरीय वार्ता के बाद से संबंधों में आई गति की सराहना की गई। इस द्विपक्षीय बैठक में दोनों मंत्रियों ने नवंबर, 2023 में भाग लिया था।

### उपराष्ट्रपति 6 जुलाई से केरल के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 6 और 7 जुलाई को केरल के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने गुरुवार को एक बयान जारी कर बताया कि अपनी यात्रा के पहले दिन उपराष्ट्रपति धनखड़ भारतीय अंतरिक्ष, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी) के 12वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत भाषण देंगे और मेधावी छात्रों को संस्थान का उत्कृष्टता पदक प्रदान करेंगे। अगले दिन, उपराष्ट्रपति कोल्लम और अष्टमुडी बैकवाटर का दौरा करेंगे।

### 50 हजार का इनामी नेपाली शराब तस्कर गिरफ्तार

**गाजियाबाद :** थाना इन्दिरापुरम पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट मे वाँछित 50 हजार -रुपये का इनामी शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। वह मूल रूप से नेपाल का रहने वाला है।एसीपी स्वतंत्र कुमार ने बताया कि थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम द्वारा थाना इन्दिरापुरम पर गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोग मे वाँछित शेर बहादुर को गिरफ्तार किया है।वह निवासी 31 मॉडल टाउन ईठमरना थाना कावडी फाटक पानीपत हरियाणा(मूल निवासी ग्राम वानेदोगरी सेन डोटी थाना वानेदोगरी तिलताली डोटी जिला वनलेक, नेपाल) का निवासी है, उसे पुलिस लाइन पलवल हरियाणा के पास वाली रोड से गिरफ्तार किया गया।आरोपित अपने अन्य गैंग के साथियों के साथ मिलकर अपने आर्थिक लाभ हेतु अवैध शराब व मादक पदार्थों की तस्करी करके व जघन्य अपराध करके अवैध धन अर्जित करता था।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38⁰ |
| न्युनतम | 27⁰ |

## अग्निवीर को लेकर कांग्रेस ने बोला सरकार पर हमला



**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने गुरुवार को आरोप लगाया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में शहीद अग्निवीरों के परिवारों को मुआवजे के मुद्दे पर झूठ बोला है और इसके लिए माफी की मांग की. कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के सैनिक विभाग के चेयरमैन रिटायर्ड कर्नल रोहित चौधरी और विंग कमांडर अनुमा आचार्य (रिटायर्ड) ने ये आरोप लगाये. उन्होंने कहा कि संसद में अग्नवीर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गलत और आधी-अधूरी जानकारी दी है. 13 अग्निवीर जो शहीद हुए हैं और जो अग्निवीर सेवारत है. यह उनका मामला है. उन्होंने कहा कि यह देश की सुरक्षा का मामला है, लेकिन देश की सुरक्षा को ही दांव पर इस सरकार ने लगा दिया है और गलत बयान दिये जा रहे हैं.उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह ने कहा था कि अग्निवीर के शहीद जवानों को एक करोड़ दिया जाता है, लेकिन ये अधूरा सच है. उन्होंने ये नहीं बताया कि अग्निवीर के शहीदों को एक करोड़ और रेगुलर को 2 करोड़ से अधिक मिलते हैं.उन्होंनें कहा कि अग्निवीर को 48 लाख इंश्योरेंस मिलता है और जबकि रेगुलर शहीद सैनिक को 75 लाख मिलता है. राजनाथ सिंह ने ये नहीं बताया है. हम भेदभाव के खिलाफ हैं. उन्होंने कहा स्थिति बहुत भयावह होने वाली है. अगले दस साल में हमारी सेना केवल 8 लाख रह जाएगी और उसमें 6 लाख अग्निवीर होंगे और रेगुलर केवल 2 लाख होंगे. देश की सुरक्षा दांव पर लगाई जा रही है.बता दें कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया था कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में शहीद अग्निवीरों के परिवारों को मुआवजे के मुद्दे पर झूठ बोला था.

### पीएम नरेंद्र मोदी से टीम इंडिया ने की मुलाकात
## रोहित-द्रविड़ ने प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में सौंपा टी20 विश्व कप

**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतकर बारबाडोस से स्वदेश पहुंच गई है. भारतीय टीम का गुरुवार को सुबह 6 बजे दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर स्वागत हुआ.इसके बाद टीम इंडिया दिल्ली के आईटीसी मौर्य होटल पहुंची. वहां से टीम इंडिया के खिलाड़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचे. टीम इंडिया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात का वीडियो सामने आया गया है.इस डेढ़ मिनट के वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी टीम इंडिया के सदस्यों से बात करते हुए दिख रहे हैं. प्रधानमंत्री मोदी से टीम इंडिया के सभी सदस्य लोक कल्याण मार्ग पहुंचे थे. इस दौरान टीम इंडिया को चैम्पियन बनाने वाले कप्तान रोहित शर्मा और हेड कोच राहुल द्रविड़ ने प्रधानमंत्री को



टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी उनके हाथों में थमा दी दी. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव से बात करते हुए नजर आए. इस दौरान एक मौका ऐसा भी आया, जब खिलाड़ी पीएम मोदी की किसी बात को सुनकर ठहाके लगाने लगे.
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद भारतीय क्रिकेट टीम 7 लोक कल्याण मार्ग से रवाना हुई. 29 जून को बारबाडोस में टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टीम इंडिया आज सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची थी.
टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम ने इतिहास रचते हुए दूसरी बार इस फॉर्मेट का खिताब अपने किया. फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत ने 7 रनों से जीत दर्ज की. इससे पहले भारतीय टीम 2007 टी20 वर्ल्ड कप जीत चुकी है. वहीं वनडे में 1983 और 2011 वर्ल्ड कप जीता है. इस बार वर्ल्ड कप जीतने के बाद विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने टी20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट ले लिया.

## नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने की कार्रवाई, मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**धनबाद :** धनबाद में नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है. सूत्रों के हवाले से मिली खबर के अनुसार नीट यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई टीम ने रविंद्र उर्फ अमन सिंह को गिरफ्तार किया है. अमन सिंह पेपर लीक का मुख्य साजिशकर्ता बताया जा रहा है.दरअसल, देवघर और हजारीबाग के बाद अब नीट पेपर लीक के तार धनबाद से जुड़ गए हैं. सीबीआई ने धनबाद में छापेमारी की है. दिल्ली से पहुंची सीबीआई टीम ने धनबाद के हाउसिंग



कॉलोनी निवासी रविंद्र उर्फ अमन को गिरफ्तार किया है.जानकारी के अनुसार सीबीआई की टीम ने आरोपी अमन सिंह को धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र के कार्मिक नगर स्थित बापू नगर के बिंदु अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया है. फिलहाल सीबीआई अमन से पूछताछ की जा रही है. बता दें कि झारखंड में हुए नीट पेपर लीक मामले में लगातार कई खुलासे हो रहे हैं. पुलिस ने देवघर में छापेमारी कर प्रश्न पत्र बरामद किए थे.
जो हजारीबाग के ओएसिस स्कूल सेंटर से हुबहू पाए गए. जिसके बाद सीबीआई टीम ने हजारीबाग में कार्रवाई की. कई दिनों तक ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल से पूछताछ की. जिसके बाद टीम ने प्रिंसिपल को गिरफ्तार कर लिया. इस मामले में अब तक कुल चार लोगों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है.

### राहुल गांधी आज जाएंगे हाथरस

**नई दिल्ली (एजेंसी):** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार सुबह हाथरस जाएंगे. वे हाथरस में पीड़ितों के परिजनों से मिलेंगे. सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस नेता सड़क मार्ग के जरिए रवाना होंगे. हाथरस में इस सप्ताह की शुरुआत में एक धार्मिक आयोजन में भगदड़ मचने से 121 लोगों की जान चली गई. मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं. इस घटना में स्वयंभू भगवान भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था.

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

## महान शिक्षाविदों के विचारों पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज के शिक्षा संकाय



द्वारा महान शिक्षाविदों के विचारों पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग से डॉ. शिबानुर रहमान मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। डॉ. रहमान ने विचार और विचारधारा के अंतर के बारे में बताया। उन्होंने सेमिनार कांफ्रेंस और वर्कशॉप के बीच के सूक्ष्म अंतर को भी समझाया। डॉ. सुचेता भुइयां ने मुख्य अतिथि और कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रियाज को पुष्पगुच्छ देकर कार्यक्रम की शुरुआत की। वरिष्ठ प्राध्यापिका और सेमिनार की को- कन्वेनर डॉक्टर परवीन उस्मानी ने संगोष्ठी का संक्षिप्त परिचय दिया। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ शीतल पांडे द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र का समापन प्रो सुबुही रहमान के वोट ऑफ थैंक्स द्वारा हुआ। मॉडरेटर प्रो. स्नेहा चौधरी थीं। अध्यक्ष डॉ. परवीन उस्मानी और प्रो. रितु राज तिग्गा थी। दस विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन भाषण डॉ. रंभा कुमारी ने दिया। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. नुसरत बेगम थीं। कार्यक्रम का समापन प्रो. अनिल कुमार यादव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## कुचाई के आत्मा भवन में 50 किसानों के बीच हाइब्रिड धान का किया वितरण

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड के आत्मा भवन में



गुरुवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निःशुल्क 50 किसानों के बीच प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी, बीस सुत्री अध्यक्ष राम सोय, विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा, बीएओ लिबुनश हेंब्रम व बीटीएम राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से हाइब्रिड धान बीज का वितरण किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की योजना चल रही है। ताकि किसान अपनी खेती कर उन्नत किसान बन सके।

## सामाजिक संस्था अस्तित्व ने लगाए दर्जनों पौधे

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक संस्था अस्तित्व के सदस्यों



द्वारा पर्यावरण जागरूकता संदेश कार्यक्रम के अंतर्गत गम्हरिया के सुधा डेयरी के समीप स्थित सनराइज एनक्लेव सोसाइटी परिसर में गुरुवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान सोसायटी के योगा शिक्षक नवल किशोर प्रसाद और मोना प्रसाद के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक फलदार व छायादार पेड़ लगाए गए।चाहरदीवारी के किनारे- किनारे सभी सदस्यों ने एक-एक पौधा लगाया। इस मौके पर सामाजिक संस्था अस्तित्व की संस्थापक सदस्य मीरा तिवारी ने कहा कि संस्था द्वारा लोगो में यह संदेश दिया गया कि एक व्यक्ति एक पौधा लगाएं तो हमारी आने वाली पीढ़ी को अनेक कठिनाइयों से बचाया जा सकता है। इससे ग्लोबल वार्मिंग और पानी की कमी को दूर किया जा सकता है और वातावरण को शुद्ध व स्वच्छ बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम जागरूक होंगे तो हमारे बच्चे भी पेड़ लगाने के प्रति प्रोत्साहित होंगे। इस मौके पर मंजू चतुर्वेदी, नीलम यादव, ममता सिंह, सीमा पाठक, अंजली मजूमदार, रंजना सिंह, विनोद कुमार समेत सोसाइटी के कई लोग उपस्थित थे।

## पेड़ गिरने से दिघी में बिजली आपूर्ति बाधित, विभाग ने की त्वरित कार्रवाई

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के दिघी गांव में बुधवार की रात बिजली पोल पर एक पेड़ गिरने से पोल टूट गया था। जिसके चलते बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। विभाग की त्वरित कार्रवाई से गुरुवार की शाम तक क्षतिग्रस्त पोल को बदलकर नया पोल लगवाया गया। इसके बाद बिजली आपूर्ति शुरू हुई। विभाग के लाईन मैन मोहम्मद महमूद ने बताया कि पोल पर पेड़ गिरने की सूचना मिलते ही विभागीय अधिकारियों के दिशा निर्देश पर गुरुवार की सुबह से ही काम पर लगे हुए थे जिसे बदल दिया गया। उन्होंने बताया कि पोल क्षतिग्रस्त होने से कई गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी।

## साउथ प्वाइंट स्कूल में मनाया गया पर्यावरण दिवस

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साउथ प्वाइंट स्कूल पटमदा में वन



महोत्सव सप्ताह मनाया गया। इस मौके पर स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने माइम शो के माध्यम से जीवन में पेड़ों का महत्व बताया तथा वन संरक्षण का संदेश दिया। सब दुखों की तरु परिहारी, मंगल करण अ मंगल हारी, पर छात्राओं ने नृत्य की प्रस्तुति से पेड़ों की पीड़ा को अभिव्यक्त किया तथा वन संरक्षण का महत्व बताया। इसके साथ ही विधालय के चेयरमैन शिव प्रकाश शर्मा, वन विभाग के पदाधिकारी समित कुमार पाठक, श्रीमती डालिया भट्टाचार्य (कोल्हान प्रभारी गायत्री परिवार), जम्मू वाले बाबा जी, अरविंद( अध्यक्ष शिशु मंदिर बागबेड़ा), रंजय कुमार प्राचार्य (शिशु मंदिर बागबेड़ा) आदि ने संयुक्त रूप से स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम के तहत स्कूल के प्रांगण में पौधे लगाए तथा उनकी सुरक्षा व देखभाल का संकल्प भी लिया।

# उपायुक्त ने की आईटीडीए एवं कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा

### डीबीटी से वंचित 3211 छात्रों को 7 दिनों के अंदर छात्रवृत्ति का भुगतान करने का दिया आदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आईटीडीए एवं कल्याण विभागीय योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। पीडी आईडीटीए दीपांकर चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र गुप्ता समेत अन्य संबंधित बैठक में मौजूद रहे। प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, साईकिल वितरण, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, बिरसा आवास योजना, वन पट्टा वितरण, कब्रिस्तान, जाहेरस्थान घेराबंदी, छात्रावास निर्माण समेत अन्य विभागीय योजनाओं में अधतन प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं 2022-23 के प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 1-8) के 1,23,293 लाभुक छात्र हैं जिनमें लगभग



2400 बच्चों को उनके बैंक खाता में त्रुटि के कारण राशि डीबीटी नहीं हो सकी, वहीं कक्षा 9 से 10 में 25546 लाभुक छात्रों में से 811 छात्रों को छात्रवृत्ति राशि नहीं मिल सकी। जिला शिक्षा पदाधिकारी को 7 दिनों में एलडीएम, बीईईओ, प्राचार्य से समन्वय बनाकर अपडेटेट बैंक खाता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि शेष सभी छात्रों को छात्रवृत्ति राशि डीबीटी किया जा सके। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल लक्ष्य 1,40,504 छात्रों को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति देने के विरूद्ध 1,31,910 को भुगतान किया गया है, शेष छात्रों को 15 जुलाई तक अनिवार्य रूप से छात्रवृत्ति भुगतान का निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति राशि का भुगतान 30 जुलाई तक 2799 छात्रों को किया जाएगा। सरकारी स्कूल के बच्चों को विद्यालय आवागमन के लिए राज्य सरकार के द्वारा साईकिल वितरण किया जाता है। समीक्षा में 17214 के लक्ष्य के विरूद्ध 904 छात्रों को साइकिल वितरण की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रखंडों में साईकल फिटर की संख्या बढ़ायें और जल्द से जल्द कैम्प मोड में सभी बच्चों के बीच जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में साईकिल वितरण सुनिश्चित करें । राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी बिरसा आवास योजना में 193 के स्वीकृति के विरूद्ध 171 निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, शेष 22 लाभुकों का जल्द से जल्द आवास निर्माण पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि लाभुक जल्द से जल्द आवास निर्माण पूर्ण कर नए घर में शिफ्ट हों इसके लिए संबंधित पदाधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर आवास निर्माण पूर्ण करायें। जनवरी 2020 से जून 2024 तक जिला स्तर पर 1176 व्यक्तिगत तथा 40 सामुदायिक वन पट्टा वितरण की स्वीकृति दी गई जिनमें लाभुकों को 602 हेक्टेयर रकवा जमीन उपलब्ध कराया गया है। सामुदायिक वन पट्टा के ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने हेतु निर्देशित किया गया ताकि एक समूह को लाभ मिल सके जिससे पूरे समुदाय के उत्थान में सहायक हो सके। कब्रिस्तान, जाहेरस्थान, सरना, मसना, हड़गड़ी का संरक्षण एवं विकास योजना के लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निदेश स्पेशल डिविजन एवं एनआरईपी के कार्यपालक अभियंता को दिया गया। 50 शैय्या मल्टीपर्पस छात्रावास निर्माण हेतु सभी अंचल अधिकारी को 2 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में लाभुक अंशदान जमा कराते हुए ब्यॉलर व लेयर कुक्कुट, बकरा, सुकर वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व के वित्तीय वर्ष में लाभुक अंशदान जमा नहीं होने के कारण वितरण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जा सकी। वित्तीय वर्ष 2021-21 में 660, 2022-23 में 141 तथा 2023-24 में 463 आवेदकों का इस्क्रो एकाउंट खुलवाना है, वैसे पंचायत जहां लाभुक बड़ी संख्या में हैं वहां पंचायत स्तर पर ही कैंप मोड में एकाउंट खुलवाने का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन में 290 आवेदकों को द्वितीय किश्त की राशि निर्गत करने हेतु प्रखंडों को आवेदन भेजा गया है, अभी तक 239 आवेदन प्रखंडों से अप्राप्त हैं, सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को यथाशीघ्र लाभुकों का जांच करते हुए जिला कल्याण कार्यालय को आवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया ताकि द्वितीय किश्त की राशि का भुगतान किया जा सके।

## साकची में फिर से खुला रेलवे टिकट रिजर्वेशन काउंटर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची में आज रेलवे का रिजर्वेशन काउंटर फिर से खोला गया। बता दें कि कई वर्षो पहले रेलवे रिजर्वेशन काउंटर बंद हो चुका था और यात्रियों को कई तरह की परेशानी भी करनी पड़ती थी। टिकट लेने के लिए उन्हें टाटानगर स्टेशन जाना पड़ता था जो कि अब जमशेदपुर के लोगों को साकची में ही फिर से मिलने लगेगा। टिकट काउंटर सुबह 8ः00 बजे से लेकर रात के 9ः00 बजे तक खुला रहेगा। आज इसका उद्घाटन झारखंड के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिष के द्वारा किया गया।

## जोनल आईजी अखिलेश झा ने जमशेदपुर में क्राइम कंट्रोल को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुवार को जोनल आईजी अखिलेश झा जमशेदपुर पहुंचे जहां उन्होंने जिले के तमाम पुलिस पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक की। इससे पूर्व गार्ड ऑफ ऑनर के साथ पुलिस मुख्यालय मे उनका स्वागत किया गया। बैठक में जिले के एसएसपी समेत तमाम वरीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान रैश ड्राइविंग और सड़क दुर्घटनाओं को कैसे रोका जाये, इसपर मुख्य रूप से चर्चा की गई, साथ ही बेहतर क्राइम कंट्रोल को लेकर भी कई दिशा निर्देश ज़ोनल आईजी के द्वारा दिया गया। बातचीत के क्रम मे उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं मे होने वाली मौतों के वास्तविक कारणों की जानकारी एक टीम के द्वारा इक्कठी की जाएगी, जिसपर आगे काम किया जायेगा, साथ ही कहा कि जिले मे पुलिसिंग लगातार बेहतर हो रही है।

## महीनों पूर्व मरम्मत की जा चुकी बेलटांड़-जोड़सा मुख्य सड़क हुई जर्जर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा व बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र में पिछले दो दिनों से रुक- रुक कर हो रही मानसून की बारिश से एक ओर जहां किसानों को बड़ी राहत मिली है वहीं पटमदा व बोड़ाम क्षेत्र की कई सड़कों में बारिश का पानी सड़क पर जमा हो जाने से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें खासकर दो पहिया वाहन चालकों व साइकिल सवारों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। महीनों पहले मरम्मत की गई बेलटांड़ - जोड़सा मुख्य सड़क में कई जगहों पर जर्जर होकर पानी जमने से सड़क तालाब में तब्दील हो गई है। जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध में जोड़सा गांव के वार्ड सदस्य देवेंद्र कुंभकार ने बताया कि बेलटांड़ - जोड़सा मुख्य सड़क मरम्मत में ठेकेदार द्वारा काफी अनियमितता बरती गई थी। इसलिए कम समय में ही गिट्टी उखड़कर सड़क जर्जर हो चुकी है। सड़क जर्जर होने के कारण आये दिन बाइक सवार दुर्घटना का शिकार भी होते रहते हैं।

## भाजपा नेता विमल बैठा ने बोड़ाम बीडीओ से की अनियमित विद्युतापूर्ति में सुधार की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** भाजपा के अनूसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विमल बैठा के नेतृत्व में गुरुवार को बोड़ाम प्रखंड के दर्जनों ग्रामीणों ने बीडीओ के नाम उनके प्रधान सहायक को ज्ञापन सौंपा। विमल ने बताया कि क्षेत्र में अनियमित विद्युतापूर्ति से ग्रामीण काफी नाराज हैं और इससे खासकर बच्चों की पढ़ाई काफी प्रभावित हो रही है। बोड़ाम क्षेत्र के लगभग सभी गांवों में रोजाना 6 से 7 घंटे तक बिजली गुल रहती है। अभी बरसात के मौसम में अंधेरे में रहना लोगों को सांप, बिच्छु आदि जहरीले कीड़े मकोड़े का भय बना रहता है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता जब बिजली बिल नियमित भुगतान करती है तो बिजली आपूर्ति भी सही तरीके से होना चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि अभी थोड़ा बहुत



बारिश होने से भी बिजली सेवा बाधित हो जाती है। ग्रामीणों ने बोड़ाम बीडीओ नाजिया अफरोज के नाम प्रधान सहायक को एक ज्ञापन सौंपकर अविलंब बिजली आपूर्ति में सुधार की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में आदित्य सिंह सरदार, स्वपन दास, युधिष्ठिर सिंह सरदार, राहुल महतो, सुबोध महतो, घासीराम महतो समेत अन्य लोग शामिल हैं।

## पटमदा डिग्री कॉलेज को स्टॉक होल्डिंग संस्था ने दिया 10 लाख का सीएसआर फंड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने अपने सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी) फंड से पटमदा डिग्री कॉलेज, जाल्ला की मदद की है, जिससे कॉलेज को अपने छात्रों के लाभ के लिए नई सुविधाएं जोड़ने में मदद मिली है। पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा और बोड़ाम ब्लॉक में एकमात्र डिग्री कॉलेज अब एक नई कंप्यूटर प्रयोगशाला, एक जूलॉजी प्रयोगशाला, पुस्तकालय में फर्नीचर और एक विशेष छात्र परामर्श कक्ष का दावा कर सकता है। कॉलेज की स्थापना 1993 में ग्रामीण छात्रों की मदद के लिए की गई थी, जिनकी उच्च शिक्षा तक पहुंच नहीं थी, लेकिन फंड की कमी के कारण विकास हमेशा एक समस्या थी। कॉलेज में वर्तमान में 3200 छात्र नामांकित हैं। इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य कृष्णपद महतो का कहना है कि छात्रों को भी लगता है कि अब उन्हें शहर के कॉलेजों के बराबर सुविधाएं मिल गई हैं,



जो उनके एकेडमिक और परिणामों में मदद करेंगी। पटमदा डिग्री कॉलेज के एक छात्र ने कहा, हमारा मानना है कि यह नया फर्नीचर कॉलेज में हमारी पढ़ाई के लिए उपयोगी साबित होगा। हम नया फर्नीचर देखकर खुश हैं। यहां एक नई जूलॉजी लैब भी है, जहां हम अपने प्रयोग ठीक से कर सकते हैं।÷ गौरतलब हो कि इस संबंध में कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. सुमंत कुमार सेन ने संस्था से संपर्क करते हुए मदद मांगी थी और उनके प्रयास से ही स्टॉक होल्डिंग संस्था की ओर से सीएसआर के तहत यह मदद दी गई।

## करीम सिटी कॉलेज के 18 विद्यार्थियों का हुआ कैंपस सिलेक्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के बीएससी अंतिम वर्ष के 18 छात्र-छात्राओं का चयन ग्रेजुएट ट्रेनिंग के रूप में वेदांता अल्युमिनियम लिमिटेड झारसूगुड़ा के लिए 4.65 लाख प्रतिवर्ष के सीटीसी पैकेज के साथ हुआ जिसके लिए ऑनलाइन प्लेसमेंट ड्राइव की प्रक्रिया पिछले माह जून में प्रारंभ हुई। यह प्रक्रिया तीन चरणों में पूर्ण हुई। चयनित छात्रों के नाम हैः- उदित उपाध्याय, मुस्कान कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, सुरभि कुमारी, सूरज चौबे, विशाल महतो, सात्विका कुमारी, सुमन पति, नवनीत हेंब्रम, प्रियंका मंडल, इनज़माम अजीज़, हरधान कंसारी, अमित महतो, सौरभ तिवारी, राकेश माल, रिया सिंह और दुलाल कुंभकार। इन चयनित छात्रों में भौतिकी( आनर्स) के 7, रसायन विज्ञान (ऑनर्स) के 6 तथा गणित (ऑनर्स) के 5 विद्यार्थी हैं। प्लेसमेंट ड्राइव को प्लेसमेंट कॉर्डिनेटर डॉ. जी विजयलक्ष्मी ने




बड़े सलीके से संचालित किया। गुरुवार को कुल चयनित विद्यार्थियों को बुलाकर प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज ने बधाई दी तथा उन्हें आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि महाविद्यालय को तुम जैसे विद्यार्थियों पर गर्व है। मौके पर चीफ कोऑर्डिनेटर (श्रश्न) डॉ. अनवर शहाब, डॉ. आफताब आलम, डॉ. रश्मि अख्तर, डॉ. फौजियत तबस्सुम एवं प्रो गौहर अजीज के अलावा कॉलेज के कई प्रोफेसर मौजूद थे। सभी शिक्षकों ने चयनित विद्यार्थियों को अपनी दुआओं से नवाजा।

## डिग्री कॉलेज का निर्माण बुरूडीह नहीं बल्कि रपचा में हो : ग्रामीण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** गम्हरिया प्रखंड के बुरुडीह मौजा में प्रस्तावित डिग्री महाविद्यालय निर्माण हेतु भूमि हस्तांतरण के संबंध में आपत्ति दाखिल करने के लिए गम्हरिया के अंचल अधिकारी द्वारा सूचना जारी किए जाने के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों द्वारा गुरुवार को अंचल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। गम्हरिया के अंचल अधिकारी को सौंपे गए उक्त ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि बुरुडीह मौजा के खाता संख्या 154, प्लॉट संख्या 46 के पांच एकड़ पुरानी पड़ती जमीन पर डिग्री महाविद्यालय निर्माण हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित किया गया है जो छात्र हित एवं जनहित में नेक कार्य है। इसके लिए क्षेत्र की जनता राज्य सरकार का आभार व्यक्त करती है। किंन्तु, प्रस्तावित स्थल गम्हरिया अंचल के अंतिम छोर पर स्थित है जिससे वहां आने जाने में छात्रों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। बताया गया है कि प्रस्तावित कॉलेज टाटा-कांड्रा मुख्य




सड़क से करीब 10-12 किमी दूर है और वहां आवागमन की कोई सुविधा भी नहीं है। ग्रामीणों ने प्रस्तावित उक्त कॉलेज के निर्माण हेतु उपयुक्त जगह रपचा ग्राम बताया है जो मुख्य सड़क के किनारे स्थित है और वहां आवागमन की भी सभी सुविधाएं उपलब्ध है। इस दौरान सोनाराम टुडू, सुरेश मुर्मू, रायसेन टुडू, बबलू हांसदा, मंगल मांझी, रतिलाल बेसरा, जमुना मुर्मू, सुकराम हांसदा समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### एक महीना पहले ही पोटका लैंपस से भेजा गया था 2 लाख का डीडी, अब रांची की कंपनी नहीं दे रही धान का बीज

## भाजपा नेता उपेंद्र सिंह सरदार ने दी आंदोलन की चेतावनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** पोटका में नेशनल सीड्स कॉर्पोरेशन रांची ने 100 क्विंटल धान बीज उपलब्ध कराने को लेकर अंतिम समय में हाथ खड़े कर दिए हैं जबकि पोटका लैंपस से बीते 30 मई को 2 लाख तीन हजार की राशि का डीडी बनाकर भेज दी गई थी ताकि पोटका से साढ़े तीन हजार किसानों को आसान किस्तों में धान बीज उपलब्ध हो सके। भाजपा नेता उपेंद्र सिंह सरदार ने राज्य सरकार से जल्द इस दिशा में कारवाई की मांग उठाई है अन्यथा आंदोलन की दी चेतावनी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि राशि जमा होने के बाद भी नेशनल सीड्स कॉरपोरेशन रांची द्वारा धान बीज उपलब्ध कराने में असमर्थता जाहिर करना पूरी तरह से अन्याय संगत है, जिसका हर हाल में विरोध जताया जायेगा। इसी तरह की नाराजगी पोटका लैंपस के सचिव खुदीराम बेसरा, आसबनी




लैंपस के सचिव मनिंदर महतो व अध्यक्ष विभीषण सरदार ने भी जाहिर की है तथा आशंका जताते हुए आरोप लगाया है कि पोटका के धान बीज को कालाबाजारी में खपा दी गई है।जिसकी वजह से डिमांड ड्राफ्ट जमा होने के बाद भी बीज धान नहीं मिली।जिसकी जांच की मांग सरकार से की गई।

### फोन नहीं रिसिव कर रहा है नेशनल सीड्स कॉरपोरेशन : बीसीईओ

जादूगोड़ा खेती के ऐन वक्त पर पोटका में नेशनल स्वीट्स कॉरपोरेशन द्वारा बीज उपलब्ध नहीं कराने से किसानों, लैंपस सचिव सभी हैरान हैं। आलम यह है कि पोटका प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी राखाल प्रसाद साहू द्वारा लगातार संपर्क किए जाने के बाद भी अब धान आपूर्ति करने वाली रांची की यह संस्था अब फोन तक रिसीव नहीं कर रही है।जिसको लेकर पोटका के पांच लैंपस कार्यालय पोटका, टांगराईन, कोवाली, नारदा आसनबनी के लैंपस धान बीज के इंतजार में रोजाना चक्कर लगा रहे हैं जबकि धान बीज के अभाव में लैंपस कार्यालय में उदासी छाई हुई है।

## एक शिक्षक के भरोसे पाथरडीह प्राथमिक विद्यालय, अभिभावक मांग रहे टीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय पाथरडीह में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टीनूपाल महतो की अध्यक्षता में समिति के सदस्यों की एक आवश्यक बैठक विद्यालय में संपन्न हुई। बैठक में पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दीपक मुर्मू, उप मुखिया राज शेखर महतो, वार्ड सदस्य जयंती महतो व ग्राम प्रधान धरनीधर महतो आदि शामिल हुए। बैठक में विद्यालय में चल रहे पठन-पाठन एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। इस संबंध में प्रबंधन समिति के



अध्यक्ष टीनूपाल महतो ने बताया कि विद्यालय में दो शिक्षक पदस्थापित हैं। इनमें से प्रधान शिक्षक रवि नरेश प्रसाद का अगस्त महीने से चुनाव कार्य में प्रतिनियोजन किया गया है। वर्तमान में विद्यालय में एक ही शिक्षक कार्यरत है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। वे मिड डे मील एवं अन्य विभागीय कार्यों में व्यस्त रहने के कारण बच्चों को पढ़ाई में समय नही दे पा रही हैं। इस दौरान कुछ अभिभावकों ने कहा कि अगर जल्द से जल्द शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई तो अपने बच्चों का टीसी करवाकर दूसरे विद्यालय में नामांकन करवाएंगे। जबकि सदस्यों ने मांग किया कि प्रधान शिक्षक रवि नरेश प्रसाद को चुनाव कार्य से मुक्त कराकर पुनः विद्यालय में भेजा जाय या उनके बदले दूसरे शिक्षक की पदस्थापना हो। बैठक में मुख्य रूप से चक्रधर महतो, बिभूति महतो, काजली महतो, कलावती महतो समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

संपादकीय

# भारत-बांग्लादेश के रिश्ते और मजबूत

**एशिया** में अपना दबदबा बनाने के लिए चीन लगातार प्रयासरत है। श्रीलंका से लेकर नेपाल तक को वह अपनी ओर खींचने का प्रयास कर रहा है। यही प्रयास पिछले कुछ समय से उसने बांग्लादेश के साथ शुरू किए हैं। लेकिन भारत की कूटनीति, विदेश नीति एवं पड़ोसी देशों के साथ आत्मीय संबंध चीन की विस्तारवादी सोच को सफल नहीं होने देते हैं। एक बार फिर भारत ने चीन के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की दो दिवसीय भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्तों के विश्वास को न केवल मजबूत किया है बल्कि दोनों देशों के आपसी संबंधों में दरार डालने की कोशिश कर रही ताकतों को आईना भी दिखाया है। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच 10 समझौतों और सहमतिपत्रों पर हस्ताक्षर हुए हैं। इन समझौतों में तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन पर भारत द्वारा तकनीकि दल भेजे जाने के प्रस्ताव पर बनी सहमति विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह सहमति भारत के पड़ोसी देशों में अपना दखल बढ़ाने की चीनी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। तीस्ता नदी जल बंटवारा दोनों देशों के बीच एक जटिल मुद्दा माना जाता रहा है। वर्ष 2011 में ही दोनों देशों के बीच तीस्ता जल बंटवारे के एक सूत्र पर सहमति बन गई थी, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विरोध के चलते उस पर बात आगे नहीं बढ़ सकी। इस पृष्ठभूमि में चीन ने 2020 में तीस्ता नदी के प्रबंधन और संरक्षण में दिलचस्पी दिखानी शुरू की। इससे जुड़ी भारत की चिंताओं के संदर्भ में मामले की संवेदनशीलता को सभी पक्ष समझते थे। लेकिन मुद्दे के समाधान में कोई पहलकदमी नहीं हुई। लेकिन पिछले साल दिसंबर में ढाका में चीन के राजदूत ने फिर से इस मामले को उठाया। इस बार चीन ने बांग्लादेश के सामने एक संशोधित प्रस्ताव भेजा, जिसमें लागत पहले के मुकाबले कम दिखाई गई थी। श्रीलंका, नेपाल, मालदीव जैसे देशों के उदाहरणों की रोशनी में देखें तो चीन का यह रुख नया नहीं था। लेकिन बांग्लादेश के साथ भारत के करीबी रिश्तों के मद्देनजर तीस्ता जल बंटवारे को लेकर उभरी असहमति ऐसी नहीं थी कि उससे दोनों देशों के बीच संदेह और अविश्वास की गुंजाइश बनती। स्वाभाविक ही दोनों पक्षों ने समय रहते अलग-अलग स्तरों पर द्विपक्षीय बातचीत के जरिए अपनी इस समझ को मजबूती दे दी कि साझा हितों से जुड़े मसलों पर तीसरे पक्ष को प्रवेश करने देना ठीक नहीं। दोनों देशों की यही साझा सोच तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन के मसले पर भारत के तकनीकि दल के बांग्लादेश जाने पर बनी सहमति में नजर आती है। भारत का तकनीकि दल इस सवाल पर भी विचार करेगा कि मानसून से मिलने वाले अतिरिक्त पानी के रखरखाव के लिए किसी जलाशय के निर्माण की वास्तव में जरूरत है भी या नहीं। समझा जाता है कि चीन की ओर से बांग्लादेश को यही प्रस्ताव किया गया था। लेकिन भारत की सक्रियता और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की समझदारी ने इस मामले में चीन को किनारे कर दिया है। उम्मीद है कि बांग्लादेश का नेतृत्व आगे भी इसी सोच के साथ आगे बढ़ेगा। दोनों देशों के बीच आपसी रिश्ते में विश्वास और सहयोग बना रहे, यह दोनों देशों के लिए ही बेहतर है। चीन सहायता के नाम पर बाद में किस प्रकार का बर्ताव करता है, यह समझने के लिए श्रीलंका, नेपाल और पाकिस्तान की ओर देख लेना चाहिए।


बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की दो दिवसीय भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्तों के विश्वास को न केवल मजबूत किया है बल्कि दोनों देशों के आपसी संबंधों में दरार डालने की कोशिश कर रही ताकतों को आईना भी दिखाया है। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच 10 समझौतों और सहमतिपत्रों पर हस्ताक्षर हुए हैं। इन समझौतों में तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन पर भारत द्वारा तकनीकि दल भेजे जाने के प्रस्ताव पर बनी सहमति विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह सहमति भारत के पड़ोसी देशों में अपना दखल बढ़ाने की चीनी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। तीस्ता नदी जल बंटवारा दोनों देशों के बीच एक जटिल मुद्दा माना जाता रहा है। वर्ष 2011 में ही दोनों देशों के बीच तीस्ता जल बंटवारे के एक सूत्र पर सहमति बन गई थी, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विरोध के चलते उस पर बात आगे नहीं बढ़ सकी। इस पृष्ठभूमि में चीन ने 2020 में तीस्ता नदी के प्रबंधन और संरक्षण में दिलचस्पी दिखानी शुरू की। इससे जुड़ी भारत की चिंताओं के संदर्भ में मामले की संवेदनशीलता को सभी पक्ष समझते थे। लेकिन मुद्दे के समाधान में कोई पहलकदमी नहीं हुई। लेकिन पिछले साल दिसंबर में ढाका में चीन के राजदूत ने फिर से इस मामले को उठाया। इस बार चीन ने बांग्लादेश के सामने एक संशोधित प्रस्ताव भेजा, जिसमें लागत पहले के मुकाबले कम दिखाई गई थी। श्रीलंका, नेपाल, मालदीव जैसे देशों के उदाहरणों की रोशनी में देखें तो चीन का यह रुख नया नहीं था। लेकिन बांग्लादेश के साथ भारत के करीबी रिश्तों के मद्देनजर तीस्ता जल बंटवारे को लेकर उभरी असहमति ऐसी नहीं थी कि उससे दोनों देशों के बीच संदेह और अविश्वास की गुंजाइश बनती।


### चीन का हस्तक्षेप भारत और बांग्लादेश में से बहने वाली नदी तीस्ता पर दिखाई नहीं देता था

# तीस्ता नदी पर चीन को भारत का करारा जवाब

प्रमोद भार्गव


बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में चीन की कोशिशों पर विराम लग गया है। दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच हुई बैठक में यह सहमति बनी है कि तीस्ता नदी जल प्रबंधन पर निर्णायक वार्ता के लिए जल्दी ही भारत का एक तकनीकी दल ढाका का दौरा करेगा, जो नदी में जमीं गाद को साफ करने के साथ नदी के पुराने स्वरूप को लौटाने के लिए रोडमैप तैयार करेगा।


**अर्से** से चीन बांग्लादेश की तीस्ता नदी के कायाकल्प के बहाने नदी के जल प्रबंधन का दायित्व हथियाने के प्रयास में लगा था। लेकिन बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में चीन की कोशिशों पर विराम लग गया है। दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच हुई बैठक में यह सहमति बनी है कि तीस्ता नदी जल प्रबंधन पर निर्णायक वार्ता के लिए जल्दी ही भारत का एक तकनीकी दल ढाका का दौरा करेगा, जो नदी में जमीं गाद को साफ करने के साथ नदी के पुराने स्वरूप को लौटाने के लिए रोडमैप तैयार करेगा। इसके साथ ही दोनों देशों ने गंगा जल बंटवारे समझौते को नए सिरे से अमल में लाने और एक समग्र कारोबारी समझौते पर भी बातचीत करने का फैसला लिया है। बैठक में दस महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ये घोषणाएं दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं हैं। चीन का हस्तक्षेप भारत और बांग्लादेश में से बहने वाली नदी तीस्ता पर दिखाई नहीं देता था। किंतु कुछ समय पहले इस नदी पर एक विशाल जलाशय बनाने के बहाने चीन ने बांग्लादेश की जमीन पर बहने वाली तीस्ता नदी पर विकास कार्यों में सहयोग बढ़ाने की इच्छा शेख हसीना को जताई थी। यह जानकारी बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने दी थी। किंतु भारत द्वारा आपत्ति उठाए जाने पर बांग्लादेश ने जवाब दिया था कि 'चीनी राजदूत याओ वेन ने बीजिंग से ढाका को तीस्ता जल भराव क्षेत्र के विकास हेतु कई प्रस्ताव दिए हैं। इनमें तीस्ता नदी में वृहद स्तर पर सफाई करने, जलाशय और तटबंध बनाने के प्रस्ताव शामिल हैं।' दरअसल तीस्ता नदी भारतीय राज्य सिक्किम व पश्चिम बंगाल से होते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है। इसे सिलिगुड़ी गलियारा या चिकन नेक कहा जाता है। पश्चिम बंगाल में स्थित 28 किमी की भूमि का यह संकीर्ण क्षेत्र है। यह भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को शेष भारत से जोड़ता हैं। इसके इर्द-गिद नेपाल और बांग्लादेश हैं। भूटान का साम्राज्य इस गलियारे के उत्तरी क्षेत्र में स्थित है। इस लिहाज से यह भारत



के लिए अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। अतएवं भारत इस क्षेत्र में किसी भी बहाने चीन का हस्तक्षेप नहीं चाहता है। इस परियोजना पर करीब 8 हजार 300 करोड़ रुपए खर्च होने की संभावना है। चीन ने इस कार्य को शत-प्रतिशत अपनी पूंजी से पूरा करने की इच्छा शेख हसीना को जताई थी। चीन को इस काम का ठेका मिलने का मतलब, इस क्षेत्र में दखल के साथ नदी के जल प्रवाह का डाटा भी हासिल हो जाता। चीन के साथ भारत के रिश्ते कटुता एवं विश्वास के बने होने के कारण भारत चीन की उपस्थिति अपनी सीमाओं के ईद-गिर्द नहीं चाहता है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीनी भागीदारी से इस नदी पर भारत और बांग्लादेश के बीच जल-बंटवारे को लेकर चल रहा लंबा विवाद और गहरा सकता है? हालांकि 2009 में प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता पर काबिज होने के बाद से ही जल-बंटवारे पर सहमति से समझौते की बात चल रही है। दोनों पड़ोसी देश तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की 2011 में की गई बांग्लादेश की यात्रा के दौरान समझौते पर हस्ताक्षर के लिए लगभग तैयार थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अंतिम समय पर समझौते के विरुद्ध खड़ी हो गईं, नतीजतन तय प्रस्ताव को निलंबित कर दिया गया। भारत एवं बांग्लादेश के बीच 25 वर्षों से दोनों देशों के बीच बहने वाली नदियों के जल बंटवारे को लेकर समझौते की बातचीत चल रही है। शेख हसीना और नरेंद्र मोदी की 2022 में परस्पर हुई बातचीत के बाद कुशियारा नदी के संदर्भ में अंतरिम जल बंटवारा समझौते पर हस्ताक्षर भी हो गए हैं। 1996 में गंगा नदी जल-संधि के बाद इस तरह का यह पहला समझौता है। इसे अत्यंत महत्वपूर्ण समझौता माना गया है। यह भारत के असम और बांग्लादेश के सिलहट क्षेत्र को लाभान्वित करेगा। 54 नदियां भारत और बांग्लादेश की सीमाओं के आरपार जाती हैं और सदियों से दोनों देशों के करोड़ों लोगों की आजीविका का मुख्य साधन बनी हुई हैं। इन नदियों के किनारों पर मानव सभ्यता के विकास के साथ सृजित हुए लोक गीत और लोक कथाएं, धर्म एवं संस्कृति की ऐसी धरोहर हैं, जो मानव समुदायों को लोक कल्याण का पाठ पढ़ाने के साथ नैतिक बल मजबूत बनायें रखने का काम करती हैं। बावजूद दोनों देशों के बीच बहने वाली तीस्ता नदी के जल बंटवारे को अंतिम रूप अब तक नहीं दिया जा सका है। नदियों के जल-बंटवारे का विवाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी विवाद का विषय बना रहा है। ब्रह्मपुत्र को लेकर चीन से, तीस्ता का बांग्लादेश से, झेलम, सतलुज तथा सिंधु का पाकिस्तान से और कोसी को लेकर नेपाल से विरोधाभास कायम है। भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों में खटास सीमाई क्षेत्र में कुछ भूखंडों, मानव-बस्तियों और तीस्ता नदी के जल बंटवारे को लेकर पैदा होता रही है। हालांकि दोनों देशों के बीच संपन्न हुए भू-सीमा समझौते के जरिए इस विवाद पर तो कमोबेस विराम लग गया, लेकिन तीस्ता की उलझन बरकरार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2015 में बांग्लादेश यात्रा पर गए थे, तब ढाका में द्विपक्षीय वार्ता भी हुई थी, लेकिन तीस्ता की उलझन, सुलझ नहीं पाई थी। विदेश नीति में अपना लोहा मनवाने में लगे नरेंद्र मोदी से यह उम्मीद इसलिए ज्यादा है, क्योंकि शेख हसीना दोनों देशों में परस्पर दोस्ती की मजबूत गांठ बांधने के उद्देश्य से भारत आती रही हैं। यह उम्मीद इसलिए भी है, क्योंकि 2016 में मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने बांग्लादेश के साथ कुछ बस्तियों और भूक्षेत्रों की अदला-बदली में सफलता प्राप्त की थी।

दृष्टि कोण

# विधवाओं की सुध लेता मानवाधिकार आयोग

**हाल** में अंतरराष्ट्रीय विधवा दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 23 जून के पूर्व ही विधवाओं के हित में खास पहल की। अभी तक हर जगह विधवाओं की उपेक्षा की जाती रही है, लेकिन अब यह संभव नहीं होगा। अभी 12 जून को एनएचआरसी ने विधवाओं के मानवाधिकारों के संरक्षण पर परामर्श जारी किया है। विधवा महिलाओं के समग्र कल्याण पर विचार करते हुए एनएचआरसी ने अपने परामर्श में केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा कार्रवाई के लिए 10 प्रमुख क्षेत्रों और अन्य उपायों पर ध्यान केंद्रित किया है। इनमें उनके उचित पहचान दस्तावेज सुनिश्चित करना, आश्रयगृहों का विकास और रखरखाव, संपत्ति तक पहुंच, अपने घरों से बेदखल होने से रोकना और शोषण से सुरक्षा, कौशल विकास का प्रावधान और स्थायी आजीविका तक पहुंच, आसान बैंकिंग और वित्तीय स्वतंत्रता तक पहुंच, स्वास्थ्य देखभाल, सामथ्य और उपलब्धता, मानसिक स्वास्थ्य, समुदाय आधारित नेटवर्क, निराश्रित विधवाओं के मुद्दों के बारे में डेटा सहित 17वीं लोकसभा में सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल द्वारा पेश विधवा (संरक्षण और रखरखाव) विधेयक-2015 भी शामिल है। मानवाधिकार आयोग ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और संबंधित विभागों को भी सलाह दी है कि वे अपनी वेबसाइटों पर विधवाओं के लिए सभी सरकारी गृहों का एक केंद्रीकृत डेटाबेस रखें। इसी के साथ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा जिला स्तर पर एक टीम की तैनाती की सिफारिश की गई है, जो इन आश्रमों और घरों का दौराकर स्वास्थ्य, मनोरंजन और कौशल विकास सुविधाओं सहित रहने की स्थिति की निगरानी करेगी, ताकि उन्हें रोजगार और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिल सके। परामर्श में विधवाओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं का लाभ एकल खिडक़ी प्रणाली के माध्यम से उन तक पहुंचना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। एनएचआरसी ने परामर्श जारी करने की आवश्यकता इसलिए महसूस की, क्योंकि उसने देखा कि विधवा महिलाओं को अपने पति को खोने के भावनात्मक संकट के अलावा, अक्सर कई अन्य चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है, जिनमें सामाजिक बहिष्कार, आय, यहां तक कि निवास का नुकसान भी शामिल है। एनएचआरसी के महासचिव भरतलाल के मुताबिक 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में विधवाओं की कुल आबादी 5.6 करोड़ है। विधवा महिलाओं को अक्सर अपने पति की मृत्यु के बाद खुद की देखभाल करने के लिए छोड़ दिया जाता है। अपने परिवारों से पर्याप्त सहायता और वित्तीय स्वतंत्रता की कमी के कारण उन्हें समुदाय से अलग-थलग कर दिया जाता है, यहां तक कि उन्हें अपना घर छोडक़र आश्रय गृहों/आश्रमों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है। निरक्षरता और बढ़ती उम्र के कारण उनकी स्थिति और भी खराब हो जाती है। परामर्श के मुताबिक प्रत्येक जिले में एक विधवा प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा जो विधवाओं की योजनाओं के लिए एकल खिडक़ी के रूप में काम कर सके। सभी आश्रयगृहों का विधवा प्रकोष्ठ में पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि इनमें क्षमता से अधिक भीड़ न हो। आवंटित सार्वजनिक और निजी आश्रयगृहों में और उसके आसपास रहने वाली सभी विधवाओं के आधार कार्ड बनाए जाने चाहिए, ताकि उन्हें विभिन्न योजनाओं के लाभ सुनिश्चित किए जा सकें। विधवाओं को उचित पहचानपत्र उपलब्ध कराना, ताकि वे योजनाओं का लाभ उठा सकें तथा विवाह पंजीकरण प्रमाणपत्र के अभाव में उन्हें इनसे वंचित न किया जाए। कानूनी सहायता प्रदान करके उनके अधिकार के बारे में उनमें जागरूकता पैदा करके संपत्ति के उत्तराधिकार के उनके कानूनी अधिकार के उचित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना, उन्हें न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम (एनआईएलपी) जैसे शिक्षा कार्यक्रमों में नामांकित करने का प्रयास करें, ताकि उन्हें वित्तीय साक्षरता सहित कम से कम बुनियादी साक्षरता दी जा सके। आश्रय गृह और आश्रम विधवाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें शिक्षा प्रदान करने के लिए स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी कर सकते हैं। विधवाओं में स्वरोजगार और उद्यमशीलता की खातिर स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए प्रोत्साहित करना, संबंधित एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना कि सभी विधवाओं के पास प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत व्यक्तिगत बैंक खाता हो, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और देखभाल की आवश्यकता वाली विधवाओं के लिए विशेष देखभाल की व्यवस्था की जानी चाहिए और उनके सुधार को सक्षम बनाया जाना चाहिए। आंगनवाड़ी, अनाथालयों और प्राथमिक विद्यालयों में विधवाओं के ज्ञान और अनुभवों के उपयोग को प्रोत्साहित करना, ताकि उन्हें उद्देश्य की भावना मिल सके और बच्चों के कौशल में वृद्धि हो सके। पुनर्विवाह या जीवनसाथी खोजने की इच्छुक विधवाओं को उपयुक्त एजेंसियों से जोड़ा जाना चाहिए। विवाह या संबंध विफल होने या पति या पत्नी की मृत्यु हो जाने की स्थिति में विधवा को बिना किसी नई औपचारिकता के आश्रयगृह में लौटने का विकल्प होना चाहिए। राज्य सरकार विधवा पुनर्विवाह के लिए मौजूदा योजनाओं के तहत विवाह के लिए उपयुक्त धनराशि भी उपलब्ध करा सकती है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## गोला प्रखंड क्षेत्र में सोलर पम्प के ख़राब होने से पेयजल के लिए मचा हाहाकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गोला प्रखंड क्षेत्र में पिछले कई दिनों/महीनों से लगा सोलर पम्प के ख़राब हो जाने से पेयजल के लिए हाहाकार मचने लगा है। प्रखंड के लगभग चापाकल वर्षो से मरम्मती के अभाव में बेकार हो गए हैं। घरघर नल से जल की योजना कुछ जगहों को छोड़कर अभी भी सफेद हाथी साबित हो रही है। बताया जाता है कि क्षेत्र में चौबीस घंटों में पंद्रह से बीस मिनट पानी सप्लाई की जाती है। पानी की तीब्रता इतनी कम होती है कि बाल्टी भरते भरते सप्लाई बंद कर दी जाती है। खास गोला में इस बात की शिकायत है। पाईप से पेय जलापूर्ति शुरु होने से पूर्व भी पानी के लिए लोग परेशान थे और आज भी यहां के लोगों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि सुबह सुबह लोग नहाने के लिए हाथ में गमछा लेकर भटकते रहते हैं। गोला की जीवन रेखा पटासुर नदी फरवरी माह में ही दम



तोड़ चुकी है। गोमती नदी का हाल तो और भी बुरा है। शहर की नालियों से निकलने वाला गंदा पानी जहाँ तहाँ जमा हो जाता है। कुछ लोग नहाने बर्तन माजने में इसका उपयोग करते देखे जा सकते हैं। सरकार की ध्वस्त हो चुकी योजनाओं की ओर तत्काल संज्ञान लेने की जरूरत है। नहीं तो आने वाले कुछ महीनों में पानी की किल्लत काफी बढ़ जाएगी। प्रखंड क्षेत्र के पंचायतों के चापाकलों में पंचायत की 14 वीं वित्त योजनाओं से लगाए गए सोलर पंप की उपयोगिता बेकार हो चुकी है। बताया जा रहा है कि एक दो सोलर पंप उपयोग में आ रहा हैं। जबकि एक पंप की लागत तीन लाख 84 हजार की योजना खाउपकाऊ साबित हो रहा है। एक या दो माह के बाद से यह योजना बेकार हो गई है। इसके मरम्मति या इस योजना की गारंटी क्या है किसी को इसकी जानकारी नहीं है।पाठक टोला, स्टेशन रोड गोला, कन्या मध्य विद्यालय गोला के पास सोलर पानी पंप, सोनार मुहल्ले के महावीर मंदिर के पास का चापाकल में लगी इस योजना का हाल देखने के लिए विभाग के पास भी समय नहीं है।

## रजरप्पा सीसीएल क्षेत्र के सेवा निवृत सीसीएल कर्मी को दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के भूचुंगडीह गांव निवासी सोधना मांझी जो रजरप्पा सीसीएल क्षेत्र में फिटर तथा बिनोद कुमार ड्रील ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार को एक सादे समारोह में इन दोनों सीसीएल कर्मी को सेवा निवृत होने पर भाव भीनी विदाई दी गई तथा फुलमाला पहनाकर स्वगत किया गया। इस दौरान उपस्थित उनके साथियों ने कहा कि इन कर्मियों के द्वारा अपने कार्य को विस्तृत रूप से ईमानदारी पूर्वक निभाया है इनके सेवा निवृत होने से यहां पर वैसे लोगों की कमी खलेगी। मौके पर मैनेजर अरविंद कुमार, डी मैनेजर ज्ञान प्रकाश, असिस्टेंट मैनेजर विनय कुमार, प्रकाश कुमार, मैनेजर दिग विजय, नीतीश ब्रा सहित कई अन्य सीसीएल कर्मी मौजूद थे।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरियातू में बारिश से भरा मिट्टी, कमरों में फैला कीचड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरियातु में डीएमएफटी मद से चार एसीआर कमरों का निमार्ण हो रहा है। इन कमरों के निर्माण के दिन से ही विद्यालय की सारी सुविधाएं अस्त व्यस्त हो गया है ,मैदान मिट्टी से भर गया है , डस्ट भरा हुआ है और इस बरसात में सारी मिट्टी पानी में मिलकर सीधे विद्यालय कछ में चला जा रहा है जिससे विद्यालय में पढ़ रहे बच्चे सहित शिक्षको को काफी दिक्तों का सामना करना पड़ रहा है। पुरे विद्यालय परिवार के द्वारा डस्ट को अविलंब हटाने की बात की है ताकि विद्यालय कछ में पानी का जमाव ना हो तथा बच्चो को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## हर क्षेत्र में आजसू पार्टी तीव्र गति से कार्य कर रही है : विधायक

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के पोटमदगा में गुरुवार को स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।बतौर मुख्य अतिथि रामगढ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो द्वारा नारियल फोड़कर वा शिलापठ का अनावरण कर शिलान्यास किया गया।मौके पर विधायक ने कहा कि पोटमदगा में स्वास्थ्य उपकेंद्र बनना बहुत खुशी की बात है जिससे क्षेत्र के लोगो को ईलाज कराने के लिए कही दूर नही जाना होगा,स्वास्थ्य उपकेंद्र नही होने के कारण यहां के लोगो को बहुत समस्या का सामना करना पड़ा होगा ,आपको उपचार के लिए रामगढ़ या गोला जाना पड़ता होगा परंतु अब अपने गांव में ही आप अपना



उपचार करा सकेंगे साथ ही आपको बाहर की हर सुविधा प्राप्त होगी।साथ ही हर क्षेत्र में आजसू पार्टी तीव्र गति से कार्य कर रही है।इससे पूर्व अतिथिओ को बुके देकर स्वागत किया गया।वही संवेदक चिंतामणि महतो ने बताया कि पीएम-ए बी एच आई एम योजना अंतर्गत लगभग 55.5 लाख की लागत से उक्त केंद्र का निर्माण होगी। मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार वलीउल्लाह को जान से मारने की मिली धमकी, उपायुक्त व एसपी से आवेदन देकर न्याय की लगाई गुहार

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद वलीउल्लाह को रामगढ़ के समाहरणालय में कार्यरत कर्मचारी द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी मिलने के बाद पत्रकार वलीउल्लाह के द्वारा रामगढ़ के उपायुक्त और एसपी से आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। आवेदन में उन्होंने लिखा है कि उपायुक्त के द्वारा कर्मियों के स्थानांतरण किए जाने और बाकी बचे कर्मियों का कब तबादला किया जाएगा। कई कर्मी ऐसे हैं जो पांच या तीन वर्ष से एक ही कुर्सी पर जमे हैं।इसकी जानकारी लिए जाने पर कार्यालय पहुँचने पर धमकी दिया गया है कहां की हम लोग पहुंच वाले हैं घर जाकर जान से मरवा देंगे। धनबाद से शूटर लाकर काम करवा लेंगे। ऐसा चीज में फंसा देंगे कि समाहरणालय आना बंद करवा देंगे। हम लोगों को रामगढ़ में कोई कुछ नहीं कर पाया है। पत्र में कहा



गया है कि समाहणलय कर्मचारी पहुंच पैरवी और आपराधिक तत्वों के लोग लंबे समय से समाहरणालय में स्थापित है।जिससे मुझे खतरा है और मेरे पत्रकारिता से संबंधित कार्यों को भी इनके द्वारा प्रभावित किया जाएगा और भविष्य में किसी भी प्रकार की अनहोनी होती है इसकी जिम्मेदारी तीनों व्यक्तियों की होगी।

## दुलमी प्रखंड के जमीरा गांव में आम उत्सव सह बागवानी मेला कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के जमीरा गांव में गुरुवार को सरकार के महत्वकांक्षी योजना के तहत् आम उत्सव सह बागवानी मेला कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अंचल अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ मदन महली के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर



प्रखंड प्रमुख, बीपीओ विनय कुमार,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, प्रखण्ड के प्रधान सहायक, एन आर एम एक्सपर्ट, प्रखण्ड समन्वय (पीएम ए वाई - जी ) उप प्रमुख, मुखिया , पंचायत सेवक , ग्राम रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, जेएसएलपीएस सदस्य ,जन प्रतिनिधि, बागवानी लाभुक , मेट, ग्रामीण इत्यादि उपस्थित हुए।

4 जुलाई से 30 सितम्बर तक जिला में चलेगा सम्पूर्णता अभियान

# नीति आयोग के संपूर्णता अभियान का हुआ शुभारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीएमएफटी प्रशिक्षण भवन हॉल में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा निर्धारित इंडिकेटर एवं सम्पूर्णता अभियान के प्रमोचन हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं पोस्टर का विमोचन कर किया गया।उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि पुरे भारत वर्ष में 112 आकांक्षी जिला है जिसमें चतरा भी शामिल है। सभी जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन आपस में समन्वय स्थापित कर सभी पंचायतों में इस अभियान के तहत लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्य करें, कार्य कागज पर ही नहीं जमीन पर भी कार्य हो। लोगों को जागरूक कर ही सभी इंडिकेटरों के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही कहा सुरक्षित प्रसव एंव संस्थागत प्रसव पर विशेष ध्यान देना है। आगे उन्होने कहा गर्भवती महिलाओं का एएनसी निबंधन, गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण प्राप्त हो। 09 से 12 वर्ष के बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही कहा कि इस अभियान के तहत 04 जुलाई से 30 सितम्बर 2024 तक आकांक्षी जिला कार्यक्रम के निर्धारित 06 इंडिकेटर एवं आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम के निर्धारित 06 इंडिकेटर को शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करनी है। जिसमें मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग एवं आईसीडीएस शामिल है। इन विभागों अंतर्गत इंडिकेटर गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रसव पूर्व देखभाल मिले, गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण प्राप्त हो, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण हो, हर व्यक्ति की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच हो, सॉयल हैल्थ कार्ड का वितरण हो, स्व-सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड्स मिले, स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो शामिल है, जिसे शत प्रतिशत पूर्ण करना है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी गणमान्य, पदाधिकारियों, कर्मियों को शपथ भी दिलाया एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, सांसद प्रतिनिधि चतरा लोकसभा क्षेत्र, विधायक प्रतिनिधि चतरा व सिमरिया विधानसभा क्षेत्र, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, सिविल सर्जन डा. जगदीश प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडीत, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिले के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नीति आयोग के प्रतिनिधि के रूप में अलख नंदा, पिरामल फाउण्डेशन से जिला समन्वयक अमित भारती समेत अन्य पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

# चतरा प्रेस क्लब के निर्देश पर पत्थलगड़ा में प्रेस क्लब का प्रखंड कमिटी का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** चतरा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कश्यप के निर्देशानुसार पत्थलगड़ा प्रखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थली व पर्यटक स्थल मां भगवती मंदिर परिसर में गुरुवार को पत्रकारों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब चतरा के कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत राणा ने की। जबकि संचालन पत्रकार मोहम्मद सिराजुल ने किया। बैठक में प्रखंड के कई पत्रकार साथी उपस्थित हुए। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में प्रेस क्लब पत्थलगड़ा प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, उपाध्यक्ष सुनील दांगी, सचिव मोहम्मद सिराजुल, उपसचिव कैलाश दांगी और कोषाध्यक्ष सुजेक सिन्हा को मनोनीत किया गया। उपस्थित पत्रकारों ने समर्थन किया एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को शुभकामनाएं दी। मौके पर निर्वाचित अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने कहा कि प्रेस क्लब चतरा के दिशा निर्देश को हमेशा निष्पक्ष रूप से पालन करने का एवं पत्रकारों के हित लिए आत्म संकल्प के साथ खड़ा रहने का सभी पत्रकारों ने संकल्प लिया। इस दौरान पत्रकार अभिषेक सिंह, संजय राणा, सुनिल राम ,मनीष सिंह के अलावे कई पत्रकार साथी शामिल थे।

# मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2023-24 के तहत 16 लाभुकों को मिला चार बकरी व एक बकरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सा केंद्र मे झारखण्ड सरकार के महत्वाकांशी योजना मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2023-24 के तहत स्वीकृत फुलसु, टोटी, अमरवाडिह पंचायत के 16 लाभुकों को 90त्न - 75त्न अनुदान पर चार बकरी व एक बकरा का वितरण किया गया। प्रभारी पशु चिकित्सा पदाधिकारी सुशिला बागे ने पशुओं के रख रखाव व बिमारीयों के संबंध में जानकारी दी एवं लाभुकों को आवश्यक दवाएं भी दिया गया। वही जिला भुअर्जन पदाधिकारी लातेहार, व प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने कहा की झारखंड सरकार की यह योजना किसानो के आय मे वृध्दि करने के उदेश्य से चलाया जा रहा है. आशा है इस योजना लाभ लेने वाले, सही ढंग से पशुपालन करके अपने आय मे वृद्धि करके स्वावलंबी बनेंगे। बकरीयां पाकर लाभुक बहुत खुश हुए व विभागीय लोगों को धन्यवाद दिया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सोनी देवी स्वास्थ्य कर्मी बिनोद बैठा, मनोज उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

चतरा विधानसभा व सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का स्थल परिवर्तन

# नाम में संशोधन को लेकर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में निर्वाचन प्री रिवीजन गतिविधि के तहत मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण, रि-अरेंजमेंट, जर्जर मतदान केन्द्र का भवन, नाम परिर्वतन से संबंधित बैठक राजनितिक पार्टी के प्रतिनिधि की उपस्थिति में की गई। बैठक में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के वैसे मतदान केन्द्र जो जर्जर स्थिति में है और जहां मतदाताओं को लंबी दूरी तय कर मतदान करने जाना पड़ता है, वैसे मतदान केन्द्र जो सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लावालौंग प्रखण्ड में 02, सिमरिया प्रखण्ड में 04 एवं ईटखोरी प्रखण्ड में 01 कुल 07 मतदान केन्द्र स्थित है जिसका स्थल परिवर्तन किया जाना है तथा टण्डवा प्रखण्ड के 01 मतदान केन्द्र जिसका नाम में संशोधन शामिल है। वहीं चतरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 15 मतदान केन्द्र है जिसका स्थल परिवर्तन तथा एक मतदान केन्द्र का नाम में संशोधन किया जाना है। उक्त के संदर्भ में उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमती दी। उक्त प्रस्ताव को मंत्रीमंडल रांची निर्वाचन आयोग को भेजने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमारी वेदवंती, सभी राजनितिक दल के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी,कर्मी उपस्थित थे।

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मलहटोली का जलापूर्ति निर्माण कार्य अधुरा




**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पंचायत लात के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मलहटोली में पिछले वर्ष अधिष्ठापित जलापूर्ति योजना जो अबतक अधुरा ही है क्योंकि योजना लगने के तुरंत बाद खराब पड़ा हुआ है।इस संबंध में प्रभारी शिक्षक गणेश यादव ने प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी को आवेदन देकर मरम्मती कार्य कराने की मांग की है। आवेदन पत्र के माध्यम से बताया गया है कि पंचायत के मुखिया इश्वरी देवी को दो तीन बार लिखित आवेदन पत्र दिया गया पर उनके द्वारा मिस्त्री भेज देंगे यही बात कहकर हमेशा टाल दी जाती है वहीं ठेकेदार भी मिस्त्री नहीं भेजता है और विद्यालय बंद रहने के दौरान मोटर का स्टार्टर चुपके से उठा ले गया है।पत्र में बताया गया है कि मध्याह्न भोजन बनाने के लिए काफी दूर से पानी लाया जाता है मध्यान्ह भोजन बनाने में और बच्चों को पेयजल की भारी किल्लत हो रही है। वहीं इस संबंध में प्रमुख ने बताया कि संबंधित कर्मी , वेंडर की लापरवाही को लेकर जिले के उपायुक्त गरिमा सिंह को पत्राचार किया जाएगा एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुशंसा की जाएगी।

# युवा समाजसेवी राहुल पाण्डेय ने ली आजसू की सदस्यता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में युवा समाजसेवी राहुल पाण्डेय को जिला अध्यक्ष अमित कुमार के द्वारा पार्टी का पट्टा पहनाकर आजसू पार्टी कि सदस्यता दिलाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राहुल कुमार लंबे अरसे से प्रेस के लिए कार्य कर रहे हैं उनका क्षेत्र में जो अनुभव है उससे पार्टी को मजबूती मिलेगी एवं जनता कि आवाज को बुलंद करेंगे। मौके पर राहुल पाण्डेय ने कहा कि सुदेश महतो एवम आजसू पार्टी के नीति सिद्धांतों से प्रभावित होकर आजसू की सदस्यता ली है।पार्टी के द्वारा जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उसपे खरा उतरूंगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्रावण पासवान ओबीसी जिलाध्यक्ष नितेश जयसवाल जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी विजेंद्र दास सहित सभी नेताओं ने बधाई दी।

# लातेहार पुलिस ने चलाई वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देशानुसार दिन गुरुवार को लातेहार सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों के द्वारा लातेहार थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। खासकर बिना हेलमेट पहने वाहन चला रहे लोगों पर पुलिस कि कड़ी नजर थी। जांच के दौरान बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चला रहे 21 मोटरसाइकिल को पुलिस ने जप्त किया है। वहीं 17 वाहनों का चालान 17 हजार काटा गया है। साथ ही साथ चार वाहनों को जप्त की गई। वहीं पुलिस ने बाइक चालकों को डीटीओ कार्यालय से चालान कटवाने की बात कही।अक्सर देखा जा रहा है कि दो पहिया वाहन चलाने वाले व्यक्ति के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है और यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए बाईक को चला रहे हैं जिसे लगाम लगाने को लेकर लातेहार पुलिस की बड़ी पहल है। वहीं मनिका में थाना के सामने मनिका थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर एनके नीरज एवं पुलिस बल के जवानों के द्वारा दो पहिया वाहनों की जांच की गई। **बारियातू मे चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान :** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देशानुसार ट्रैफिक नियमो का अनिवार्य रूप से पालन करने को लेकर बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर के नेतृत्व मे बारियातू थाना व फूलसु मोड़ के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया.इस हेलमेट, सीटबेल्ट सहित अन्य दस्तावेज का चेकिंग किया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावर ने कहा कि सड़क दुर्घटना के मामलों में कमी लाने के उद्देश्य से क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को पुलिस की टीम और परिवहन विभाग के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे मुख्य रूप से हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवर लॉड, वाहन के कागजात की भी जाँच की गई. ज्ञात हो की लातेहार एसपी ने बुधवार को जिले के पुलिस अधिकारियों और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग भी की थी. मीटिंग के दौरान एसपी ने बताया कि पुलिस द्वारा गत जनवरी माह में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया था।

## परियोजना इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय को प्लस टू में अपग्रेड करें

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने परियोजना इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय को प्लस टू में अपग्रेड करने की माँग किया है जिसको लेकर उन्होंने सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड रांची उमाशंकर प्रसाद सिंह से भेंट कर एक आवेदन सौंपा ।लिखे आवेदन में उन्होंने कहा है कि लातेहार जिला अंतर्गत प्रखंड बालूमाथ में कई उच्च विद्यालय हैं जबकि बालूमाथ मुख्यालय में एकमात्र राजकीय कृत प्लस टू विद्यालय बालूमाथ अवस्थित है द्य इससे विद्यालय में विद्यार्थियों का काफी भार रहता है द्य वर्तमान समय में विद्यालय में 3000 से ज्यादा विद्यार्थी नामांकित है और उस अनुरूप विद्यालय में ना तो बैठने के कमरे हैं और न हीं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है द्य परियोजना इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय बालूमाथ को अपग्रेड करने से राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय बालूमाथ का भार कुछ कम होगा और विद्यार्थियों को सुलभ शिक्षा मिल पाएगी द्य परियोजना विद्यालय की अपनी भूमि लगभग तीन एकड़ है एवं विद्यालय परिषद में 100 बेड का हॉस्टल निर्मित है द्य विद्यालय का अपना खेल मैदान एवं चाहरदिवारी है द्य इस प्रकार बालिका उच्च विद्यालय प्लस टू में अपग्रेड होने की सभी अहर्ता पूरी करता है द्यसाथ ही यह बालिका शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा द्य मौके पर जिप उपाध्यछ को शिछा सचिव के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि इस पर जल्द पहल की जाएगी।

# बालूमाथ में चार अलग-अलग सड़क दुर्घटना में सात घायल, 2 रिम्स रेफर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र मेंगुरुवार को अलग-अलग चार सड़क दुर्घटना में 7 लोग घायल हो गए इनमें दो कि स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर किया गया।पहली घटना बालूमाथ थाना क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम के समीप घटी जहां बसिया ग्राम निवासी सत्येंद्र गंझु एवम विकास उरांव दोनों मोटरसाइकिल से गणेशपुर से अपने घर बसिया आने के क्रम में असन्तुलित होकर गिर और दोनों घायल हो गया ।आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां चिकित्सक डॉक्टर अलीशा टोपो द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया जहां सत्येंद्र गंझु की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना अंग्रेजी शराब दुकान के समीप घटी जहां दो बाइक की हुई आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए ।घायलों में रोहित गंझु एवं किशोर करमाली दोनों ग्राम खलारी जिला रांची एवं बालूमाथ थाना क्षेत्र के मरांग लोइया निवासी बबलू गंझु शामिल है बताया जाता है कि रोहित बाइक से सवार होकर बालूमाथ से अपने घर खलारी जा रहा था इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे बबलू गंझु के साथ सीधी टक्कर हो गई। आसपास के ग्रामीणों का सहयोग से तीनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक इलाज की गई। वही तीसरी घटना बनियों ग्राम के समीप घटी जहां बाइक सवार बालेश्वर उरांव ग्राम बनियों बालूमाथ से अपने घर वापस जाने के दौरान आगे जा रही एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दिया। और वह घायल हो गया जिसका इलाज भी अस्पताल में किया गया।वही चौथा घटना मुरपा के समीप घटी ।जहां निर्मल यादव एवम बालेश्वर उरांव दोनो ग्राम बोंगा दाग थाना बरियातू घायल हो गया ।बताया जाता है कि एक बाइक में सवार होकर निर्मल यादव एवं बालेश्वर उरांव दोनों मैक्लुस्कीगंज से अपने घरबोंगा दाग वापस जा रहा था इसी बीच मुरपा के समीप असंतुलित होकर गिर गया । दोनों घायलों को बालूमाथ अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बालेश्वर उरांव की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स कर दिया।

# मनरेगा योजनाओं में करोड़ों रुपए खर्च का ऑडिट प्रभावित होने की संभावना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड बरवाडीह के नौ पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2021/22/23/24 सत्र के मनरेगा योजनाओं का ऑडिट कार्य सरकार के निर्देशानुसार शुरू हो चुका है। जहां प्रखंड के चुंगरु पंचायत में लगभग 6 करोड़ 95 लाख पंचायत केड़ में 6 करोड़ 32 लाख पंचायत लात में 3 करोड़ 76 लाख पंचायत मंगरा में 2 करोड़ 95 लाख हरातू पंचायत में 1 करोड़ 90 लाख पंचायत केचकी में 2 करोड़ 19 लाख उक्कामाड़ पंचायत में 1 करोड़ 32 लाख पोखरी कला पंचायत में 66 लाख और मोरवाई कलां पंचायत में 48 लाख रुपए कुल 26 करोड़ का ऑडिट कार्य चल रहा है जो मनरेगा योजनाएं जैसे डोभा निर्माण,कुप निर्माण, टीसीबी मेढ़बंदी समेत अन्य योजनाओं में खर्च किए गए हैं। वहीं प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास निर्माण में मजदूरी के लिए खर्च किए गए हैं। जहां उक्त खर्च राशि का लेखा-जोखा सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा नियमानुसार किया जा रहा है इस क्रम में सामाजिक अंकेक्षण दल को योजनाओं का अभिलेख उपलब्ध करा दिया गया है। वहीं पंचायत चुंगरू, केड़ ,लात मंगरा उक्त सभी अभिलेखों का संधारण करते योजना स्थल का मुआयना, लाभुकों व मजदूरों से मिलकर वार्ता करना तीन चार दिनों में संभव नहीं क्योंकि अकेले चुंगरू पंचायत में लगभग दो हजार से अधिक अभिलेख हैं। बताया जा रहा है कि बिचौलिए अंकेक्षण प्रक्रिया को प्रभावित करने में लगे हैं क्योंकि योजना स्थल पर अधिकांश योजनाएं नहीं हैं,500 मीटर के दायरे में दर्जनों योजनाएं ऑनलाइन है पर दिखता नहीं है,कई कुपों की गहराई 25 से 28 फ़ीट तक ही है। वहीं आम बागवानी की बात करें तो 60 प्रतिशत धरातल पर मौजूद नहीं है, दीदी बाड़ी योजना में सिर्फ फर्जीवाड़ा ही हुआ है। वहीं कल्याणकारी योजनाओं में पीएम आवास योजना जिसमें 60 प्रतिशत लाभुका को मनरेगा से मजदूरी की राशि नहीं मिल पाई जिसमें बड़ा योगदान पंचायत स्वयं सेवक का रहा है। ऐसे में सामाजिक अंकेक्षण दल से इमानदारी और निष्ठा पूर्वक ऑडिट बेमानी लगती है या फिर भ्रष्टाचार।

## अवैध रूप से भंडारण किए गए बालू को प्रशासन ने किया जप्त



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका थाना क्षेत्र के कोपे पंचायत के जगतु एवं कोपे में अवैध रूप से किए गये बालू का भंडारण को लातेहार खनन बिभाग के दवारा जप्त कर लिया गया है।खनन बिभाग दवारा लगातार अवैध बालू भंडारण पर करावाई की जा रही है। थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि अवैध बालू भंडारण करने वाले लोगों को चिन्हित कर नए कानून के तहत मनिका थाना में यह पहला मामला दर्ज किया जाएगा। मौके पर खान निरिक्षक पदमलोचन, अंचल अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला, थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा,अंचल निरीक्षक अमित कुमार, समेत सस्त्र बल के जवान शामिल थे।हालांकि खबर लिखे जाने तक थाना में केस दर्ज नहीं की गई थी।

## एलईडीपी प्रशिक्षण में प्रशिक्षित 90 महिलाओं का हुआ सम्मान, सशक्त और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में पेहला कदम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आजीविका और उद्यम विकास कार्यक्रम (एलईडीपी) के तहत भारतीय जन जागृति केंद्र द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में प्रशिक्षित 90 महिलाओं का सम्मान सह प्रमाण पत्र वितरण समारोह गुरुवार को संस्था के सभा भवन में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त नैन्सी सहाय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में जो आप सबों ने सीखा है उसे आगे भी बढ़ाएं.अपने द्वारा बनाए गए प्रोडक्ट खिलौना, बैग समेत अन्य वस्तुएं का मार्केटिंग कर सशक्त बने आत्मनिर्भर बने. मार्केटिंग के लिए प्रशासनिक सहयोग कैसे मिले इसके लिए प्रयास किया जाएगा. इससे पूर्व उमेश प्रताप ने उपायुक्त को शॉल एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया. डीडीएम नाबार्ड ऋचा भारती ने कहा कि कम समय में आपलोंगो ने बहुत चीजों का बनाने के लिए सिखा है आगे मार्केटिंग के सहयोग का भरोसा दिलाया. एलडीएम राकेश आजाद ने कहा कि आप सब उद्यमी बनकर आगे बढ़ें. लघु उद्योग स्थापित करने में बैंक हर संभव सहयोग करेगा। संस्था के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने विगत 37 वर्षो में किए गए जनहित के कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाएं बदलाव की दिशा में तेजी से बढ़ रही है। एलईडीपी के तहत दिए गए प्रशिक्षण से उनकी महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी इससे परिवार, समाज और देश सशक्त होगा। होली क्रॉस की पूर्व प्रोविंशियल सिस्टर रोसिली ने भारतीय जनजाति केंद्र के कार्यो की




प्रशंसा करते हुए कहा कि आरंभ से ही यह संस्था बेहतर काम कर रही है। उमेश प्रताप जी ने कई ऐसे काम किए हैं जो समाज में एक उदाहरण है। इनसे युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है। जन जागरण केंद्र के सचिव संजय कुमार सिंह भारतीय जन जागृति केंद्र के कार्यो की खूब प्रशंसा की। उन्होंने आशा जताया कि जो 90 महिलाएं सॉफ्ट टॉय और जूट का प्रशिक्षण ली है उससे उनकी आर्थिक स्थितियों में व्यापक बदलाव आएगा। सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता, इचाक बीडीओ संतोष कुमार,मुखिया अशोक कपरदार, प्रशिक्षिका विद्या रानी शुक्ला, प्रशिक्षु अंजू देवी ने अपनी विचारों को रखा.मौके पर उपायुक्त सहित अन्य अतिथियों ने अंजू देवी, कौशल्या देवी सहित अन्य प्रशिक्षित सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया. इसके अलावा अन्य 90 प्रशिक्षित महिलाओं को पदाधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. मंच संचालन मो मुज्जफर ने किया. मौके पर समाजसेवी रमेश कुमार हेमरोंम, मुखिया प्रतिनिधि रविशंकर उर्फ भोला,संस्था के उपाध्यक्ष अशोक कुमार, कनीय अभियंता जयमंगल सिंह, इचाक प्रखंड लाइबली हुड एक्सपट कुमार शिवम, अर्णव वर्मा, विजय कुमार,बालेश्वर मेहता के अलावा प्रशिक्षित महिलाएं शामिल थी.

## गर्भपात के दौरान महिला की हुई मौत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** इचाक के चपरख गांव के रहने वाली लक्ष्मी देवी का गर्भपात करने के दौरान मौत हो गई . बताया जाता है कि उसके पेट में 3 महीने की बच्ची थी लोगों ने बताया कि बरही के एक नर्सिंग होम में उसका भ्रूण जांच कराया गया जहां पता चला कि उसके पेट में बच्ची पल रही है.परिवार वालों ने सहिया की मदद से उसे हजारीबाग के आशा किरण नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां गर्भपात के दौरान उसकी मौत गई. आपको बता दे कि भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है बावजूद इसके नर्सिंग होम में इस तरह के जांच पैसे के बल पर आज भी किए जा रहे हैं . इस पूरे घटनाक्रम मे सबसे शर्मनाक बात यह है कि पति ने पत्रकारों के सामने हंसते-हंसते यह कबूल किया के लड़के की आस में उसने अपनी पत्नी का गर्भपात कराया था जिसमें नर्सिंग होम के संचालक ने पैसे लेकर उसका साथ दिया. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हजारीबाग के छोटे बड़े नर्सिंग होम्स में इस तरह का गोरखधंधा होते रहता है. हैरानी की बात यह है की इन नर्सिंग होम्स पर शिकंजा कसने के लिए कानूनी कार्रवाई नहीं होती है जिस वजह से इनका मनोबल बढ़ता जा रहा है. भ्रूण हत्या के संबंध में आशा किरण नर्सिंग होम के संचालक से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कुछ भी कहने स इनकार कर दिया.

## बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम आज



**बड़कागांव :** आजसू पार्टी के केंद्रीय महा सचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी के निर्देशानुसार 5 जुलाई सुबह 11:00 बजे बड़कागांव आजसू कार्यालय से पैदल मार्च के साथ बडकागाव प्रखण्ड कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रखण्ड कार्यालय सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केन्द्रीय समिति, जिला समिति, प्रखण्ड समिति, पंचायत समिति, ग्राम प्रभारी, महिला प्रकोष्ठ, युवा मोर्चा, चुलहा प्रमुख एवं अनुषंगी इकाई के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दल-बल के साथ उपस्थिति होने की अपील की गई है।

## प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो कप अंडर 15 बालक वर्ग फुटबाल टूर्नामेंट का दूसरा दिन संपन्न

**हजारीबाग :** कर्जन ग्राउंड हजारीबाग में उत्तरी छोटानगपुर प्रमंडल स्तरीय अंडर 15 बालक वर्ग का फुटबाल टूर्नामेंट का आज दूसरा दिन जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन ,जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुनिला लकड़ा के निर्देशन में प्रारंभ हुआ । खेल की शुरुआत क्वार्टर फाइनल में धनबाद और बोकारो के साथ हुआ जिसमे धनबाद 6-0 से विजयी रहा, गिरिडीह और रामगढ़ में गिरिडीह 8-0 से, हजारीबाग और चतरा में हजारीबाग 1-0 से विजयी होकर सेमीफाइनल में स्थान बनाया, वहीं कोडरमा बाई द्वारा सेमीफाइनल में पहुंचा। सेमीफाइनल का प्रथम मैच गिरिडीह और कोडरमा में बीच हुआ जिसमे गिरिडीह खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए कोडरमा पर4-0 से जीत हासिल की और फाइनल में स्थान बनाया, वहीं दूसरे सेमीफाइनल मैच में धनबाद ने हजारीबाग को 4-0 से शिकस्त देकर फाइनल में स्थान बनाया। खेल को सुसंगत रूप से संचालित करने में जिले के शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं फुटबॉल एसोसिएशन की रेफरी,तथा विधिव्यवस्था को कायम रखने में बीआरपी सीआरपी एवं शिक्षकगण की भूमिका महत्वपूर्ण रही। उपरोक्त सूचना मीडिया प्रभारी संजय तिवारी ने दिया।

## ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही हुई मौत



**हजारीबाग:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ओरिया ओवरब्रिज के समीप बुधवार देर रात्रि करीब 10 बजे ट्रक संख्या जेएच 02 एएन 3169 की चपेट में आने से युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान गोमीया के साड़म निवासी दीपक कुमार कश्यप पिता राम लखन कश्यप के रूप में हुई है। इस संबंध में मृतक के बाइक पर सवार सूचक ओमप्रकाश गुप्ता ने मुफस्सिल थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन के अनुसार डेमोटांड स्थित प्रिंटिंग प्रेस से देवघर यूनिट का अख़बार लेकर देवघर वाली बस में देने बाइक से दीपक और ओमप्रकाश जा रहे थे। बाइक दीपक चल रहा था और ओमप्रकाश पीछे बैठा था। ओरिया ओवरब्रिज के समीप उबर-खाबर रास्तों की वजह से बाइक के बाएं तरफ से एक ट्रक ओवरटेक ले रहा था। ओवरटेक लेने के क्रम में ट्रक बाइक को धक्का मार दिया जिससे चलक बाएं तरफ ट्रक की ओर गिर गया और हेलमेट सहित चक्का उसके सर पर चढ़ जाने से घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। वही ओमप्रकाश दाहिनी और गिरा जिससे उसे पर में चोट लगी। धक्का मार कर ट्रक फरार हो रहा था इसी क्रम में पीछे से एक अज्ञात बाइक ने ओम प्रकाश को अपने बाइक पर बैठकर सिंहनी के पास ट्रक को पकड़ लिया। ट्रक को पकड़ते ही चालक वहां से फरार हो गया।

## ट्रक ने एक व्यक्ति को कुचला, घटनास्थल पर ही मौत



**दारू :** थाना क्षेत्र अंतर्गत झुमरा एसबीआई बैंक के समीप गुरुवार को एक ट्रक जिसका नंबर जेएच09Y 6017 है, एक व्यक्ति को कुचल डाला जिससे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। व्यक्ति की पहचान इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत आशिया निवासी गाजो राम उम्र लगभग 55 वर्ष है। घटनास्थल पर दारू थाना प्रभारी सफीक खान दलबल के साथ पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और वाहन चालक को अपने हिरासत में लेकर थाने लाया। वाहन चालक रंजीत कुमार जो बिहार का रहने वाला है उसने बताया कि अचानक ब्रेक लगाने से ब्रेक काम नहीं किया जिसके कारण ऐसा घटना घटा। शव को 108 एंबुलेंस की मदद से थाने लाया गया। मृतक के परिवार वाले थाने पहुंचा जहां उन्होने कहा की इस व्यक्ति का एक बेटा है जो पूरी तरह से बेरोजगार है। भरण पोषण के लिए ये अकेला कमाने वाला व्यक्ति थे जब नहीं रहे इसलिए सरकार से आर्थिक मदद की गुहार लगाते है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि ट्रक हजारीबाग से बगोदर की ओर जा रही थी इसमें नए ऑटो भी लोड थी। बाजार में काफी भीड़ था। ट्रक चालक का ध्यान आगे की ओर था बाई तरफ अच्छी तरह से ध्यान नहीं देने के कारण व्यक्ति ट्रक के चपेट में आ गया जब तक गाड़ी रूकती तब तक ट्रक का पहिया माथे पर चढ़ गया जिससे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही लोगों ने सामूहिक रूप से बताया कि प्रत्येक गुरुवार को झुमरा मे साप्ताहिक बाजार लगता है जिसमे काफी भीड़ होती है। आए दिन बकरा,बकरी एवं अन्य पशुओं को बेचने वाले विक्रेता एनएच 522 के किनारे लगभग आधे रोड को घेरे रहते हैं जिसमें थोड़ी सी जगह पर में ही गाड़ियां का आवागमन होता रहता है। स्थानीय प्रशासन एवं बाजार समिति का इस पर कोई ध्यान नहीं है बाजार समिति केवल चुंगी वसूली मे लगे रहते है। बाजार समिति को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सरकार को बाजार से बड़ा रेवेन्यू प्राप्त होता है फिर भी सभी सोए है। खबर लिखने तक शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा गया था।

## लोकलाल महतो की 8वीं पुण्यतिथि पर परिजनों एवं ग्रामीणों ने किया नमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ की धरती के माटी के लाल गिरिडीह के पूर्व सासंद स्व. टेक लाल महतो के अग्रज भ्राता व भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य झारखंड आंदोलन कारी चन्द्र नाथ भाई पटेल के पिता लोकलाल महतो की 8 वीं पुण्यतिथि ग्राम चानो स्थित पिनेकल इगनाईटेड स्कूल में मनाया गया।पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिजनों एवं चानो निवासियों के द्वारा माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों ने दो मिनट का मौन उनको याद किया। इस अवसर पर चन्द्रनाथ भाई पटेल ने लोगों को संबोधित



करते हुए उनकी जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भले स्व.लोकलाल महतो अनपढ व किसान थे,इसके बावजूद भी वे लोगों को पढाई के लिए प्रेरित करते थे । उनके कथनानुसार आज के दौर में यह बात चरितार्थ होती है,उनकी दूरदृष्टि ने आज कुर्मी समुदाय को बहुत प्रेरणा दी है।पटेल ने कहा कि आज प्रतियोगी दौर में पठन- पाठन निहायत जरुरी है। इस अवसर बच्चों व प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले लोगों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्य रूप से डा.नीलम कुमारी, संजय कुमार महतो, संजय कुमार (प्राचार्य), कौलेश्वर महतो, ज्योत्सना कुमारी, नीतू कुमारी, पप्पू चौधरी , दिनेश कुमार, खुश्बू कुमारी, करीना कुमारी ,काजल कुमारी, मीना देवी,समेत पिन्नेकल इग्नाइटेड माइंड्स स्कूल चानो के शिक्षक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## विजय कुमार कसेरा ने खुट्टा बाबा जाकर की पूजा अर्चना, माँगा जीत का आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** झारखण्ड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ती जा रही है। ऐसे में दावे-प्रतिदावे के बीच अनेको प्रत्याशियों के नाम सामने आ रहे है। इस बीच विधानसभा चुनाव को लेकर मांडू विधानसभा क्षेत्र से विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत प्रत्याशी विजय कुमार कसेरा ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की ताल ठोक दी है। अभी जहाँ सत्ता पक्ष एवं विपक्ष अपने प्रत्याशियों के चयन भी नही किया है,वहीं विजय कुमार कसेरा ने अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। इस दौरान निर्दलीय प्रत्याशी विजय कुमार कसेरा ने अपने समर्थकों के साथ खुट्टा बाबा मंदिर जाकर पूजा अर्चना कर माथा टेक कर जीत का आशीर्वाद माँगा। इस मौके पर निर्दलीय प्रत्याशी विजय कुमार कसेरा ने कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र की जनता का कोई काम समय पर नहीं किया जाता है। यहां की जनता भ्रष्ट अफसरों से काफी त्रस्त है।गरीब असहाय लोगो को किसी भी योजना से लाभ नहीं मिल पा रहा है और विधानसभा के तुलना में मांडू विधानसभा क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। आमजन को ना ही सड़के मिल रही है,ना ही पानी इसको लेकर मेरा दिल दुखता है। विष्णुगढ़ को जल्द से जल्द पूर्ण अनुमंडल का दर्जा दिया जाय।वर्षो से मांडू विधानसभा में एक ही परिवार का कब्जा है,अब परिवारवाद नही चलेगा।मैं एक गरीब एवं घर का बेटा हूं,मुझे माण्डू विधानसभा की जनता आशीर्वाद देगी तो इस क्षेत्र का कायाकल्प करने की दिशा में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दूँगा।

## टाटीझरिया बीडीओ ने किया घर घर मतदाता सर्वेक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** गुरुवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा घर घर सर्वेक्षण की जांच टाटीझरिया पंचायत के होलंग एवं बिसाई में किया गया। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने और सभी योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, मृत, विवाह के कारण स्थायी रूप से बाहर जाने, किराएदार का संबंधित मतदान केंद्र से अन्यत्र चले जानेवाले मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाने, रिपीटेड मतदाता का एक जगह से नाम हटाने सहित मतदाता का नाम, फोटो आदि में सूधार हेतू घर घर सर्वे का कार्य किया गया। बीडीओ द्वारा घर घर सर्वेक्षण कार्यक्रम के दौरान पेंशन से संबंधित 3 मामलों का निपटारा ऑन द स्पॉट किया गया।

## हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट की बंदी पर जताई गंभीर चिंता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में पीएम केयर फंड से अधिष्ठापित दो पीएसए ऑक्सीजन प्लांट के बंद रहने और आए दिनों लगातार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सीय लापरवाही की गंभीर समस्या को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनसे जुड़े रंजन चौधरी ने गुरुवार को हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय से उनके समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में विशेष मुलाकात की और जनहित में जरूरतमंद मरीजों के लिए तत्काल इसपर संज्ञान लेते हुए उचित कारवाई करने का आग्रह किया ताकि किसी जरूरतमंद मरीज की समय पर जिंदगी बचाई जा सके। रंजन चौधरी ने उपायुक्त नैंसी सहाय को बताया की महीनों से मेडिकल कॉलेज अस्पताल का पीएसए ऑक्सीजन प्लांट बंद है जिससे विभिन्न वार्डो के बेड में पाइपलाइन से ऑक्सीजन आपूर्ति बाधित हो रही है। कई बार अत्यधिक ऑक्सीजन के जरूरतमंद मरीजों को ऑक्सीजन की कमी के कारण रिम्स रेफर कर दिया जाता है। रंजन चौधरी के द्वारा उपायुक्त नैंसी सहाय को संज्ञान में दिए जाने के बाद उपायुक्त नैंसी सहाय ने उन्हें आश्वस्त किया की ऑक्सीजन प्लांट के मेंटेनेंस का विकल्प तलाशा जा चुका है और जल्द ही इसे सुचारू करके डीएमएफटी के तहत इसका मेंटेनेंस किया जाएगा ताकि ऑक्सीजन आपूर्ति बाधित ना हो।

## रसोईया धमना मोड पर अंडरपास की मंजूरी से ग्रामीणों में खुशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** थाना अंतर्गत रसोईया धमना मोड पर अंडरपास की व्यवस्था नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिसे लेकर ग्रामीणों ने पूर्व सांसद जयंत सिन्हा व बरही विधायक उमाशंकर अकेला, प्रशासनिक पदाधिकारीयो समेत एनएचआई के अधिकारियों से लगातार मांग कर रहे थे की रसोइया धमना मोड पर एक अंडर पास दिया जाए। चार लाइन में ही कई सड़क दुर्घटनाएं हो रही थी यदि आठ लाइन का निर्माण हो जाता तो ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता। गुरुवार को निर्माण कार्य कर रहे कंपनी के कर्मियों ने रसोईया धमना मोड पर आकर ग्रामीणों को बताया कि अंडरपास की मंजूरी मिल चुकी है। खबर पाकर ग्रामीणों में काफी खुशी देखी गई। बता दे की पंचायत के युवा समाज तौकीर रजा व पत्रकार राजदेव साहू के नेतृत्व में ग्रामीणों के सहयोग से लगातार आवाज उठाई जा रही थी। समाजसेवी तौकीर रजा व पत्रकार राजदेव साहू ने बताया कि सड़क के उसपार कब्रिस्तान, शमशान घाट व खेती बारी की सुविधा है। यहां तक की एक बस्ती भी बस गया है, जिसका आना-जाना दोनों साइड लगा रहता है। खेती करने के लिए लोग जानवर भी ले जाया करते हैं, इस दौरान कई घटनाएं घट चुकी है। अब अंडर पास बन जाएगा तो घटनाएं कम हो जाएगी। मौके पर प्रवीण साहू, मो. तबरेज, मो. इरशाद, विजय साहू आदि मौजूद थे।

## बरही हाउस में टीएसएस की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही हाउस में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साहू के नेतृत्व में टीएसएस के बरही प्रखंड के पदाधिकारियों की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें बरही प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में तिलेश्वर साहू सेना के मूल विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों को जागरूक करके संगठन में शामिल करने हेतु महत्त्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श हुआ। बैठक सभी बरही के टीएसएस प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार, प्रधान महासचिव विष्णुधारी महतो, उपाध्यक्ष छोटन ठाकुर, उपाध्यक्ष प्रकाश दास व भोली पासवान, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमीरूद्दीन अंसारी, प्रवक्ता छोटी राम, कार्यकर्ता रामेश्वर दास, सुनिल केशरी, सूरज हेम्ब्रम, महेश सोरेन, रवि साव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## नीति आयोग के संपूर्णता अभियान का चौपारण प्रखंड में हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नीति आयोग,भारत सरकार अंतर्गत आकांक्षी प्रखंड चौपारण में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी एवं अंचल अधिकारी सह बाल विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव के अध्यक्षता में प्रखंड सभागार चौपारण में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर आज सुबह विद्यालयों के बच्चों के द्वारा संपूर्णता अभियान के तहत् प्रभात फेरी निकाला गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी,शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, आकांक्षी प्रखंड फेलो नीति आयोग, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक तथा कर्मी उपस्थित थे। साथ में विद्यालय के शिक्षक तथा कर्मी उपस्थित थे। आज प्रखंड में सभी चार क्षेत्रों के छह इंडिकेटरों जिसमें स्वास्थ्य, कृषि, जेएसएलपीएस, पोषण, पशुपालन विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया। स्टॉल के माध्यम से एएनसी चेकअप, गोद भराई, अन्नप्राशन,हरा सब्जी ऑर्गेनिक नर्सिंग आदि की जानकारी दी गई।

## जिप सदस्य शेख तैयब ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम गैड़ा में विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद् सदस्य शेख तैयब ने अपने के दो साल के कार्यकाल में 29वें ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता काटकर किया। ज्ञात हो की दो दिन पूर्व शेख कयूम के घर के समीप लगे ट्रांसफार्मर में ठनका गिरने से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना जिप सद्स्य शेख तैयब को दी,शेख़ तैयब अपने निजी कार्य से मुंबई से लौटते ही गांव पहुंचे ग्रामीणों को साथ लेकर हजारीबाग पहुंच गए। त्वरित कार्यवाही करते हुए 100 केबीए का ट्रांसफार्मर दिलाया जिसका उद्घाटन आज किया गया। जिप सदस्य शेख तैयब पूरे हजारीबाग जिले में सबसे सक्रिय प्रतिनिधि हैं। जो अपनी त्वरित कार्यवाही वाली कार्यशैली के के लिए क्षेत्र में जाने जाते हैं और काफी लोकप्रिय है। मौके पर प्रमुख रूप से पंचायत समिति सद्स्य महताब हुसैन समाज सेवी,अस्लम अंसारी, शेख कयूम, जलील अंसारी, इलताफ अंसारी, बलदेव यादव, बिलाल अंसारी, शेख रशीद, शेर मोहम्मद अंसारी, इकराम अंसारी, इरशाद अंसारी, मुजफ्फर अंसारी समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एक पेड़ अपनी माँ के नाम से जरूर लगायें : नीरज गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भाजपा के स्वच्छ भारत अभियान के जिला संयोजक नीरज गुप्ता ने हजारीबाग के आम आवाम से एक पेड़ अपने माँ के नाम लगाने की अपील की है उन्होंने कहा की भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे भारत के लोगो से अपील की है की प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पेड़ अपनी माँ के नाम से जरूर लगायें इसी से प्रेरित होकर उन्होंने हजारीबाग के लोगो से पेड़ लगाने की अपील है. उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष वे 21000 पेड़ लगाने का संकल्प लिए हैं जिसे पूरा करने के लिए वे अपने सहियोगियों स्वच्छ भारत अभियान के नगर संयोजक सतीश पासवान सह संयोजक पंकज ठाकुर रणजीत राम सदर प्रखंड संयोजक बसंत कुमार मेहता सहसंयोजक मिंटू नायक पंकज यादव एवं अन्य के साथ मिलकर जबरा मुक्तिधाम, इंटर साइंस कॉलेज, बाबू गाँव पकाही, कनहरी रोड, नूतन नगर, ओरिया, शिवपुरी, जबरा, कोर्रा चौक इत्यादि क्षेत्रों मे लगे हुए हैं.

## वर्तमान की झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह से लिप्त है : ब्रह्मदेव महतो

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को आजसू ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया।इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद केंद्रीय सचिव सह पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मौके पर उन्होंने कहा की वर्तमान की झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह से लिप्त है,राज्य के हर विभाग में जनता का काम बिना रिश्वत का नही होता।अंचल से लेकर बीडीओ कार्यालय तक भ्रष्टाचार में व्याप्त है।इस दौरान सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार,प्रशासनिक उदासीनता तथा अन्य समस्याओं के खिलाफ बीडीओ को ज्ञापन सौपा गया।मौके पर नगर परिषद सचिव मनोज महतो,प्रखंड अध्यक्ष पंकज महतो ,प्रखंड प्रवक्ता छोटेलाल महतो,राजकिशोर महतो, बिक्की वर्मा, नेमधारी महतो, प्रसांत महतो,वीणा देवी, सुनीता देवी, लीलावती देवी,मीणा देवी सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## पूर्व विधायक ममता देवी ने दो सौ केवी ट्रांसफॉर्मर का किया उद्घाटन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के साडम पंचायत स्थित टोनागातु गांव में कुछ दिन पहले सौ केवी का ट्रांसफार्मर जल गया था जिसकी जानकारी पुर्व विधायक ममता देवी को दिया गया था।जानकारी के बाद पुर्व विधायक के द्वारा विभाग के अधिकारियों से बात कर 200 केबी का ट्रांसफार्मर लगाया गया जिसका विधिवत उद्घाटन फीता काट कर किया गया। इस दौरान ग्रामीणों में काफ़ी उत्साह का माहौल दिखने को मिला तथा पुर्व विधायक ममता देवी का आभार व्यक्त किया। मौके पर रामगढ़ विधानसभा की पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, समाजसेवी मनोज पुझर प्रदीप महतो कमलेश कुमार संजय कुमार वकील महतो कुंजलाल पंडित रवि कुमार रोहित कुमार शिव महावीर महतो पाली धूमेश महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## रक्तदान है सबसे बड़ी सेवा : धनंजय कुमार

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** किसी की जान बचाने के उद्देश्य से सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति (RBSS) द्वारा संचालित ब्लड डोनर ग्रुप द्वारा लगातार जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क ब्लड उपलब्ध कराया जाता है। इसी कड़ी में गुरुवार को आरबीएसएस के जिला प्रवक्ता राहुल शर्मा ने अपने जन्मदिन पर रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी भाजपा नेता व संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस एवं ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर रेणु कुमारी की उपस्थिति में सदर अस्पताल स्थित रामगढ़ ब्लड बैंक में रक्तदान किया। रक्तदान करने के उपरांत राहुल शर्मा ने कहा धनंजय कुमार पुटूस जी रक्तदान के लिए हमलोगों को हमेशा प्रेरित करते हैं, उसी से प्रभावित होकर अपने जन्मदिन पर किसी की जान बचाने के उद्देश्य से रक्तदान कर खुशी महसूस कर रहा हूँ।उपस्थित संजू कुमारी, जीएनएम प्रियंका कुमारी ,गुलाबी कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रियंका कुमारी, जितनी देवी, कृष्णा दास, अजय राम।

**AFFIDAVIT**

Executive magistrate, Ramgarh

1. Manoj Kumar Mahto S/o Banodhi Mahto, aged about- 41 years, by faith- Hindu, by Occupation- Private Job, by Nationality-Indian, R/o- Toyara, P.?.- Topa, P.S.-Mandu, Dist- Ramgarh (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare is as follows:-

**1.** That my actual and correct name is Manoj Kumar Mahto, which has been mentioned in my Aadhar Card No.- 5617 3193 4214.

**2.** That my name has been mentioned in Manoj Kumar in bank Passbook, Bank of India, Topa Branch vide A/c No.-486810110000566.

**3.** That Manoj Kumar Mahto and Manoj Kumar is the both name of same and one person i.e. myself.

**4.** That this affidavit is required for authority concern for doing need-ful.

**5.** That the above state-ments are true and cor-rect.Manoj Kumar Mahto DeponentVERIFICATION1. Manoj Kumar Mahto do hereby declare that the above contents are true and Me correct to the best of my knowl-edge and belief. Verified and signed at Ramgarh on 22.02.2024

## इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ की नई अध्यक्ष बनी पिंकी पोद्दार,सचिव बनी नवलजीत कौर

**रामगढ़ :** रामगढ क्षेत्र की प्रसिद्ध समाजसेवी संगठन इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ का पदभार ग्रहण समारोह गुरुवार की शाम को रामगढ़ जिमखाना क्लब में संपन्न हुआद्य इनरव्हील क्लब के पदभार ग्रहण समारोह में इनरव्हील क्लब की पीडीसी शर्मिष्ठा दत्ता ने नए पदाधिकारियों को शपथ दिलायाद्य अध्यक्ष के रूप में पिंकी पोद्दार और सचिव के रूप में नवलजीत कौर के नेतृत्व में नए पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण कियाद्य न्यू वर्तमान अध्यक्ष मेघा बगड़िया ने पीतम की पोद्दार को कॉलर पहना कर पदभार सोपाद्य इस मौके पर नए सत्र की अध्यक्ष पिंकी पोद्दार ने अपने पदाधिकारियों का परिचय करायाद्य जिसमें नवलजीत कौर, जसमीत कौर सोनी, पिंकी गांधी, विनीता अग्रवाल, प्रियंका जैन शामिल थी । इस मौके पर इनर व्हील क्लब की नीरू साहनी,सुनीता अरोड़ा,राजेंद्र कौर,श्वेता जैन, नम्रता जैन, मधु बरेलिया, नमिता श्रॉफ, सुरेंद्र कौर,रंजू अरोड़ा, अनुराधा श्रॉफ, राजेंद्र कालरा, निधि चौधरी, जसप्रीत जोली, सुमन सोनी, जसविंदर होरा, नीतू अग्रवाल,रेनू मेवाड़, ममता बसंत, विनीता अग्रवाल, ममता अग्रवाल, सुरेंद्र चमन आदि मौजूद थी।

## आगामी आजसू पार्टी द्वारा होनेवाले हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर पार्टी जिला कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आजसू पार्टी द्वारा प्रखंड, अंचल एवं नगर परिषद कार्यालय में व्याप्त अनियमितता, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न समस्याओं को विरोध में आगामी 6 जुलाई को रामगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उसी कार्यक्रम को लेकर गुरूवार को पार्टी जिला कार्यालय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो उपस्थित हुए। आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा कि राज्य की महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर है। कहा कि इस सरकार के कार्यकाल में



बगैर रिश्वत के लोगों का कोई भी कार्य नही हो पा रहा है। कहा कि राज्य सरकार विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों पर बहाली भी नही कर रही है। जिससे राज्य के युवाओं में आक्रोश है। श्री महतो ने कहा कि इसी कारण आजसू पार्टी द्वारा राज्य व्यापी हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि आगामी 6 जुलाई को पार्टी द्वारा रामगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे और प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में व्याप्ल भ्रष्टाचार को जमकर विरोध करेंगे। मनोज कुमार महतो ने कहा कि जमीन के दाखिल खारिज के लिए अंचल कार्यालय में जमा आवेदनों का शीघ्र निष्पादन हो, अबुआ आवास चयन में पारदर्शिता लायी जाए, मनरेगा योजना के तहत चल रहे कार्यों के लिए राशि आवंटित की जाए, छात्र-छात्राओं को समय पर आय, आवासीय और जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए ताकि वे योजनाओं का लाभ उठा सकें। किसानो को समय पर खाद और बीज उपलब्ध करवाया जाए। बिजली आपूर्ति की व्यवस्था में सुधार किया जाए। सरकारी योजना में झारखंड आंदालनकारियों एवं उनके परिजनों को प्राथमिकता मिले। सभी पेंशन धारियों को समय पर भुगतान किया जाए। कहा कि यदि हल्ला बोल कार्यक्रम के बाद भी लोगों की समस्याएं दूर नही हुई तो पार्टी लोगों के हित में और भी व्यापक आंदोलन करेगी। मौके पर नीरज मंडल, राजेश महतो, अरूण अग्रवाल,अनुज तिवारी, किशुन मुंडा, बिभन सिंह, कुलदीप वर्मा, अनुपमा सिंह, मीरा देवी, रोहित सोनी, अंकित अग्रवाल, राकेश सिन्हा, लेखराज महतो, दीपू गुप्ता, लाल शर्मा, टिंकू कुशवाहा, अजीत गुप्ता, सिकंदर महतो आदि मौजूद थे।

## हेमंत सर्वमान्य नेता, भाजपा की साज़िश हुई बेनक़ाब : फागू बेसरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड के (दर्जा प्राप्त मंत्री) फागु बेसरा ने अपनेआवास हेसागड़ा मे पत्रकारों से बात करते हुए कहां की भाजपा के षड्यंत्र संस्थाओं का दुरूपयोग कर जन प्रिय सर्वमान्य नेता हेमंत सोरेन को पाँच महीने तक जेल में रखा । उच्च न्यायालय के आदेश पर ज़मानत पर रिहा होने के बाद पुनः मुख्यमंत्री बनने पर जनता में हर्ष है ।हेमंत, गुरू जी के बाद झारखंड के सर्वमान्य नेता है ।भाजपा झारखंड में बेनक़ाब हो चुका है 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा साफ हो जाएगा और पुनः हेमंत सोरेन जी नेतृत्व में सरकार बनेगी ।

## 4 वर्षो से गुमशुदा व मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को जिला प्रशासन रामगढ़ के सहयोग से परिवार को सौपा गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दिनांक 3 अगस्त 2020 को भुरकुंडा ओपी क्षेत्र रामगढ़ द्वारा 36 वर्षिय महिला जो की मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के साथ-साथ गुमशुदा थी की पहचान कर महिला को रामगढ़ जिला अंतर्गत संचालित स्वधार गृह में आश्रय दिया गया था। 31 मार्च 2024 को राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वाधार गृह की सभी आश्रितों को छत्तरमांडू स्थित वन स्टॉप सेंटर, जेल रोड रामगढ़ में स्थानांतरित किया गया। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की एवं वन स्टॉप सेंटर रामगढ़ के केंद्र प्रशासक दुख हरण महतो द्वारा महिला को उनके परिवार से मिलाने हेतु विभिन्न स्तरों पर कार्य किए गए। इसी क्रम में उनके द्वारा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं केंद्र प्रशासक उत्तरी 24 परगना पश्चिम बंगाल से पत्राचार किया गया। साथ ही जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा दूरभाष सहित अन्य माध्यमों से लगातार संपर्क कर आखिरकार महिला के परिवार वालों का पता लगाया गया जिसके उपरांत परिवार के सदस्यों के साथ संपर्क कर महिला की माता को रामगढ़ बुलाया गया। इस दौरान जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा महिला को उनके परिवार को सौपने को लेकर औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी की गई जिसके उपरांत 3 जुलाई 2024 को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रामगढ़ एवं केंद्र प्रशासक तथा अन्य कर्मियों की उपस्थिति में महिला को उनके परिवार को सौपा गया। 4 वर्षों तक गुमशुदा रहने के बाद अपने परिवार वालों से मिलने पर महिला ने काफी खुशी जाहिर की वहीं उनके परिवार के सदस्यों ने जिला प्रशासन रामगढ़ हृदय से धन्यवाद किया।

## दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों के उपकरण वितरण एवं लाभुक चयन को लेकर शिविर का आयोजन

**मरकच्चो :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को एडीप योजना अंतर्गत एलिम्को भुनेश्वर के द्वारा दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के उपकरण वितरण को लेकर लाभुक चयन के लिए शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में मुख्य रूप से मरकच्चो प्रखंड विकास पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी हुलास महतो, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मरकच्चो डॉक्टर विपिन कुमार, डॉक्टर राकेश कुमार एलिम्को के प्रोफेक्टिस एंड ऑर्थाइटिस डॉ राकेश रंजन मौजूद थे। शिविर में प्रखंड के दिव्यांगों को उपकरण देने हेतु आवेदन लिया गया। शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, तथा राशन कार्ड नहीं रहने पर आय प्रमाण पत्र या मुखिया के द्वारा सत्यापित आय प्रमाण पत्र के साथ उपकरण हेतु आवेदन लिया गया।

## बरकाकाना मे जीबीकेएसएस का जिला स्तरीय सम्मेलन आज

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की आज 05.07.2024 , दिन शुक्रवार को जिला स्तरीय सम्मेलन एनटीएस बरकाकाना घुटूवा, रामगढ़ में आयोजित की जाएगी । इस जिला स्तरीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो होंगे । संगठन की ओर से इसकी जानकरी प्रशासन को दे दी गयी है ।इस सम्मेलन में अन्य दलों के लोग भी टाइगर जयराम महतो के समक्ष जेबीकेएसएस का दामन थामेंगे । इस सम्मेलन में लगभग दस हजार लोगों की भीड़ उपस्थित होने की संभावना है । जिला सम्मेलन की तैयारी पूर्ण रूप से कर ली गई है । टाइगर जयराम महतो के विचारधारा से लोग प्रभावित होकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा व झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ज्वाइन करेंगे । इस संगठन में दबे, कुचले, गरीब, मध्यम, पिछड़ा वर्ग, आदिवासी, मूलवासी लोगों में एक विश्वास की उम्मीद जगी है, क्योंकि झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है । झारखंड के बने आज 23 साल हुए, लेकिन झारखंडी कौन है आज तक परिभाषित नहीं हो पाया । झारखंड में अच्छा नीति नियम नहीं बन पाया, जबकि एक फुटबॉल खेल में खेल का नियम होते हैं । लेकिन झारखंड में आज तक स्थानीय नीति, नियोजन नीति, उद्योग नीति, विस्थापन नीति ,क्लियर नहीं हो पाया । लोग बड़ी उम्मीद के साथ पार्टी के विचारधारा से लोग जुड़ रहे हैं । और निश्चित तौर पर 2024 एक बदलाव के संकेत है।



### परियोजना कार्यालय उरीमारी में राकोमयू व विसमो कि हुई वार्ता, सौपा 31सुत्री मांग पत्र

## सीसीएलकर्मियों व विस्थापितों की समस्याओं का जल्द हो समाधान : राजू यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी परियोजना कार्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह विस्थापित संघर्ष मोर्चा के संरक्षक राजू यादव के नेतृत्व में उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, इएंडएम सिविल एमपी गुप्ता,खान प्रबंधक पिके सेन गुप्ता,कविन कुमार, कार्मिक प्रबंधक विकास रंजन के साथ 31 सुत्री मांगो पर वार्ता हुई। वहीं वार्ता के पश्चात राकोमयू इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव व विस्थापित समिति के पदाधिकारी व ग्रामीणो ने परियोजना पदाधिकारी को दो पंचायतो से जुड़े विभिन्न समस्याओ को लेकर 31 सुत्री मांग पत्र सौंपा। वहीं परियोजना पदाधिकारी के साथ सीसीएलकर्मीयो व विस्थापितों एवं ग्रामीणो से जुड़े विभिन्न समस्याओ को लेकर घंटो वार्ता हुई। सौंपे गए 31 सुत्री मांगो मे उरीमारी हेसाबेडा बस्ती में शुद्ध पेयजल कि व्यवस्था करना। गौरी शंकर मंदिर के समीप मैरेज हॉल का निर्माण करना। उरीमारी पंचायत के हेसाबेडा, बस्ती,छापर टोला, प्रेम नगर आदि जगहों पर स्ट्रीट लाइट लगवाना। हेसाबेडा दुर्गा मंडप के सेड में नया सीटा लगवाना। सीसीएल सीएसआर फंड से हेसाबेडा में सामुदायिक भवन निर्माण कराना। रोहन गोंडा स्थित सी टाइप से नया पानी पाइप क्नेक्शन करना। सीसीएल कालोनियों में नाली कि सफाई,टुटी हुइ नाली कि मरम्मत व पेयजल कि व्यवस्था करना। चेकपोस्ट के बी टाइप,माइन क्वार्टर,थाना क्लोनी आदि जगहों पर स्ट्रीट लाइट लगवाना।गंधोनिया जाने वाले रास्ते पर नया पुल का निर्माण करना। चार माह से खराब समरसेबुल को अविलंब बनाया जाए। विस्थापितो को पुर्णवास प्रमाण पत्र दिया जाए। सीएचपी साइलो



मशीन से होने वाले प्रदुषण पर नियमित पानी छिड़काव किया जाए। आदि मांग कि गई। इसदौरान राकोमयू इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि विस्थापित मजदूरों व ग्रामीणो कि सभी समस्याओ पर प्रबंधन जल्द से जल्द पहल करें। हर हाल में विभिन्न समस्याओ का समाधान सुनिश्चित करने का कार्य करे। अन्यथा हमारी युनियन सड़कों पर उतरने को बाध्य होंगी। जिसपर उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार ने क्षेत्रीय सचिव राजू यादव को आश्वस्त करते हुए कहा कि मजदूर व विस्थापित एवं ग्रामीणो कि सभी समस्याओ का जल्द ही समाधान कर लिया जाएगा। वहीं इस वार्ता में सीताराम किस्कू, विस्थापित नेता महादेव बेसरा, विश्वनाथ मांझी, मुखिया चरका करमाली, सुखदेव सोरेन, धर्मदेव करमाली, बाल्मीकि यादव,मो अलि हसन,टहल गोप, संजय सिंह, विश्राम सोरेन,दिपक कुमार,चन्दू जयसवाल, रवि कुमार मांझी,मनू टुडू,जतरू बेसरा, लाल देव सोरेन,पुरण मांझी, मोहन टुडू,मनाराम मांझी,मो गुलाम, केसी डे, सतेन्द्र राम, गोपाल राम, राजकुमार सिंह, बिनोद प्रजापति, महेश करमाली,सिगु मांझी,सिबू ठाकुर,लखन साव,मुनिस मांझी, अनिल, राधेश्याम आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

**e-Procurement Cell**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION GUMLA**

Email-bcdgumla@gmail.com

**Very Short Term E-Quotation Invitation Notice**

Quotation Reference No.-01BCD/GUMLA/2024-25

Sealed Quotations are invited for the work (1) Proposed Furnishing of Collectorate Building at Gumla for all Materials from Reputed Shop Keepers/Manufactures/Suppliers/Retailers/ Distributors and Registered BCD Contractors for following items. They Should quote their rates for unit mentioned in the table, If they do not deals all of the below mentioned items the they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition:-**

1. **The quotationer shall furnish pan, GST registration no.**
2. **The rate quoted by quotationer shall be firm and final.**
3. **The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.**

नोटः–

1. वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथिः 08.07.2024 के अपराह्न 3:30 बजे।
2. वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथिः 15.07.2024 के अपराह्न 1:00 बजे।
3. ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 16.07.2024 के अपराह्न 3:30 बजे।
4. ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, गुमला।
5. ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या–8709489994
6. कोटेशनदाता को यू–रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।

- जो कोटेशन दाता कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गुमला के कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्ही का रेट खोला जायेगा।

अन्य किसी जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.inij देखा जा सकता है।

Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Gumla

PR 328678 Building(24-25)D

**कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा**

**लॉटरी पद्धति द्वारा दुकान आवंटन हेतु आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि द्वितीय फेज में गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत बस स्टैंड, सोनपुरवा, गढ़वा में निर्मित 58 दुकानों का लॉटरी के माध्यम से **"आम सूचना के कंडिका 05 बस स्टैंड, सोनपुरवा की आवंटन की प्रक्रिया सर्वप्रथम विस्थापित दुकानदारों को प्राथमिकता के आधार पर"**, के बीच आवंटन की प्रक्रिया उपायुक्त महोदय, गढ़वा के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 13.07.2024 को समय 12:00 बजे अपराहन् से गढ़वा नगर परिषद कार्यालय में आयोजन किया जाना है।

नोट–

1. बस स्टैंड, सोनपुरवा में पूर्व से विस्थापित दुकानदारों के बीच लॉटरी के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया की जायेगी।
2. वाद–विवाद कि स्थिति में लॉटरी की प्रक्रिया स्थगित किया जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 328595 Urban Development (24-25)_D

JAPIT

Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401067 e-mail: japit_doit@rediffmail.com

**Request For Proposal (RFP) for Selection of Service Provider to Supply and Installation of Video Conferencing end point System at different department-Phase-II and Rate Contract for next 03 Years**

**Tender Reference No.:JAPIT/VC/Dept/Phase-II/2024**

Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology (JAP-IT) on behalf of Department of Information Technology & e-Governance, Jharkhand invites responses from reputed and experienced company/agency on the Request for Proposal (RFP) for the purpose of **" Selection of Service Provider to Supply and Installation of Video Conferencing end point System at different department-Phase-II and Rate contract for next 03 Years".**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender Cost | Non refundable Tender Cost INR 10,000/- ( Rupees Ten Thousand only) - through online mode as per terms and condition of the Jharkhand eProcurement Portal. |
| 2. | Earnest Money Deposit (EMD) | INR 5,00,000 /- (Rupees Five Lakh) for 180 days through online mode as per terms and conditions of the Jharkhand e -procurement portal. |
| 3. | **Availability of Tender Online for bidding** | |
| i. | Bid publishing Date | 04-07-2024 6:00 PM |
| ii. | Pre-bid meeting | 11-07-2024 12:30 PM |
| iii. | Start date of bid submission | 18-07-2024 11:30 AM |
| iv. | Last date and time of Online Bid Submission | 24-07-2024 03:00 PM |
| v. | Technical Bid Opening | 25-07-2024 03:30 PM |
| vi. | Commercial Bid Opening | To be informed later. |

Interested participants may download the RFP document from the portal htpps://jharkhandtenders.gov.in.

Sd /-
OSD, JAP-IT

PR 328680 Information Technology(24-25)D

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)**
Office of the General Manager, Transmission Zone-V, Hazaribag,
Office At - Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag, Pin – 825301, JH
eMail iD:- gmtzone5hzb@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Sealed tender in two parts Technical part- I and Price Part – II are invited from reputed, financially sound & experienced contractors for the work mentioned below:-

| Sl. No. | N.I.T. No. | Description of Work | Earnest Money Deposit(Rs.) | Cost of Tender (Non Refundable)(Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | **71/PR/JUSNL /2024-25** | Requirement of Aux. Relays for 220/132/33KV GSS, Govindpur, Dhanbad. | **Rs.** 20,700.00/- | **Rs.**2500+18%GST = **Rs.**2950/- |
| 02 | **72/PR/JUSNL /2024-25** | Requirement of day to day materials for 220/132/33KV GSS, Itkhori. | **Rs.** 15,600.00/- | **Rs.**1250+18%GST = **Rs.**1475/- |
| 03 | **73/PR/JUSNL /2024-25** | Requirement of materials for 132/33KV GSS, Sariya under Transmission Sub-Division, Sariya. | **Rs.**16,200.00/- | **Rs.**1250+18%GST = **Rs.** 1475/- |
| 04 | **74/PR/JUSNL /2024-25** | Requirement for line Hardware fitting with FODP for maintenance work at 400/220KV Grid Sub-station Patratu & concerned line on urgent basis. | **Rs.**21,000.00/- | **Rs.**2500+18%GST = **Rs.**2950/- |
| 05 | **75/PR/JUSNL /2024-25** | Requirement of spare wave trap materials for 220/132/33KV Grid Sub-station, Itkhori. | **Rs.**21,200.00/- | **Rs.**2500+18%GST = **Rs.** 2950/- |

1) Start Date and Time for sale of Tender Documents - 08/07/2024 from 1:00PM
2) Last Date and Time for sale of Tender Documents - 29/07/2024 upto 2:00PM
3) Last Date and Time for receipt of Tender Document - 30/07/2024 upto 2:00PM
4) BID Opening date for Technical part - I - 30/07/2024 at 3:00PM
5) BID Opening date for Price Part – II - Will be communicated Later on

Tender document with detailed terms and condition may be obtained from office of the General Manager, Transmission Zone -V, Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag – 825301.
For any clarification please contact Phone No.: 06546-270375.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Trans Zone-V, (Hazaribag)

PR 328625 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)#D

**Office of the Civil Surgeon–Cum–Chief Medical Officer, Khunti (Jharkhand)**

Letter No.: - 1560    Dated : - 02.07.2024

**EXPRESSION OF INTEREST**

Sadar Hospital Khunti is 100 bedded Government Hospital providing all essential health services, To increase the services more effectively, the Hospital Management Society is inviting expression of interest for filling up the following vacancies of Supporting staff under Ayushman Bharat for strengthening health infrastructure and resources at Sadar Hospital, Khunti.

| Sl No | Name of Post | No of Post | Essential Qualification | Emoluments |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laboratory Technician | 2 | Diploma Course in Medical Lab. Technician & Candidate must be Registered in State paramedical council | • Rs 11,500 consolidated. • Minimum 2 years working as Lab Technician. |

1. The jobs offered are contractual for tenure of one year from the date of joining and can be renewed further after successful completion of agreement period upon mutual consent and performance review or appraisal..
2. Age limit - 35 years as on 01.07.2024.
3. Interested candidates are requested to report with filled Annexure A, at 11.00 AM on 18.07.2024 at District Collectorate Hall, Khunti - 835210 for the above interview with their Original Certificates and Testimonials as mentioned in application form.
4. Number of vacancies can be increased or decreased.
5. No TA/DA will be paid to candidates attending the interview.
6. Chairman, District Health Society/Hospital Management society, will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
7. The undersigned reserves the right to cancel/reject the advertisement without assigning any reason thereof.
8. Annexure A and other details can be downloaded from district website http://khunti.nic.in.

Civil Surgeon – cum -
Chief Medical Officer Khunti

PR.NO.328593 Health Med Edu and Family Welfare(24-25):D

## आंगनबाड़ी केंद्र से झारखंड मातृ-शिशु स्वास्थ्य व पोषण माह का हुआ शुभारंभ




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले में सिविल सर्जन के द्वारा मकतपुर आंगनबाड़ी केंद्र से झारखंड मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण माह का शुभारंभ किया गया। इस दौरान नौ माह से पांच वर्ष तक आयु वर्ग के बच्चों को विटामिन ए की खुराक देने की शुरुआत की गई। साथ ही एक से पांच वर्ष तक के बच्चों को कृमिनाशक दवा भी दी गई। इस दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि विटामिन ए से आंख, सांस से संबंधित बीमारियों, बार- बार होने वाले डायरिया से बचाव के साथ-साथ रोग रोधी क्षमता भी बढ़ती है। राज्य को कुपोषण मुक्त बनाने का लक्ष्य लेकर इस अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत महिलाओं एवं किशोरियों को आयरन फोलिक एसिड की खुराक दी जाएगी तथा बच्चों के पोषण की जांच भी होगी। साथ ही 0 से 5 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों को स्तनपान, शिशु पोषण तथा खाद्य सामग्री की जानकारी दिया जायेगा। 0 से 5 वर्ष के बच्चों में स्क्रूस्क्रीनिंग तथा 6 माह से 59 माह के बच्चों को आई.एफ.ए. सिरप का वितरण किया जायेगा।

## विधायक राज सिन्हा ने किया वृक्षारोपण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एक वृक्ष माँ के नाम कार्यक्रम के तहत धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कुसुमविहार शिव मंदिर के प्रांगण में, सुगियाडीह एवं महर्षि मेंही विद्यापीठ मंझलाडीह में स्थानीय लोगों के साथ वृक्षारोपण किया। साथ ही अन्य सभी लोगों को निरंतर वृक्षारोपण करने के लिये प्रेरित भी किया। मौके पर निर्मल प्रधान, उमेश सिंह, विकास सिन्हा, दीपक सिन्हा, सचिन सिंह, लालटू सरकार, मनोज सिन्हा सहित दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## विधायक राज सिन्हा ने स्कूल में किया डीप बोरिंग का उद्घाटन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधायक राज सिन्हा ने विधायक निधि से भारती पब्लिक स्कूल मनईटांड़ के प्रांगण में जल उपलब्धता हेतु डीप बोरिंग की मांग को पूरी कर गुरुवार को विधिवत उद्धघाटन किया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष रामदरश भारती के द्वारा की गई एवं उनके द्वारा विधायक राज सिन्हा का हार्दिक स्वागत करते हुए अभार प्रकट किए गए। मौके पर मौसम सिंह, सतीश रजक, सपन कश्यप, चुन्नु सिंह, अरुण सिंह, चन्दन गोस्वामी, दीपक गुप्ता, रामचन्द्र पंडित, दीपक झा, राजेश शर्मा, मनोज मलाकार, मंजीत सिंह, अजीत शर्मा, अजन शर्मा, रमेश सिंह, सचिन कुमार, रिचा भारती, सुभाष कुमार,कंचन सिंह, सरोज पाठक, मंजू तिवारी, प्रेम शंकर, विद्यालय के शिक्षकगण एवं शिक्षिकाएँ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## स्कूली छात्रों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निर्देशानुसार जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार ने एच.ई. स्कूल में छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने की जानकारी दी और उन्हें विभिन्न नियमों के प्रति जागरूक किया। छात्रों को बताया कि ओवरस्पीड, बाईक पर स्टंट करना, गलत दिशा में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना, शराब पीकर वाहन चलाना, नींद की अवस्था में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय सोशल मीडिया के लिए रील्स बनाना, ओवरटेकिंग करना, इंडिकेटर का प्रयोग न करना, पैदल चलते समय बिना दाएं बाएं देखे सड़क पार करना।

## ईडी की दबिश से मचा हडकंप, कोयला कारोबारी प्रमोद सिंह के ठिकाने पर छापेमारी, आय से अधिक संपत्ति का मामला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गुरुवार की सुबह प्रवर्तन निदेशालय ईडी की एंट्री ने काले धंधे करने वालो में हड़कंप मचा दिया। धनबाद शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित सहयोगी नगर फेज थ्री में रहने वाले बहुचर्चित कोयला कारोबारी प्रमोद कुमार सिंह के आवास पर ईडी की टीम ने गुरुवार की सुबह दबिश दी। कोयला कारोबारी पर पूर्व से ही आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में जांच चल रही है। परन्तु अब केंद्रीय एजेंसी की एंट्री से मामले की गंभीरता बढ़ गयी है।

सूत्रों का कहना है कि ईडी की टीम कई अन्य स्थानों पर भी जांच में जुटी हुई है। खबर लिखे जाने तक जांच जारी है।

स्वास्थ्य विभाग के पूर्व एनआरएचएम कर्मी व आय से अधिक संपत्ति मामले में फंसने के बाद चर्चा में आए कोयला कारोबारी प्रमोद कुमार सिंह को बिहार पुलिस ने अक्टूबर 2023 में उसके घर से गिरफ्तार किया था। डेढ़ करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के एक मामले में प्रमोद सिंह को बिहार के अररिया की जोगबनी पुलिस गिरफ्तार कर ले गयी थी।

**एसीबी की छापेमारी से चर्चा में आया था प्रमोद सिंह :-** प्रमोद सिंह के खिलाफ एंटी करप्शन ब्रांच की टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी की थी। उसी समय वह चर्चा में आया था। आलीशान मकान और गाड़ियों के साथ प्रमोद के कई जमीन व अन्य चल-अचल सम्पत्ति का खुलासा हुआ था। इसके बाद प्रमोद सिंह ने कोयला कारोबार शुरू किया। उसके खिलाफ कोयला चोरी की भी प्राथमिकी दर्ज हुई। बीते वर्ष प्रमोद सिंह को गोली के साथ अंडाल एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था।

## गोविंदपुर में हुए लूट कांड मामले का हुआ उद्भेदन, चार गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोड़तोप्पा में बीते दिन लूट कांड की घटना का अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने मीडिया को बताया कि गोड़तोप्पा में हुए लूटकांड मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। लूट कांड में लूटा गया पल्सर मोटरसाइकिल एवं घटना में दोनों मोटर एवं मोबाइल फोन बरामद किया गया है। अपराधियों के नाम :- मोहम्मद बबलू अंसारी, मोहम्मद जावेद अंसारी, मोहम्मद वाहिद अंसारी और संदीप पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। तथा अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## टुंडी विधायक ने पीड़ित परिवारों से मिलकर खाद्य सामग्रियों के अलावा आर्थिक मदद भी की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड अंतर्गत बेगनरियां पंचायत के तिलैयबेड़ा टोला एवं काशीटांड में गत दिनों हाथियों द्वारा भारी तबाही मचाने से कई आदिवासी भाईयों का मकान क्षतिग्रस्त हो गया एवं जालमाल की भी भारी क्षति पहुंचाई गई इसकी खबर जब टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को लगा तो फौरन पीड़ित परिवारों से मिलने उनके आवास वन विभाग के अधिकारी के साथ पहुंचे और क्षतिग्रस्त मकान को देखा और क्षतिपूर्ति का आकलन कर पीड़ित परिवारों को त्वरित मुआवजा दिलाने का निर्देश दिया। बताया जाता है कि बेगनरियां पंचायत के कई ऐसे गांव हैं जो हाथियों का शरणस्थली बन गया है आये दिन हाथियों का आगमन इन गांवों में होते रहता है जिससे गांववासी काफी भयाक्रांत में रहते हैं।

परंतु झारखंड सरकार इन परिवारों के साथ हमेशा खड़ा रहता है जिससे ससमय आर्थिक क्षतिपूर्ति राशि मिल जाता है।आज टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा गांवों का दौरा कर अपने निजी मद से पीड़ित परिवारों को खाद्य सामग्रियों के साथ आर्थिक मदद भी किया एवं ऑन द स्पॉट वन विभाग को सहायता राशि दिलाने का निर्देश दिया । मौके पर उनके निजी सचिव बसंत महतो, झामुमो नेता फूलचंद किस्कू, कामेश्वर प्रसाद सिंह,वन विभाग के ए सी एफ ए के मंजूल भी उपस्थित थे।

## बीसीसीएल के गार्ड को लोहा चोरों द्वारा बंधक बना कर पिटाई किए जाने के विरोध में प्रबंधन के खिलाफ हुआ विरोध प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** बीसीसीएल के गार्ड को लोहा चोरों द्वारा बंधक बना कर पिटाई किए जाने के विरोध में भूलन बरारी ऑफिस के समीप संयुक्त मोर्चा के बेनर तले एक नुक्कड़ सभा का आयोजन कर बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया गया। बीसीसीएल प्रबंधन को चेतावानी देते हुए कहा कि बीसीसीएल के गार्ड को लोहा चोरों के द्वारा बंधक बना कर पिटाई किया जाता है और प्रबंधन चुप रहती है।

मोर्चा के नेताओं ने कहा कि बीसीसीएल के रोपवे गोदाम एवं भूलन बरारी के गोदाम से खुलेआम लोहा चोरी किया जा रहा है। चोरों का हौसला इतना बुलंद है कि बीसीसीएल के 5 गार्ड को बंधक बनाकर पिटाई कर जिसका शिकायत बीसीसीएल प्रबंधन एवं जिला प्रशासन को दिया गया है लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है।

इसी के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है और आगे इस पर कार्रवाई नहीं किया गया तो और भी आंदोलन किया जाएगा।

## उपायुक्त ने मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन व री-अरेंजमेंट को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह समाहरणालय सभागार कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन और री-अरेंजमेंट को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा जानकारी दी गई कि द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 01 जुलाई, 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूचि का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन किया जाएगा एवं छूटे हुए मतदाताओं का पंजीकरण, ईपीक का सत्यापन, ब्लैक एंड व्हाइट इमेज वाले पहचान करना आदि कार्य सर्वेक्षण किया जा रहा है। इसके अलावा बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा जानकारी दी गई कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन और री-अरेंजमेंट का कार्य किया जाना है। साथ 1400 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र को चिन्हित करने के अलावा मतदान केंद्र जर्जर हो गया है तो उसके लिए सुविधायुक्त स्थल का चयन करने से जुड़ी जानकारियों से सभी को अवगत कराया गया, जिसके पश्चात सभी राजनीतिक दलों ने मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन को लेकर विचार-विमर्श करते हुए मतदान केंद्रों के स्थल/ भवन परिवर्तन से संबंधित प्रस्ताव, मतदान केंद्रों का युक्तिकरण, संशोधन के पश्चात प्रारूप मतदान केंद्र की सूची पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही आपत्ति और सुझाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों को ससमय प्रस्ताव उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, ताकि प्राप्त आपत्ति, सुझाव पर जांच एवं निस्तार कर संशोधन के साथ अनुमोदन के लिए भेजा जा सके। आगे उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग की बात कहीं, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार असुविधा न हो।



## तारापीठ पूजा करने जा रहे युवकों से हुई लूटपाट

### विरोध करने पर अपराधियों ने किया जानलेवा हमला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मधुबन थाना क्षेत्र के खरखरी से तारापीठ पूजा करने गए पांच युवकों के साथ रामपुर हाट के समीप अज्ञात अपराधियों ने मारपीट कर 20 हजार रुपये नकदी सहित सोने के चैन, अंगूठी और तीन मोबाइल लूटकर चलते बने। इस दरम्यान अपराधियो ने लूट का विरोध करने पर खरखरी कोलियरी के कोल कर्मी ललन तिवारी नामक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसके दाएं हाथ की तीन उंगली कटकर लटक गई। कहा जा रहा है कि आजसू के बाघमारा प्रखंड सचिव प्रेम तिवारी, कोल कर्मी गोल्डन तिवारी, मधुबन थाना के निजी चालक महाबीर बाउरी, आजसू के बाघमारा उपाध्यक्ष विकाश सरकार और बजरंग रजक स्विफ्ट कार से तारापीठ के लिए निकले थे। रास्ते मे रामपुर हाट जगह पर वाहन के रुकते ही आठ दस की संख्या में आग्नेयास्त्र से लैस अपराधियों ने कार को घेर लिया और लूटपाट की।

## डीआरएम चौक से लेकर रणधीर वर्मा चौक तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शहर के डीआरएम चौक से लेकर कोर्ट रोड होते हुए रणधीर वर्मा चौक तक नगर निगम, ट्रैफिक और स्थानीय पुलिस के संयुक्त अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया है। नगर निगम सहायक आयुक्त संतोषी मुर्मू, अनिल कुमार और ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह तथा स्थानीय थाना के नेतृत्व में रोड किनारे कब्जा किए हुए मोटरसाइकिल और दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाया गया है। सहायक नगर आयुक्त संतोषी मुर्मू ने मीडिया को बताया कि डीआरएम चौक से लेकर रणधीर वर्मा चौक तक नो बेंडिंग जोन पर अवैध तरीके से लगाए हुए दुकानो को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। संयुक्त अभियान ट्रैफिक डीएसपी के नेतृत्व में और स्थानीय पुलिस की मदद से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने मीडिया को बताया कि नगर निगम और स्थानीय पुलिस तथा ट्रैफिक के संयुक्त अभियान से रोड किनारे खड़े दो पहिया वाहन एवं फोर व्हीलर वाहन को जुर्माने के साथ-साथ टॉर्चर कर थाने ले जाया जा रहा है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## एसएसपी ने सिंदरी अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी व पदाधिकारियो के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद के एसएसपी एचपी जनार्दनन ने गुरुवार को झरिया थाना परिसर में सिंदरी अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी एवं पदाधिकारियो के साथ बैठक की।

बैठक मे एसएसपी ने शहर में हुए अपराध की समीक्षा की। उन्होंने थानेदारों से आए दिन शहर में आपराधिक वारदात पर लगाम लगाने का आदेश दिया।

तीन चार महीने से शहर में वाहन चोरी, घर में चोरी और छिनतई की जो भी घटनाएं घटी हैं, उस पर अंकुश लगाते हुए जो इन घटनाओं के पीछे है, उसे कैसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए, इन सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही 1 जुलाई से जो नया कानून लागू हुआ है उसके बारे में भी जानकारी दी गई।

बैठक में सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राउत, झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## महाप्रबंधक ने धनबाद मंडल के मेसरा-बरकाकाना-पतरातू रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाष द्वारा आज धनबाद मंडल के मेसरा-बरकाकाना-पतरातु रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलवे ट्रैक, पुल-पुलियों आदि का गहन निरीक्षण किया। महाप्रबंधक द्वारा सांकी और हेहल के मध्य टनल का भी जायजा लिया गया । आज के निरीक्षण में महाप्रबंधक द्वारा मेसरा, साँकी, पतरातु और हेहल स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया, बुकिंग ऑफिस, रिले रूम, एस एस ऑफिस आदि का निरीक्षण कर यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया गया ।

निरीक्षण के दौरान धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किषोल सिन्हा तथा मुख्यालय एवं धनबाद मंडल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

### सरिया टेन प्लस टू हाई स्कूल में साईबर, महिला व बाल सुरक्षा पर सेमिनार आयोजित

## प्रशासनिक अधिकारी व सदस्यों ने लगाए 100 पौधे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** गुरुवार को सरिया टेन प्लस टू हाईस्कूल में महिला एवं बाल सुरक्षा एवं साईबर से सम्बंधित सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सरिया एसडीपीओ धनन्जय कुमार राम एवं थाना प्रभारी अरविंद सिंह रहे ।सेमिनार की अध्यक्षता एसएमसी के अध्यक्ष संदीप तर्वे एवं संचालन निर्णय लोहानी ने किया। सेमिनार में स्कूल के करीब 200 छात्र छात्राओं ने भागेदारी की अपने सम्बोधन में एसडीपीओ धनन्जय कुमार ने कहा कि साईबर क्रिमनल आपको ट्रेप करने के मकसद से लाखों की लॉटरी लगने,गाड़ी जितने समेत मोबाइल में मुफ्त रिचार्ज मिलने जैसे मुफ्त का गिफ्ट देने की बात करती है इससे दूरी बनाए क्योंकि जैसे ही आपने बैंक खाते से ऑनलाइन पेमेंट करेंगे तो आप साईबर के जाल में फंस जाएंगे कही से कोई मुफ्त चीज नही मिलती। जहां तक महिला सुरक्षा की बात है तो सरकार ने आप जैसी नाबालिंग छात्राओं व छात्र के लिए पोक्सो एक्ट बनाया है जिसमे अगर 18 साल से कम उम्र की लड़कियों को किसी तरह सेक्सुअल या मेंटल व फिज़िकल ह्रास करता तो ऐसे आरोपियों पर तत्काल कड़ी एफआईआर दर्ज की जाती है। आगे कहा कि आपलोग देश के भविष्य हैआप अपना भविष्य किस ओर ले जाना पसंद करते है वो अभी से तय कर ले यानी एक मंजिल तय कर उसकी ओर बढ़े सफलता आपके पास होगी ।

थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि बस आप अनुसाशन में रहे अपने माता पिता के सपनो को साकार करें साथ मे थाना प्रभारी ने ये भी कहा कि आजकल सड़क दुर्घटनाएं बहुत हो रही है आपसब बिना हेलमेट के बाइक नही चलाए इसके अलावा तीन लोड,कैंची कट करते पकड़े गए तो दस हजार तक जुर्माना लग सकता है।

**संक्षिप्त खबरें**

### प्रखण्ड स्तर पर संपूर्णता अभियान का शुभारंभ आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत अगले तीन माह तक चलनेवाले संपूर्णता अभियान की शुरूआत कल 05 जुलाई 2024 को किस्को प्रखण्ड में होगी। आकांक्षी प्रखण्ड अंतर्गत चयनित किस्को प्रखण्ड में निर्धारित इंडिकेटर्स को लेकर अगले तीन माह तक यह अभियान चलेगा। कल शुक्रवार को संपूर्णता अभियान अंतर्गत सर्वप्रथम सुबह 9.30 बजे प्रभात फेरी का कार्यक्रम प्रखण्ड स्तरीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित किया जाएगा जिसका समापन किस्को प्रखण्ड मुख्यालय में होगा। प्रखण्ड स्तर पर संपूर्णता अभियान का विधिवत् शुभारंभ किस्को प्रखण्ड मुख्यालय में अतिथियों द्वारा किया जाएगा जिसमें नीति आयोग, भारत सरकार की वरीय विशेषज्ञ डॉ बनुश्री वेल्पांडियन मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण समेत जिला के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम गर्भवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन,एमटीसी केंद्रों की स्थिति,टीबी व कुष्ठ रोगियों की जांच व वर्तमान स्थिति, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर आदि बिंदुओं की विस्तृत रिपोर्ट पर चर्चा की गई और आवश्यक निदेश सिविल सर्जन, लोहरदगा को दिये गये। घर-घर उच्च रक्तचाप और मधुमेह के रोगियों की पहचान के लिए अभियान चलाये जाने का निदेश दिया गया। आयुष्मान भारत अंतर्गत प्राप्त आवंटन व उसके व्यय और शेष के स्थिति की समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गई। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व सदर अस्पताल को प्राप्त फण्ड और उसके व्यय व शेष के स्थिति की समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गई और शेष राशि के उपयोग हेतु कार्ययोजना तैयार किये जाने का निदेश दिया गया। सिविल सर्जन को प्रत्येक माह पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर के आयोजन हेतु कार्ययोजना बनाने और उसका अनुपालन किये जाने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक व अन्य उपस्थित थे।

## चंदलासो पंचायत में कैंप लगाकर चलाया गया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** श्रम अधीक्षक दीप्ति लॉरी तिरकी के द्वारा प्रखंड कूडु के चंदलासो पंचायत के पंचायत भवन में आज दिनांक 04.07.2024 को कैंप लगाकर लोगों को जागरूक किया गया एवं झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधन कराने हेतु जानकारी दी गई। झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधित करने के बाद श्रमिकों को निम्न लाभ से लाभान्वित किया जा सकता है। निर्माण श्रमिक सेफ्टी किट योजना, श्रमिक औजार सहायता योजना, मेधावी पुत्र/पुत्री छात्रवृत्ति योजना,मातृत्व प्रसुविधा योजना, विवाह सहायता योजना, चिकित्सा सहायता योजना, श्रमिक मृत्यु/दुर्घटना सहायता योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, पेंशन योजना, पारिवारिक पेंशन योजना इत्यादि योजनाओं की जानकारी दी गई। पंचायत भवन में श्रम अधीक्षक कार्यालय लोहरदगा कार्यालय के मो0 तौसीफ अंसारी चंदलासो पंचायत के मुखिया दशमती उरांव एवं श्रमिक मित्र मंजू देवी उपस्थित थे।

## हिंडाल्को कंपनी के खिलाफ आंदोलन और तेज किया जाएगा : एसोसिएशन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ट्रक आँनर एसोसिएशन के द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में आज दसवें दिन भी सभी ट्रक मालिक हड़ताल पर रहे। विदित हो कि पिछले 10 दिनों से लगभग 1500 ट्रकों के पहिए थम गए हैं। ट्रक आँनर एसोसिएशन एवं ट्रक मालिकों की मांग है कि हिंडाल्को बड़ी गाड़ियों का परिचालन ना करें और 6 चक्का ट्रक से ही परिवहन कार्य कराया जाए और दूसरे मुद्दे में समझौते के मुताबिक ट्रक मालिकों को ट्रिप दिया जाए। संयुक्त बैठक करते हुए बक्शी डीपा मे अस्थाई कार्यालय में निर्णय लिया गया कि अब आंदोलन को और तेज किया जाएगा जिसके तहत मशाल जुलूस, पुतला दहन, धरना एवं घेराव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आज की बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कंवलजीत सिंह, झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक आँनर एसोसिएशन के सचिव मुद्रिका यादव, धर्मेंद्र कुमार, झारखंड ट्रक आँनर एसोसिएशन विमरला के अध्यक्ष विनय राम बिन्नू, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, अभय सिंह, बरज सिंह, रहमत अंसारी, पंकज सिंह, साजिद खान, मोहम्मद बबलू, इनामुल अंसारी, मोहम्मद गुड्डू खान, समसुल अंसारी, खुर्शीद अंसारी, शोएब अख्तर, जगमोहन साहू, दीपक साहू, मोहम्मद मुदस्सर, ताजुद्दीन अंसारी, मोहम्मद ताहज अंसारी, संजीव शर्मा, अरुण सिंह, विजय साहू, सुनील साहू, संजय साहू, शशिकांत दास, शशि वर्मा, विजयमल यादव, बुल्लू साहू, पूनम महतो, महेंद्र प्रसाद, शैलेंद्र सिंह, मोती सिंह, जीतू सिंह, मोहम्मद सुल्तान, शंकर प्रजापति, सगीर अंसारी सहित सैकड़ो आँनर उपस्थित थे।

## देश हित और समाज के लिए हमेशा कार्य करती है बजरंग दल : सचिन कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में बजरंग दल की स्थापना 1984 ई0 को हुई थी। बता दे की बजरंग दल लगभग 40 वर्षो से लगातार देश तथा समाज में सेवा का कार्य करती आ रही है।लोगों की सोच में एक विश्वास रहता है कि हमारे देश में बजरंग दल जैसा हिंदू (सनातनी) संगठन है जो विकट परिस्थिति में भी बजरंग दल हम सबका साथ देगी। ऐसा ही एक मामला सामने आया जहां गुरुवार को अस्पताल में भर्ती पीड़िता प्रेममनी देवी को ब्लड की बहुत ज्यादा आवश्यकता पड़ गई थी और वह इधर उधर भटक रही थी तभी उन्हें बजरंग दल की याद आई और बड़ी मुश्किलो का सामना करते हुए उन्होंने बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन कुमार साहू से संपर्क किया। इस दौरान बजरंग दल संयोजक सचिन कुमार साहू ने लोकेश साहू से संपर्क किया और लोकेश साहू ने प्रेममनी देवी को 1 यूनिट ब्लड देकर पीड़िता को मदद की जिसे मरीज की जान बचाया जा सका।बताते चले की बजरंग दल का उद्देश्य हमेशा सेवा, सुरक्षा, संस्कार, धर्म रक्षा, पर्यावरण रक्षा जैसी भावना रही जिसे सभी लोगो को इसका लाभ मिला रहा है। बजरंग दल के द्वारा देशभर में अनेकों कार्य करते आ रही है। जैसे पता चला कि प्रेम मनी देवी को ब्लड की आवश्यकता है तुरंत हमारे बीच बजरंग दल के सदस्य लोकेश साहू ने उनको एक यूनिट ब्लड दे कर मानवता का परिचय देते हुए मरीज की जान बचाई है।इस दौरान सचिन कुमार साहू ने कहा कि हम सभी का दायित्व है की विकट परिस्थिति में हम सब एक दूसरे का साथ देकर मानवता का परिचय दें। मौके पर उपस्थित बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू, नगर पर्यावरण प्रमुख सत्यम कुमार, श्रवण मुंडा, लोकेश साहू, महेश

## मंगल महाआरती के मौके पर आरती होना सनातन एकता का परिचय : छवि सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में मंगलवार को वीर शिवाजी चौक सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर में मंगल महाआरती बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सनातन धर्म के सभी भक्तगण मंदिर परिसर में मंगल महा आरती में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता छवि सिंह के द्वारा किया गया इस दौरान छवि सिंह ने कहा कि मंदिर में हर मंगलवार को होने वाली महाआरती का अनुभव वाक्य अद्भुत होता है। शंख और धंट की ध्वनि और मंत्रो की गूंज और भक्तों का उल्लास मन को शांति और सुकून से भर देता है। मैंने स्वयं इस महाआरती में भाग लेकर एक अनूठा आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया है। मैं आप सभी से निवेदन करती हूं कि आने वाले मंगलवार को इस महाआरती में अवश्य पधारे और अपने जीवन को इस दिव्य अनुभव से समृद्ध हो वही बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन कुमार साहू के आह्वान पर मंगल महाआरती का कार्यक्रम बहुत ही उत्साह के साथ चल रहा है।आए दिन मंदिरों में माताएं बहाने राम भक्त हजारों की संख्या में आरती में पहुंच रहे हैं। शताब्दी महेंद्र ने कहा कि अब पूरे भारतवर्ष में मंगल महाआरती का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से किया जा रहा है। इस दौरान अवंतिका महेंद्र ने कहा कि अब प्रत्येक सप्ताह मंगल महाआरती में सभी सनातन धर्म के लोग मंदिरों में उपस्थित हो तथा अनुश्रीय महेंद्र ने कहा कि मंगल महा आरती में शामिल होना बहुत गर्व की बात है ।वही अनुष्का महेंद्र ने कहा कि मंगल महा आरती में हनुमान चालीसा का पाठ करके बहुत ही अच्छा महसूस हुआ।मौके पर हजारों की संख्या में माता बहने तथा राम भक्त शामिल हुए।

## जिला नियोजनालय लोहरदगा परिसर में भर्ती कैंप 08 जुलाई को

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के निदेश पर जिला नियोजनालय लोहरदगा द्वारा भर्ती कैंप का आयोजन 08 जुलाई 2024 को जिला नियोजनालय लोहरदगा परिसर में किया जाएगा। इस कैंप में गाजियाबाद की एसकेआर ग्रुप, अहमदाबाद की मोटेर्सन ऑटोमॉटिव प्राईवेट लिमिटेड, लोहरदगा स्थित बजाज एलियांज लाईफ इंश्योरंस कंपनी और लोहरदगा स्थित कांति ऑटोमोबाईल मिशन कंपनी अपने-अपने रिक्त पदो के लिए कैंप में शामिल होंगी। इसमें 769 पदों के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www. jharniyojan. jharkhand. gov. in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है। उक्त सूचना जिला नियोजन पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायलों को ग्रामीणों ने अस्पताल में कराया भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** भंडरा लोहरदगा मुख्य मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में तीन घायल स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इलाज हेतु भेजा गया सदर अस्पताल एक युवक गम्भीर रूप से घायल रिम्स रेफर विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत के सीठीयो पुल के समीप दो मोटरसाइकिल के टक्कर में तीन लोग घायल हो गया। सभी घायलों को सदर अस्पताल लोहरदगा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इलाज हेतु भेजा गया। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर गस्ती दल घटना स्थल पहुंच सड़क दुर्घटना का जायजा लिया और क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को पुलिस ने लिया कब्जे में लेते हुए थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया। सड़क दुर्घटना में घायलों की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के कुम्बा टोली निवासी रंथू उराँव का 28 वर्षीय पुत्र सूरज उराँव तथा वैमारी निवासी धंने उराँव का पुत्र महेश उराँव और सुखदेव उराँव का 17 वर्षीय पुत्र अमित उराँव के रूप में किया गया है। वही बताया जाता है कि वैमारी से लोहरदगा आने के दौरान सीठीयो पुल के समीप विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल सवार सूरज उराँव को टक्कर मार दिया जिससे दोनो वाहन चालक का बैलेंस खराब हो गया और पक्की सड़क पर जा गिरे जिससे सूरज उराँव के सर में गम्भीर चोटें आई है। फिलहाल प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। जबकि महेश उराँव तथा अमित उराँव को हल्की चोटें आई है। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं घटना की सूचना पर पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हिंसक वाले बयान पर फूटा हिंदू समाज का गुस्सा, किया पुतला दहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में गुरुवार को बजरंग दल के द्वारा पुतला दहन बरवाटोली चौक में किया गया। जिसमें हजारों हिंदू सनातन के धर्म प्रेमियों चौक पहुंचकर राहुल गांधी के खिलाफ नारा बाजी की गई। राहुल गांधी जिस तरह से बोलते हैं कि हिंदू हिंसक है क्या कभी हिंदू को हिंसक होते देखा है कभी पार्लियामेंट में बम फेंकते देखा है। कभी 80 टुकड़ा करके हमारी बहनों को फ्रिज में फेंकते हुए देखा है। और आज राहुल गांधी सांसद मैं खड़ा होकर बोलते हैं कि हिंदू हिंसक है यह आपको शोभा नहीं देता।आप जनता के चुने हुए एक नेता है और इस तरह का अशोभनीय बात आप में शोभा नहीं देता। इसलिए आप पूरे हिंदू समाज से कान पड़कर माफी मांगे। अन्यथा हिंदू समाज अगर आप से नाराज हो गए तो आपको देश से बाहर इटली भेज दिया जाएगा। इसलिए मैं कहता हूं कि आप पूरे हिंदू समाज से माफी मांग कर कान पड़कर अपनी गलती मन और दोबारा ऐसी गलती नहीं करेंगे। यह कह कर संसद में जाएं अन्यथा संसद में ना जाएं। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सतीश पांडे ने कहा कि आज राहुल गांधी सत्ता के नशे में इतने मतवाले हो गए हैं कि क्या बोल रहे हैं क्या नहीं बोल रहे हैं उसको कुछ मालूम ही नहीं। जब से कांग्रेस पार्टी सत्ता में रही है देश का बंटवारा करप्शन जैसे काम कांग्रेस पार्टी करती आ रही है। बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह ने कहा कि राहुल गांधी फिरोज खान का पोता और सोनिया गांधी का बेटा की पता ही नहीं चल रहा है कि कौन सा दाना का कौन सा काम कर रहा है कभी बच्चों का हरकत करता है और कभी बड़ों जैसा हरकत करता है। इसलिए वह कभी हिंदुस्तान का भला सोच ही नहीं सकता। राहुल गांधी सबसे पहले अपने जाति का पता कर ले कि वह है कौन उसके बाद संसद में इस तरह का बयान दे हिंदू के प्रति अन्यथा कभी भी हिंदू उनको देश से बाहर कर सकती है। विश्व हिंदू परिषद के जिला संपर्क प्रमुख चंदन गोयल ने कहा कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं हिंदू हैं हम हिंदू हैं। का नारा लगाते हुए उन्होंने कहा कि आज हिंदुस्तान में हिंदू बहुसंख्यक होने के बावजूद इस तरह का बयान बाजी राहुल गांधी या फिर राहुल खान के द्वारा किया गया बहुत ही निंदनीय विषय है। आज हिंदुस्तान में मुसलमान ईसाई हिंदू सभी कोई मिलकर रहते हैं और गंगा जमुना तहजीब का बात बोलते हैं और यह राहुल गांधी कहता है कि हिंदू हिंसक है। और जिस दिन हिंदु हिंसा हो जाएगा उसे दिन यह लोग देश में रहने लायक नहीं रहेंगे। इस दौरान बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू ने कहा कि अगले बात इस तरीका का बयान बाजी अगर राहुल गांधी के द्वारा दिया जाएगा तो पूरा हिंदुस्तान के हिंदू एकजुट होकर उसे देश से बाहर खदेड़ने का काम हमारे हिंदू समाज के लोग करेंगे क्योंकि यहां जो भी समाज के लोग रहते हैं मिलजुल कर रहते हैं मैं राहुल गांधी से बोलना चाहता हूं कि अब दोबारा ऐसी गलती ना करें यान्यथा देश से बाहर बहुत जल्दी कर दिया जाएगा।

## प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की उपस्थिति पर कैरो बीआरसी भवन मे मासिक गुरुगोष्ठी का हुआ आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 04 जुलाई गुरुवार को प्रखंड संसाधन केंद्र भवन कैरो मे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अरविंदा कुमारी एवं प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के प्रधान शिक्षक की उपस्थिति मे किया गया गुरु गोष्ठी का आयोजन। गुरु गोष्ठी मे मुख्य रुप से प्रयास कार्यक्रम का माह जुन 2024 का मासिक प्रतिवेदन, ईवीवी मे शिक्षक छात्र की उपस्थिति, एमडीएम, ईविद्यावाहिनी मे छात्रो की विवरणी का आद्यतनीकरण, उपस्थिति छात्र और शिक्षक, प्रोजेक्ट रेल, प्रोजेक्ट इमपैक्ट का विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन, एमडीएम मासिक उपयोगिता माह जुन का जमा करने, कूकस का आयुष्मान कार्ड से संबंधित प्रतिवेदन, एनीमिया से सम्वंधीत मासिक प्रतिवेदन, 30 जुन 2024 के कुल नामांकन विहित प्रपत्र में, शत प्रतिशत पारगमन प्रतिवेदन, पोषण वाटिका, वृक्षारोपण प्रतिवेदन इत्यादि विषयों पर चर्चा करते हुए बीईईओ ने सभी प्रधान शिक्षको, विद्यालय के प्रभारी से शीघ्र उपरोक्त प्रतिवेदन की प्रति के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा है। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओम प्रकाश रंजन, डा0 अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री, कैरो मध्य विद्यालय के अम्रेन्द्र कुमार, सढ़ावे से ताजमौहम्मद, गाराडीह से देवनन्दन नायक, हरिनन्दन उराँव, केवल निरल लकड़ा इत्यादि प्रभारी प्रधानाचार्य व विद्यालय के प्रभारी मासिक गुरु गोष्ठी मे उपस्थित थे।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हें वापस भेजना हाई कोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य : मनीर उराव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी पर रोक लगाने की मांग पर दाखिल जनहित याचिका पर अदालत के द्वारा सरकार से एवं उन्हें चिन्हित कर वापस भेजने का निर्देश पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि यह निर्णय स्वागत योग्य है। जस्टिस एस एन प्रसाद एवं जस्टिस एके राय के खंडपीठ ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए संथाल प्रमंडल के सभी जिले की उपायुक्त को कार्ययोजना बनाने को कहा गया है। इस निर्देश और जनहित याचिका के माध्यम से बहुत सारी घुसपैठिया संख्या बढ़ी है और प्रदेश के लिए वर्तमान और भविष्य के कितना घातक है। कोर्ट ने यह भी बताया कि किस प्रकार से हमारी जमीनों पर जा रहे हैं तमाम सुविधाएं उठा रहे हैं और ऐसे लोगों को चिन्हित करना बहुत आवश्यक है। इसी क्रम में हमारा लोहरदगा जिला भी अछूता नहीं है लगातार बांग्लादेशी घुसपैठिए लोहरदगा जिले में कुछ लोगों के संरक्षण में अपना आश्रय ले रहे हैं और सरकार की सारी सुविधाएं उन्हें मुहैया कराया जा रहा है। इस निर्णय को देखते हुए संथाल के साथ साथ हमारे क्षेत्र लोहरदगा जिले के उपायुक्त एवं राज्य के सचिव महोदय को सजग होने की जरूरत है और अविलंब इसी क्रम में अभियान शुरू करनी चाहिए नहीं तो आने वाले दिनों में हमारा यह जनजातीय क्षेत्र बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है भविष्य में भी पूर्ण रूप से बहुत ज्यादा प्रभावित होने की संभावना है।हमारे आदिवासी समाज के लोग बहुत ही भोले भाले होते हैं। जो उन्हें अक्सर अपने झांसे में लेकर उनकी संस्कृति,जमीन एवं परिवार को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लोहरदगा में बांग्लादेशी घुसपैठिए की संख्या बढ़ने के कारण जिला में लगातार सामुदायिक संघर्ष बढ़ा है त्योहारों में खलल भी पहुंची है। कोई भी घुसपैठियों किसी भी देश के लिए अच्छा साबित नहीं हो सकता क्योंकि उनका लक्ष्य केवल अपने आप को स्थापित करना होता है। और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वह किसी भी धर्म समुदाय के हितकर नहीं हो सकते उनकी संख्या बढ़ाने के बाद वह आसपास रहने वाले व्यक्ति को सबसे पहले नुकसान पहुंचाते हैं। उसका ज्वलंत उदाहरण बंगाल में कई घटनाएं हैं जहां पर अपने ही समुदाय के लोगों को जो भारत के हैं उनको उन्होंने नुकसान पहुंचाया है इसलिए आज वैसे लोग या राजनीतिक दल वोट बैंक के लिए जो संरक्षण दे रहे है विशेष कर हमारे लोहरदगा में उन पर भी ठोस कार्रवाई करनी होगी। भारतीय जनता पार्टी शुरू से बांग्लादेश की घुसपैठियों के खिलाफ है और आगे भी इसी प्रकार से संघर्ष करती रहेगी।

## डिजिटल पंचायत परियोजना से जुड़े सीएससी संचालकों को मिला प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सदर प्रखंड सभागार में डिजिटल पंचायत परियोजना अंतर्गत कार्यरत सीएससी संचालकों के ऑनलाइन उन्मुखीकरण हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्री दयानंद कार्गी के द्वारा किया गया। पंचायत स्तर पर आम जनों को सभी प्रकार की सरकारी सेवा प्रदान कराने एवं उनका निष्पादन पंचायत स्तर पर ही करने हेतु डिजिटल पंचायत परियोजना अंतर्गत प्रशिक्षण का विशेष आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिजिटल पंचायत परियोजना से जुड़े सीएससी संचालकों को सीएसी द्वारा नामित मास्टर ट्रेनर अंजर अहमद, जिला प्रबंधक विजय कुमार सिन्हा,एवं डीपीएम पंचायती राज शेफर्ड तिर्की द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। स्टेट टीम से आए मास्टर ट्रेनर द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को पंचायत अंतर्गत मनरेगा की गतिविधियों एवं उसके पोर्टल पर एंट्री की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई साथ ही पंचायत विकास सूचकांक के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम से संबंधित रूपरेखा एवं उसमें पंचायती राज से जुड़े सीएससी संचालकों की भूमिका से उन्हें अवगत कराया गया एवं ई ग्राम स्वराज पोर्टल परऑनलाइन प्रविष्टि के विभिन्न चरणों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डीआरडीए के एपीओ अमरेंद्र कुमार के द्वारा मनरेगा संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सीएससी के जिला प्रबंधक विजय कुमार सिन्हा के द्वारा गवर्नमेंट टू सिटीजन सेवाओं एवं अन्य सेवाओं का ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें पैन कार्ड की सेवा,बिजली एवं अन्य यूटिलिटी बिल भुगतान, डाक मित्र पोर्टल, एमएसएमई उद्यम रजिस्ट्रेशन, ई स्टैंप सेवा, आइटीआर फाइलिंग, इलेक्शन कमीशन सेवा, जीवन प्रमाण पत्र, पासपोर्ट सेवा एवं गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस से संबंधित विविध सेवाओं का ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मौके पर सभी पंचायत शिफ्टेड प्रज्ञा केंद्र संचालक, एवं सभी प्रखंडों के प्रखंड समन्वयक उपस्थित थे अंत में जिला पंचायती राज पदाधिकारी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का समापन किया गया।

## चलते चलते एक नजर

### जिला परिषद समिति का हुआ गठन, अध्यक्ष बेरेनिका व सचिव परमेश्वर भगत बने

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला परिषद की सदस्यों की एक अहम बैठक 4 जुलाई 2024 को ऑक्सीजन पार्क में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया के जिला परिषद सदस्यों की एक समिति होना चाहिए। इसके बाद जिला परिषद समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बेरेनिका कच्छप, उपाध्यक्ष पूनम देवी, रीता होरो, कमिश्नर मुंडा, सचिव परमेश्वर भगत, सह सचिव हिंदीया टोप्पो, और कोषाध्यक्ष रीना देवी को बनाया गया। इसके अलावा जितने भी जिला परिषद सदस्य है उनको इस समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया। साथ ही जिला परिषद समिति के मुख्य संरक्षक के रूप मे मनोज कुमार वाजपाई, संरक्षक दिलीप सेठ को बनाया गया। साथ ही सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया के हक और अधिकार की लड़ाई के लिए हम सब एकजुट होकर 15 तारीख से मुख्यमंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री, ग्रामीण सचिव, राज्य सचिव सारे लोगों से मिलकर अपने समस्याओं से अवगत कराएंगे।

### खिलाड़ियों ने संयुक्त निदेशक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के एकलव्य तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र होटवार के खिलाड़ीयों ने अपनी समस्याओं को लेकर खेल निदेशालय में जाकर वहां उन्होंने साझा के संयुक्त निदेशक राज किशोर खाखा से मुलाकात की और आवेदन दिये। सभी खिलाड़ियों ने एक सुर में कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उन्हें आधुनिक इक्विपमेंट नहीं मिले हैं, एक्सीलेंस सेंटर के लगभग सभी खिलाड़ी मेडलिस्ट हैं।उन्होंने कहा, अब खेल में हमें अपना भविष्य नहीं दिख रहा है, क्योंकि हमारे पास पुराने इक्विपमेंट हैं और वह भी टूट चुके हैं। लगभग 2 साल से हमें इक्विपमेंट नहीं दिये गये है, टीए डीए की बात तो छोड़ ही दीजिए। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें इक्विपमेंट नहीं मिले तो वो सेंटर छोड़कर चले जायेंगे। बता दें इस सेंटर में लगभग 45 खिलाड़ी हैं, जो राज्य के विभिन्न जिलों से आये हैं।

### हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत आजसू ने विभिन्न प्रखंड कार्यालयों में सौंपा ज्ञापन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम आठवें दिन गुरुवार को भी जारी रहा। हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राज्य के विभिन्न प्रखंडों में संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। आजसू कार्यकर्ताओं ने कहा कि राज्य का विकास करने, नीति बनाने और नियोजन देने का वादा कर सत्ता में आई राज्य सरकार ने अपने सभी वादों को भुला दिया है। राज्य का विकास तो दूर इन्होंने राज्य को और पीछे धकेल दिया है। आज जनता के दुःख, दर्द और उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। प्रखंड कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है। आम लोगों का भरोसा आज सरकारी तंत्र से उठ गया है। जनता की समस्याओं के प्रति सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए आजसू पार्टी हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन कर रही है।

# झारखंड सरकार के कार्यों का दिख रहा है असर : मंत्री मिथिलेश

**गढ़वा मध्य के जिपस प्रतिनिधि मिथिलेश पासवान भाजपा छोड़ झामुमो में शामिल**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा मध्य के जिला परिषद सदस्य सुमन देवी के प्रतिनिधि (पति) मिथिलेश पासवान ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। गुरूवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के रांची स्थित आवास पर उन्होंने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर उन्हें झामुमो में शामिल किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार के कार्यों का असर पूरे राज्य में जन-जन पर है। सरकार के कार्यो से प्रभावित होकर काफी संख्या में लोग भाजपा सहित अन्य दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार झारखंडियों के हित में बेहतर कार्य कर रही है। आज पूरे राज्य में सरकार का कार्य दिख रहा है। उन्होंने कहा कि मिथिलेश पासवान के शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी। श्री पासवान क्षेत्र



में जनहित के कार्यो से बेहतर तरीके से अंजाम देंगे। झामुमो में शामिल होने के बाद मिथिलेश पासवान ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद से लगातार चौतरफा विकास हो रहा है। जबकि मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नेतृत्व में पिछले साढ़े चार वर्षो में काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद गढ़वा का पूरी तरह से कायाकल्प हो गया है। मंत्री ने जिस रफ्तार से गढ़वा का चौतरफा विकास किया है, इनकी जितनी भी तारीफ की जाय वह कम है। मंत्री श्री ठाकुर के विकास कार्यो से प्रभावित होकर वे झामुमो में शामिल हुए हैं। मंत्री ने अपने साढ़े चार वर्षो के कार्यकाल में गढ़वा में ऐतिहासिक विकास कार्य किया है। पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने विकास के नाम पर गढ़वा को सिर्फ छलने का काम किया है। जबकि मंत्री श्री ठाकुर गढ़वा वासियों से किये वादे को पूरे कर रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि चंदन पासवान, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, रामचंद्र पासवान, मुखिया पति सोनल पासवान, संजय पासवान, अनुप कुमार, विनोद पासवान, महेंद्र पासवान, कौशल कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### झारखंड राज्य जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप 26-27 जुलाई को

**रांची :** झारखंड स्वीमिंग एसोसिएशन के द्वारा 14वीं झारखंड राज्य जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप 2024 का आयोजन रांची में किया जाएगा। रांची जिला तैराकी संघ की देख रेख में 26-27 जुलाई को इसका आयोजन वीर बुधू भगत एक्वेटिक स्टेडियम, खेलगांव में होना है। रांची जिला तैराकी संघ के महासचिव उपेंद्र कुमार तिवारी के मुताबिक इस चैंपियनशिप के लिए रांची जिला की टीम तैयार की जाएगी।सात जुलाई को सुबह 8:30 बजे से खेलगांव के एक्वेटिक स्टेडियम में इसका ट्रायल होगा। समूह 1-2 में ऐसे कैंडिडेट भाग लेंगे जिनका जन्म वर्ष 2007 से 2012 के बीच का हो।

## रायपुर : मुख्यमंत्री साय ने निर्माणी श्रमिकों के मेधावी बच्चों को दी 26 लाख की प्रोत्साहन राशि



एजेंसी

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णु देव ने आज गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम से पूर्व पंजीकृत निर्माणी श्रमिकों के मेधावी बच्चों को नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत 26 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने के साथ ही उन्हें उच्च शिक्षा के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन मौजूद थे। मुख्यमंत्री साय ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 में स्थान अर्जित करने वाले पंजीकृत श्रमिकों के 13 मेधावी बच्चों को नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मेधावी बच्चों को प्रदान किए गए दो-दो लाख रुपये की राशि में एक लाख रुपये प्रोत्साहन स्वरूप और एक लाख रुपये स्कूटी खरीदने के लिए दिए गए। उल्लेखनीय है कि योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को, जो कक्षा 10वीं एवं 12वीं में शिक्षा सत्र 2023-24 में अध्ययनरत तथा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2023-24 में टॉप-10 सूची में है, उन्हें इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया है।

## आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** राज्यव्यापी आंदोलन के नौवे दिन आजसू पार्टी द्वारा गढ़वा जिले के नगर ऊंटारी, रमना एवं बिशनपुरा प्रखंड कार्यालय में प्रखंड समिति के द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर ऊंटारी प्रखंड कार्यालय पर कार्यक्रम की अध्यक्षता बिट्टू जायसवाल ने किया जबकि संचालन रोहित मेहता ने किया। रमुना प्रखंड कार्यालय में कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय पासवान एवं संचालन विजय कुमार ने किया। जबकि विशुनपुरा प्रखंड में कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू प्रसाद, पंकज पासवान ने किया। उक्त तीनों प्रखंड के हल्ला बोल कार्यक्रम में पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, पार्टी के केंद्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा, केंद्रीय सचिव चंपा देवी, केंद्रीय सचिव जयराम पासवान बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम को




संबोधित करते हुए दीपक शर्मा ने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार में कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है।

जिला कार्यालय एवं प्रखंड कार्यालय में पदाधिकारी बेलगाम हो गए हैं। पार्टी के केंद्रीय सचिव जयराम पासवान ने कहा कि पदाधिकारी और कर्मचारी कार्यालय में समय पर कोई नहीं आते हैं। केंद्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा ने कहा कि झामुमो की सरकार में राज्य काफी पीछे चला गया है। बिशनपुरा प्रखंड प्रभारी चंपा देवी ने कहा कि बरसात का मौसम आ गया है लेकिन अभी तक किसानों को बीज उपलब्ध नहीं हो रहा है। इस अवसर पर अभिषेक जायसवाल, बबलू कुमार, अजय राम, विकास कुमार, उमेश कुमार रजक, प्रभु ठाकुर, चिंता देवी, सविता देवी, देवी संध्या देवी, देवंती देवी, सविता देवी, आनंद देव ठाकुर, राजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, गोरख सिंह, जोगनी देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## राज्य सरकार को हर जिला और ब्लाक में एक कृषि अभियंता की नियुक्ति करनी चाहिए : श्याम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उपनिदेशक डॉ श्याम नारायण झा ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में कृषि अभियांत्रिकी का अधिकाधिक प्रयोग पर बल देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कृषि एक राज्य सूचि में आने वाली विषय है। इसीलिए झारखंड सरकार को हर जिला और ब्लाक में एक कृषि अभियंता की नियुक्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। झा ने कहा कि हाल ही में झारखंड सरकार ने 29-30 कृषि अभियंता की नियुक्ति की थी, जो सराहनीय है लेकिन और भी कृषि अभियंताओं की नियुक्ति क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने में बहुत मददगार साबित होगी। इसके साथ झारखंड सरकार को इन अभियंताओं की निगरानी तथा मार्गदर्शन के लिए एक कृषि अभियांत्रिकी निदेशालय की जल्द से जल्द गठन करना चाहिए। झा गुरुवार को नामकुम स्थित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण



संस्थान का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। झा ने कहा कि तीन राज्य जैसे कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडू ने कृषि अभियांत्रिकी निदेशालयों की गठन की, जिससे उन क्षेत्रों के किसानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि अभियंता के मदद से ज्यादा से ज्यादा कृषि में पंत्रीकरण में बढ़ावा मिलेगा, जिससे किसानों की आय बढ़ने में बहुत मदद मिलेगी। इससे पैदावार में 20-22 प्रतिशत की बढ़ोतरी, खर-पतवार में 35-40 प्रतिशत की कमी, श्रमिकों की मजदूरी में कमी और सुक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा मिलेगा। इससे भूमिगत जल के स्टार में भी सुधार आएगा। झा ने कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य है कि ब्राजील जेसे देशों के ही जैसे भारत में भी कृषि यंत्रीकरण 75 प्रतिशत तक बढ़ना चाहिए। अंत में उन्होंने भारत सरकार के छोटे-छोटे रोबोट बनाने या उन्हें कृषि में उपयोग करने के अपने निरंतर प्रयास पर भी चर्चा किया। इससे पहले उपनिदेशक ने नामकुम स्थित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान का दौरा किया। इस दौरान उपनिदेशक ने पूरे संस्थान का परिभ्रमण किया और उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं की जानकारी ली। साथ ही संस्थान के सभी सदस्यों के साथ एक बैठक की। इस क्रम में उन्होंने सभी वैज्ञानिकों के शोध से सम्बंधित कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने आह्वान किया कि संस्थान की प्रगति में सभी सदस्यों का सहयोग आवश्यक है। सभी सदस्यों को उन्हें अपने आवंटित कार्यो को निष्ठापूर्वक सम्पादित करना चाहिए।

### शिबू सोरेन परिवार से हैं तो वेकैंसी क्रिएट कर नियुक्ति दी जाती है बाबूलाल मरांडी

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन के शपथ लेने पर उन्हें बधाई दी। साथ ही कहा कि लोकतंत्र में जनादेश सेवा के लिए मिलता है लेकिन आज हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि इंडी एलायंस 2019 विधानसभा चुनाव में मिले जनादेश का उपयोग केवल शिबू सोरेन परिवार की जागीर को बचाने के लिए किया जा रहा। मरांडी ने कहा कि शिबू सोरेन परिवार की डिक्शनरी में आदिवासी का मतलब केवल उनका परिवार होता है। बाकी आदिवासी परिवारों को ये अपना पिछलग्गू बनाकर ही रखना चाहते हैं। सुख-दुख के सहभागी बने लेकिन आज उन्हें अहसास कराया गया कि वे भले पुराने आंदोलनकारी हैं, योग्य हैं, कर्मठ हैं लेकिन आपको नेतृत्व करने की छूट नहीं, केवल निर्देश के पालन का अधिकार है। मरांडी ने कहा कि शिबू सोरेन का बेटा तीन महीने भी बिना पद का नहीं रह सका।

## सीएम बनने के बाद पहली बार पीएम से मिले चंद्रबाबू नायडू

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने प्रधानमंत्री मोदी से दिल्ली में मुलाकात की. बतौर सीएम चंद्रबाबू नायडू की ये दिल्ली में हुई पहली मुलाकात है. दोनों की मुलाकात करीब 45 मिनट तक चली.जानकारी के मुताबिक चंद्रबाबू नायडू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आंध्र प्रदेश के विकास से संबंधित तमाम एजेंडों पर बात की.चंद्रबाबू ने पीएम से प्रदेश की राजधानी अमरावती के विकास और लंबित पड़े कामों में तेजी लाने, राज्य की सिंचाई परियोजनाओं के लिए डैम, ओवरऑल राज्य की माली हालत पर चर्चा की और केंद्र सरकार से अपेक्षित सहायता के मुद्दे पर चर्चा की. प्रधानमंत्री से मुलाकात से पहले नायडू ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और



उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से भी मुलाकात की. चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल से भी मुलाकात की.

अपने दो दिवसीय दिल्ली यात्रा के दौरान चंद्रबाबू नायडू शुक्रवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह समेत कुल करीब 10 केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे. बता दें कि आंध्र प्रदेश के विधानसभा चुनाव में टीडीपी ने शानदार जीत हासिल की थी. 175 सीटों में से टीडीपी ने 135 सीटों पर जीत हासिल की. वहीं, पवन कल्याण की पार्टी जेएनपी को 21 सीटें मिली थीं. इसके अलावा याईसीआरसी को 11 और बीजेपी के खाते में 8 सीटें गई थीं. प्रदेश में बीजेपी, जेएनपी और बीजेपी की गठबंधन वाली सरकार है.

## एससीओ की बैठक में पीएम मोदी ने उठाया आतंकवाद और संप्रभुता के सम्मान का मुद्दा



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, गैर-भेदभावपूर्ण व्यापार नीतियों जैसे मुद्दों को उठाया और वैश्विक स्तर पर संघर्षों का साझा समाधान तलाशने की अपील की।उल्लेखनीय है कि मध्य एशिया के देश तथा चीन, रूस और पाकिस्तान भी संगठन का हिस्सा हैं।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अस्ताना, कजाकिस्तान में हैं। यहां शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री ने प्रधानमंत्री का वक्तव्य पढ़ा। इसमें प्रधानमंत्री ने कहा कि एससीओ एक सिद्धांत-आधारित संगठन है, जिसकी सर्वसम्मति इसके सदस्य देशों के दृष्टिकोण को संचालित करती है। हम देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों के विपरीत कोई भी कदम नहीं उठाने पर भी सहमत हुए हैं।कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान आवश्यक है। इसी तरह गैर-भेदभावपूर्ण व्यापार अधिकार और पारगमन व्यवस्थाएं भी हैं। एससीओ को इन पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद से मुकाबला करना एससीओ के मूल लक्ष्यों में से एक है। अगर इस समस्या को यूं ही छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। आतंकवाद को किसी भी तरह से सही नहीं ठहराया जा सकता।

### कांग्रेस नेता आलोक दूबे सहित अन्य नेताओं ने झारखंड प्रभारी से की मुलाकात

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे सहित अन्य पार्टी नेताओं ने गुरुवार को कांग्रेस के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात की। मुलाकात करने वाले नेताओं में लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, रमेश उरांव और फिरोज रिजवी सहित अन्य शामिल थे। सभी ने संगठन के कार्यों में भूमिका सुनिश्चित करने के लिए मीर से मार्गदर्शन प्राप्त किया। मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि झारखंड संभावनाओं का प्रदेश है। नेताओं ने कहा कि गुलाम अहमद मीर के नेतृत्व में झारखंड में पार्टी काफी मजबूती से आगे बढ़ रही है। हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार जनता की आशाओं एवं आकांक्षाओं के अनुरूप काम करती रही है। ईडी के द्वारा उन्हें गलत तरीके से जेल में बंद करने का पूरी तरह से जनता के सामने सच्चाई आ चुकी है। विधानसभा चुनाव में भाजपा को उसका माकूल जवाब मिलेगा।

## बीजेपी से नाराजगी के बीच किरोड़ीलाल मीणा ने राजस्थान के मंत्री पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान सरकार में कृषि और ग्रामीण मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है. किरोड़ीलाल मीणा ने करीब 10 दिन पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को इस्तीफा सौंपा है अब उसका सार्वजनिक रूप से ऐलान किया है.दरअसल कांग्रेसी नेता लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं. क्योंकि चुनाव के समय किरोड़ीलाल मीणा ने कहा था कि अगर पूर्वी राजस्थान की 7 सीटों में से बीजेपी एक भी हारती है तो वह इस्तीफा दे देंगे. दौसा सीट पर भी बीजेपी हार गई थी. इन सात सीटों में से बीजेपी 4 सीटें हार गई जिनमें दौसा, करौली-धौलपुर, टोंक-सवाई माधोपुर और भरतपुर सीट शामिल है.हालांकि मीणा ग्रामीण विकास मंत्रालय से पंचायती राज और कृषि मंत्रालय से कृषि विपणन काटकर मंत्री बनाए जाने से पहले दिन से



ख़फ़ा थे. इससे पहले डाक्टर किरोड़ी लाल मीणा अपने भाई जगमोहन मीणा को दौसा लोकसभा सीट से टिकट दिलवाना चाह रहे थे मगर पार्टी ने कन्हैयालाल मीणा को टिकट दे दिया. किरोड़ी लाल मीणा सवाईमाधोपुर सीट से विधायक हैं वहां भी बीजेपी बुरी तरह हारी थी.किरोड़ी लाल मीणा की वजह से कांग्रेस का परंपरागत मीणा आदिवासी वोट कांग्रेस से हटकर विधानसभा चुनाव में बीजेपी की तरफ़ आया था मगर किरोड़ी की अनदेखी के बाद लोकसभा में मीणाओं ने वापस कांग्रेस का साथ दिया. पूर्वी राजस्थान में डाक्टर किरोड़ी लाल मीणा का दबदबा है जहां पर दौसा और देवली -उनियारा सीट पर विधानसभा उपचुनाव होने हैं. मीणा ने तीन दिन पहले हीं इस्तीफ़ा दे दिया था जिसके बाद केंद्रीय नेतृत्व ने इन्हें दिल्ली बुलाया था मगर कहा जा रहा है कि सरकार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से किरोड़ी लाल मीणा के मतभेद काफ़ी बढ़ गए थे. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में कृषि मंत्रालय का जवाब देने के लिए दूसरे मंत्री सुमीत गोदारा को जिम्मा सौंप दिया था.इससे पहले जब किरोड़ीलाल मीणा के कैबिनेट बैठक में शामिल नहीं होने को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया. इसी नाते मैं कैबिनेट की बैठक में शामिल नहीं हुआ.